WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

बिलासपुर, गुरुवार, 10 जुलाई 2025 शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 91 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

लालू के छोटे लाल तेजस्वी को अलबर्ट पिन्टो की तरह गुस्सा आने लगा है। इस बार उन्होंने मीडिया पर जमकर अपनी भडास निकाली है। उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा है कि देश को बर्बाद करने में सबसे बड़ी भूमिका मीडिया की है जो बिका हुआ है। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा है कि किसी गांव में अखबार न जाने दे ताकि कोई अखबार न पढ़ सके। इसे ही कहते हैं अपना चेहरा बदसूरत हो तो आईने पर इल्जाम लगाना। खुदा न खास्ता ये सत्ता में आ गये तो ये बिहार में मीडिया पर ही प्रतिबंध लगा देंगे।

छत्तीसगढ़ में बौद्ध परंपरा की जड़ें अत्यंत गहरी: सीएम साय

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मैनपाट में भगवान बुद्ध की प्रतिमा का किया अनावरण
- मुख्यमंत्री ने की 30 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा, सीसी रोड और मंदिर शेड निर्माण को दी मंजूरी

बुद्ध प्रतिमा की स्थापना से मैनपाट बनेगा शांति और समावेशी संस्कृति की नई पहचान

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ में बौद्ध परंपरा की जड़ें अत्यंत गहरी हैं और भगवान बुद्ध के प्रेम, शांति एवं करुणा के संदेश को आत्मसात करते हुए राज्य सरकार विकास के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज सरगुजा जिले के मैनपाट स्थित होटल ग्राउंड परिसर में नवस्थापित भगवान बुद्ध की भव्य प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने अपने संबोधन में इस पावन अवसर पर आमंत्रण के लिए तिब्बती समुदाय के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कई ऐसे स्थल हैं, जहां भगवान बुद्ध की उपासना की जाती है। सिरपुर में बौद्ध, जैन और सनातन परंपराएं एक साथ देखने को मिलती हैं, जो राज्य की समावेशी संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण है।

मुख्यमंत्री साय ने दलाई लामा जी के 90वें जन्मदिवस का स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन भगवान बुद्ध की करुणा, प्रेम और शांति के सिद्धांतों का सजीव प्रतीक है। आज की दुनिया के लिए उनका संदेश नई आशा और सकारात्मकता का स्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सहित विश्व भर के नेताओं ने दलाई लामा जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं, जो यह दर्शाता है कि भगवान बुद्ध के विचारों का वैश्विक जीवन पर कितना गहरा प्रभाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैनपाट प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता से भरपूर स्थल है, जो पर्यटकों को □ शेष पृष्ठ 6 पर

फ्रांस और रूस के बीच खुफिया सेवा संपर्क कभी नहीं टूटा: लर्नर

पेरिस (वार्ता)। फ्रांस के विदेश सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएसई) के प्रमुख निकोलस लर्नर ने कहा है कि यूक्रेन संघर्ष के बावजूद उन्होंने रूसी विदेश खुफिया सेवा (एसवीआर) के साथ संपर्क नहीं तोड़ा और दोनों देशों के बीच संबंध बने हुए हैं। लर्नर ने मंगलवार को एलसीआई प्रसारक को बताया 'जब राजनयिक चैनल बंद थे तब मुझे कई मौकों पर (एसवीआर निदेशक) सर्गेई नारिश्किन से बात करने का अवसर मिला। मैंन हाल ही में श्री नारिश्किन से बात की।0फ्रांस के खुफिया प्रमुख ने स्पष्ट किया कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉं के अनुरोध पर रूस के साथ संचार संपर्क बनाकर रखा गया है।

ट्रम्प प्रशासन को छंटनी शुरू करने की मिली अनुमति

न्यूयॉर्क (वार्ता)। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प प्रशासन को बड़े पैमाने पर सरकारी कर्मचारियों की छंटनी करने और कई संघीय एजेंसियों के आकार को छोटा करने की योजनाओं को फिर से शुरू करने की इजाजत दे दी है। न्यायालय के इस फैसले से हज़ारों लोगों को नौकरी गंवानी पड़ सकती है। आलोचकों ने चेतावनी दी है कि इससे महत्वपूर्ण सरकारी सेवाओं के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है।

तांबे पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगायेंगे ट्रम्प

न्यूयॉक (वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि देश में आयातित सभी तांबे पर 50 प्रतिशत का नया आयात शुल्क (टैरिफ) लगाया जाएगा। ट्रंप ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में कहा, मेरा मानना है कि तांबे पर टैरिफ को हम 50 प्रतिशत कर देंगे। उन्होंने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह नया आयात शुल्क कब से लागू होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि वह दवाओं, सेमीकंडक्टरों और धातुओं सहित चुनिंदा उद्योगों पर आयात शुल्क लगाने की योजना बना रहे हैं।

ट्रेन यूनियनों के भारत बंद का दिख रहा है मिलाजुला असर

नयी दिल्ली (वार्ता) । केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ 10 विपक्षी ट्रेड यूनियनों के भारत बंद का मिलाजुला असर देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां पश्चिम बंगाल और केरल जैसे विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में इस बंद का ज्यादा असर देखने को मिल रहा। वहीं भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों में बंद का कोई खास असर नहीं दिख रहा है। बंद में बैंक, बीमा, डाक, कोयला खदान, राजमार्ग और बुनियादी अवसंचना जैसे क्षेत्रों के लगभग 25 करोड़ कर्मचारी इसमें शामिल हैं। कोलकाता में वामपंथी दलों के यूनियन ने जादवपुर में पैदल मार्च निकालकर भारत बंद में भाग लिया। ट्रेड यूनियनों का आरोप है कि केंद्र सरकार ऐसे आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ा रही है जो श्रमिकों के अधिकारों को कमजोर करते हैं। ट्रेड यूनियों के अनुसार सरकारी विभाग में युवाओं को नौकरी देने के बजाय सेवानिवृत्त लोगों को रखा जा रहा है। उन्होंने रेलवे, नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एमडीएमसी) लिमिटेड, स्टील सेक्टर और शिक्षा सेवाओं के उदाहरण दिए हैं। ट्रेड यूनियनों कहना है कि देश में 65 प्रतिशत आबादी 35 साल से कम उम्र की है और 20 से 25 साल के युवा सबसे ज्यादा बेरोजगार हैं।

गुजरात पुल हादसे में 9 की मौत

सीएम पटेल ने किया मुआवजे का ऐलान

गांधीनगर (आईएएनएस)। गुजरात के वडोदरा जिले के पादरा तालुका में पुल के ढहने से अब तक 9 लोगों की मौत हो गई है। इस घटना पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने दुख जताया और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की।

गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आणंद और वडोदरा को जोडऩे वाले गंभीरा पुल के 23 गर्डरों में से एक गर्डर के टूटने से हुई दुर्घटना दुखद है। मैं इस दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। वडोदरा कलेक्टर से बात कर घायलों के तत्काल इलाज के लिए प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम पटेल ने बयान में कहा, स्थानीय नगरपालिका और वडोदरा नगर निगम की अग्निशमन टीम नावों और तैराकों के साथ दुर्घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्यों में जुटी हुई है। साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव अभियान में जुटी हुई है। सड़क निर्माण विभाग को इस दुर्घटना की तत्काल जांच के आदेश दिए गए हैं। चीफ इंजीनियर (डिजाइन), चीफ इंजीनियर (दक्षिण गुजरात), और पुल निर्माण में विशेषज्ञ दो निजी इंजीनियरों की एक टीम को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर पुल के टूटने के कारणों और अन्य तकनीकी पहलुओं की प्रारंभिक जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

पीएम मोदी ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को मिलेगा मुआवजा

वडोदरा में पुल गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई और अन्य 9 लोग घायल हो गए हैं। इस घटना पर पीएम मोदी ने शोक व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। इस दुखद घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस हादसे में जान गंवाने वालों की मौत अत्यंत दुखद है और मैं उन सभी परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को इस हादसे में खोया है। प्रधानमंत्री ने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुश्किल समय में प्रभावित लोगों के साथ है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा इस हादसे में घायल हुए लोगों को 50,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। बता दें, यह दुर्घटना बुधवार की सुबह लगभग 7 से 7:30 बजे के बीच हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुल के ढहने से तीन □ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार पीड़ितों के साथ : गुजरात के मुख्यमंत्री ने मुआवजे का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा, आणंद और वडोदरा को जोडऩे वाले गंभीरा पुल का एक हिस्सा ढहने से हुई दुर्घटना अत्यंत दुखद है। राज्य सरकार इस दुर्घटना से प्रभावित प्रत्येक परिवार के साथ पूरी संवेदना के साथ खड़ी है। राज्य सरकार दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को 4 लाख रुपए की सहायता प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, दुर्घटना में घायल प्रत्येक व्यक्ति को 50 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी और इलाज की सभी व्यवस्थाएं भी राज्य सरकार द्वारा की जाएंगी। □ शेष पृष्ठ 6 पर

ब्राजील ने पीएम मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ब्राजील में सर्वोच्च सम्मान मिलने पर देश के नेताओं ने खुशी जताई। इसी कड़ी में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट किया। सीएम रेखा गुप्ता ने इसे गौरव का क्षण बताया। रेखा गुप्ता ने इस उपलब्धि को साझा करते हुए एक्स पोस्ट में कहा, यह भारत के लिए गौरव का क्षण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ब्राजील द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलना भारत की विश्व में बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रतीक है।

उन्होंने आगे लिखा, यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रधानमंत्री को प्रदान किया गया 26वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है, जो उनके दूरदर्शी नेतृत्व और भारत की गतिशील कूटनीति की निरंतर वैश्विक मान्यता को दर्शाता है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक्स पोस्ट करते हुए लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस से सम्मानित किया जाना हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में आगे लिखा, यह भारत-ब्राजील साझेदारी को मजबूत करने में प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों और एक सुधरी हुई एवं प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग एमएसएमई मंत्रालय के अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा, ब्राजील का यह सर्वोच्च सम्मान पीएम मोदी का 26वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। अब तक 26। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी □ शेष पृष्ठ 6 पर

चूरू में वायुसेना का फाइटर जेट क्रैश

जयपुर (आईएएनएस)। राजस्थान के चूरू जिले के रतनगढ़ तहसील में बुधवार दोपहर भारतीय वायुसेना का एक जगुआर फाइटर जेट क्रैश हो गया। इस हादसे में सेना के दो पायलट के शहीद होने की आशंका जताई जा रही है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह विमान सूरतगढ़ बेस से उड़ान भरने के बाद भनोदा गांव के पास एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए वायुसेना ने जांच शुरू कर दी है। हादसा दोपहर करीब 1:25 बजे हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने आसमान में तेज धमाके की आवाज सुनी, जिसके बाद आग और धुएं का गुबार दिखाई दिया। विमान का मलबा खेतों में दूर तक बिखर गया। पुलिस और प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर □ शेष पृष्ठ 6 पर

12 माओवादियों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में जताया अपना विश्वास

- लोन वर्राटू अभियान ने 1000 आत्मसमर्पण का आंकड़ा पार कर लिया

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला दन्तेवाड़ा में पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, कमलोचन कश्यप, राकेश चौधरी, गौरव राय, स्मृतिक राजनाला, उदित पुष्कर एवं रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे 'लोन वर्राटू0 (घर वापसी) अभियान के तहत एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की गई है। जून 2020 में प्रारंभ हुए इस अभियान के अंतर्गत अब तक 1005 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ शासन की पुर्नवास नीति के तहत् जिले में आत्मसमर्पित, गिरफ्तार माओवादी एवं मुखबिरों से क्षेत्र में सक्रिय माओवादियों के संबंध में गहन पूछताछ कर नक्सल प्रोफाईल तैयार किया गया। तद्पश्चात थानावार माओवादियों की सूची बनाकर थाना/ कैम्पों एवं ग्राम पंचायतों में संबंधित क्षेत्र के सक्रिय ईनामी माओवादियों के नाम चस्पा कर लोन वर्राटू (घर वापस आईये) अभियान माह जून 2020 से चलाया जा रहा है एवं दन्तेवाड़ा पुलिस के द्वारा माओवादी संगठन में सक्रिय माओवादियों से आत्मसमर्पण कर सम्मानपूर्वक जीवन यापन करने के लिये लगातार आह्वान कर अपील किये जाने पर □ शेष पृष्ठ 6 पर

तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत 13 अगस्त तक बढ़ी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। दिल्ली की अदालत ने बुधवार को 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत को 13 अगस्त तक बढ़ा दिया। यह घटनाक्रम राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा राणा के खिलाफ एक पूरक आरोपपत्र दाखिल करने के बाद सामने आया। इस आरोपपत्र में राणा का गिरफ्तारी ज्ञापन, जब्ती ज्ञापन और कुछ अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी शामिल थे। राणा के खिलाफ पहला आरोपपत्र 2012 में दाखिल किया गया था।

गरमा - गरम

नेशनल डीएमएफ वर्कशॉप... खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास एवं पारदर्शिता के लिए सराहनीय पहल

छग को उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार ने किया सम्मानित

रायपुर /नवप्रदेश। भारत सरकार के खान मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। आज नई दिल्ली स्थित स्कोप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक दिवसीय नेशनल डीएमएफ वर्कशॉप के दौरान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी किशन रेड्डी ने मुख्यमंत्री के सचिव और खनिज सचिव श्री पी. दयानंद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। खान मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना द्वारा नेशनल डीएमएफ पोर्टल में समस्त राज्यों के डीएमएफ से संबंधित डेटाबेस का संधारण किया जा रहा है। डीएमएफ के ऑडिट रिपोर्ट का राज्य डीएमएफ पोर्टल एवं नेशनल डीएमएफ पोर्टल में 90 प्रतिशत डेटाबेस पूर्णतः अपलोड किए जाने पर छत्तीसगढ़ राज्य को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के प्रयासों को मॉडल राज्य के रूप में प्रस्तुत किया गया और अन्य राज्यों को भी डेटा अपलोडिंग, पारदर्शिता और ज़मीनी क्रियान्वयन के अनुकरण की सलाह दी गई। उल्लखेनीय है कि नेशनल डीएमएफ कार्यशाला का आयोजन प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना एवं डीएमएफ की प्रभावशीलता को बढ़ाने और खनन क्षेत्रों में सतत एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से सचिव, संचालक एवं खनन प्रभावित जिलों के कलेक्टर्स शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा डीएमएफ के माध्यम से खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, अधोसंरचना एवं आजीविका जैसे विविध क्षेत्रों में समावेशी विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में अब तक 16,506 करोड़ रुपये की लागत से □ शेष पृष्ठ 6 पर

रिटायरमेंट के बाद वेद-उपनिषद और प्राकृतिक खेती के प्रति समर्पित करूंगा अपना जीवन : अमित शाह

अहमदाबाद (आईएएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर बुधवार को गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान की सहकारिता क्षेत्र से जुड़ीं महिलाओं और अन्य सहकारी कार्यकर्ताओं के साथ 'सहकार-संवाद0 किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में सहकारी क्षेत्र महिलाओं को आत्मनिर्भर करने का मजबूत माध्यम बना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'सहकार-संवाद0 कार्यक्रम में बनासकांठा का जिक्र किया और कहा, जब मैं पैदा हुआ था, तब बनासकांठा के लोगों को सप्ताह में सिर्फ एक बार नहाने के लिए पानी मिल पाता था। मध्य प्रदेश और राजस्थान के लोगों को शायद इसका अंदाजा न हो, लेकिन बनासकांठा और कच्छ गुजरात के सबसे ज्यादा पानी की कमी वाले जिलों में से थे। आज, एक परिवार सिर्फ दूध उत्पादन से सालाना 1 करोड़ कमाता है। यह एक बहुत बड़ा बदलाव है।

त्रिपुरा में बाढ़ से भारी तबाही 100 से ज्यादा परिवार बेघर

● जिला प्रशासन ने जारी की चेतावनी

अगरतला। त्रिपुरा के दक्षिण जिले में अचानक आई बाढ़ के कारण 100 से ज्यादा परिवार बेघर हो गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को जानकारी दी कि लगातार बारिश के चलते निचले इलाकों में पानी भर गया है, जिससे लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं।

प्रशासन के अनुसार बेलोनिया और शांतिरबाजार सबडिवीजन के कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया। अब तक 118 परिवारों के 289 लोग 10 राहत शिविरों में शरण ले चुके हैं। वहीं मुहुरी नदी का जलस्तर खतरे के निशान 15.70 मीटर से ऊपर बह रहा है। बाढ़ के खतरे के मद्देनजर, जिले के सभी स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र आज बंद रहेंगे।

दक्षिण त्रिपुरा के जिलाधिकारी मोहम्मद सज्जाद ने बताया कि लगातार बारिश से निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। हालांकि बारिश की तीव्रता अब थोड़ी कम हुई है, फिर भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। जरूरत पड़ने पर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने की तैयारी कर ली गई है।

स्कूल-आंगनवाड़ी केंद्र सब बंद

राहत और बचाव टीमें अलर्ट मोड पर

वहीं प्रभावित इलाकों में राहत और आपदा प्रबंधन की टीमें तैनात की गई हैं।

दलाई लामा को मिले भारत रत्न

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को भारत रत्न देने की वकालत की है. उन्होंने कहा है कि वे जल्द ही केंद्र सरकार को पत्र लिखकर यह सिफारिश करेंगे. उन्होंने दलाई लामा के योगदान को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भारत के लिए अमूल्य बताया. यह बयान उन्होंने पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में दिया। मुख्यमंत्री खांडू ने कहा कि दलाई लामा ने नालंदा बौद्ध परंपरा को जीवित रखने और उसे वैश्विक मंच पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. उन्होंने कहा कि 8वीं शताब्दी में भारत से गए गुरुओं ने तिब्बत में बौद्ध धर्म का प्रसार किया था, और बाद में दलाई लामा ने उस परंपरा को भारत में फिर से जीवित किया. उनके प्रयासों से दक्षिण भारत में कई बौद्ध संस्थान स्थापित हुए, जिनका लाभ हिमालयी क्षेत्र के भिक्षु आज भी उठा रहे हैं।खांडू ने कहा कि तिब्बत में जब बौद्ध धर्म को खतरा हुआ, तब दलाई लामा भारत आए और अपने साथ तिब्बती बौद्ध परंपराओं को लेकर आए. उन्होंने भारत में प्रमुख बौद्ध संप्रदायों जैसे साक्य, कग्यू और गदेन की परंपराओं को पुनः स्थापित किया. आज भारत के लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक के भिक्षु इन संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करते हैं।

चुनाव आयोग बिहार में हमारे वोटरों की चोरी कर रहा : राहुल गांधी

■ **बिहार की जनता अपना हक छिनने नहीं देगी**

पटना। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर जमकर हमला बोला है। पटना में इंडिया गठबंधन के चक्काजाम में प्रदर्शन करने पहुंचे राहुल गांधी ने अपना संबोधन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार चुनाव को महाराष्ट्र के तरह ही चोरी करने की कोशिश की जा रही है। गरीबों के हक को छीनने की साजिश रची जा रही है। लेकिन हमलोग ऐसा नहीं करने देंगे। हमलोग बिहार की जनता का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे। इंडिया गठबंधन बिहार की जनता के साथ खड़ा है। राहुल गांधी ने और क्या-क्या बातें कहीं आइए जानते हैं...

बिहार की जनता अपना हक छिनने नहीं देगी

राहुल कहा कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन जीतकर आया, जबकि विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन बुरी तरह हार गया। उस समय हम लोगों ने कुछ नहीं कहा, लेकिन इस गंभीर विषय पर काम शुरू किया। हमने जांच की तो पता चला कि लोकसभा से ज्यादा वोटर विधानसभा चुनाव में मतदान किया। आश्चर्यजनक ढंग से एक करोड़ वोट बढ़ गए। एक दिन में चार से पांच हजार वोट रजिस्टर हुए। गरीबों के वोट काटे गए। जब हमने चुनाव आयोग से कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट दीजिए, तब चुनाव आयोग ने एक शब्द नहीं कहा। हमने चुनाव आयोग से कहा कि कानून कहता है कि हमें वोटर लिस्ट दी जाए, लेकिन आज तक महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट हमें नहीं मिली। वे सच्चाई छिपाना चाहते हैं। यही खेल वे बिहार में भी करना चाहते हैं। मैं बिहार की जनता से कहता हूं कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार चुनाव भी चोरी करने की कोशिश की जा रही है। यह गरीबों का वोट छीनने का तरीका है। उन्हें यह मालूम नहीं है कि यह बिहार है। बिहार की जनता अपना हक छिनने नहीं देगी। बिहार की जनता डरने वाली नहीं है।

आयोग पर लगाया बड़ा आरोप

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग के अधिकारी भाजपा और आरएसएस के एजेंट की तरह बात कर रहे हैं। वे अपनी जिम्मेदारी भूल गए हैं। उनका काम संविधान की रक्षा करना है। आप यह मत भूलिए कि कानून आपके ऊपर लागू होगा। कानून आपको नहीं छोड़ने वाला है। आपका काम भारत के संविधान की रक्षा करना है। आपका काम बिहार की जनता के वोट की रक्षा करना है। पहले चुनाव आयुक्त को सभी पार्टियां और चीफ जस्टिस मिलकर चुनते थे, लेकिन अब केवल भाजपा ही चुनाव आयुक्त को चुनती है। यही सच्चाई है। बिहार की जनता से मैं कहना चाहता हूं कि आपका वोट ही नहीं, भविष्य भी चोरी किया जा रहा है। लेकिन, इंडिया गठबंधन आप सबके साथ खड़ा है। हम लोग वोट की चोरी नहीं होने देंगे।

भाजपा ने राहुल गांधी के बिहार दौरे को बताया 'पिकनिक', कांग्रेस का पलटवार

पटना(आईएएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पटना दौरे को लेकर सियासत तेज हो गई है। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी के आरोपों पर निशाना साधा और उनकी तुलना पिकनिक मनाने वालों से की। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि वे बिहार में पिकनिक मनाने आए थे।

बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने राहुल गांधी के दौरे पर सवाल उठाते हुए कहा, ÷राहुल गांधी पिकनिक मनाने आए थे। बिहार की समस्या से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें बिहार के विकास से कोई मतलब नहीं है। राहुल गांधी के नेतृत्व में जब कांग्रेस पार्टी ने 99 सीटें जीती थीं तो उनको लगा कि पूरा देश जीत लिया। मैं इतना ही कहूंगा कि लोकतंत्र है और यहां जनता का आशीर्वाद चाहिए। गांधी परिवार का राजतंत्र खत्म हो गया है और लोकतंत्र में जनता सरकार तय करती है। वहीं, कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर बिहार सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ऐसा कहा जाता है कि जब सड़कें सूनी हो जाती हैं तो संसद आवारा हो जाता है। इसलिए लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए सड़क पर उतरना जरूरी है।

पश्चिम बंगाल में प्रदर्शकारियों ने ट्रेनें रोकीं 20 से अधिक को किया गया गिरफ्तार

कोलकाता(वार्ता)। पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों और उससे संबद्ध ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के दौरान बुधवार को ट्रेनों के परिचालन को बाधित किया गया ,हिंसक घटनाएं हुयीं और 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया।

दस ट्रेड यूनियनों ने केंद्र सरकार पर श्रमिक-विरोधी और किसान-विरोधी नीतियों को लागू करने का आरोप लगाकर भारत बंद का आह्वान किया है, जिसका राज्य में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। बंद के कारण सार्वजनिक परिवहन में भारी व्यवधान हुआ। प्रदर्शनकारियों की कई जगहों पर पुलिस के साथ झड़पें हुयीं और कई जिलों में पुलिस ने 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। वाम मोर्चा समर्थक सुबह से ही बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए, खासकर कोलकाता और दक्षिण बंगाल के जिलों में रेलवे पटरियों को अवरुद्ध कर दिया और बाजारों तथा कार्यालयों को बंद कराने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार राज्य में सरकारी संपत्ति को नष्ट करने और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने के आरोप में अब तक 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि तृणमूल ने बंद का विरोध किया है।

राज्य सरकार ने पहले एक अधिसूचना जारी करके सरकारी कार्यालयों में उपस्थिति अनिवार्य कर दी थी और सभी स्कूलों को खुले रखने का आदेश दिया था। उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया और बैरकपुर, नदिया जिले के कृष्णानगर और जादवपुर सहित कई इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने रेलवे लाइनों को अवरुद्ध किया, जिससे ट्रेनें रुक गईं और व्यस्त कार्यालय समय के दौरान काफी देरी हुई। तारकेश्वर के तालपुर जंक्शन पर भी इसी तरह की गड़बड़ी की खबर मिली, जहाँ वामपंथी कार्यकर्ताओं ने आरामबाग जाने वाली लोकल ट्रेन को रोक दिया। दक्षिण दिनाजपुर के बुनियादपुर में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता मजीदुर रहमान को बंशीहारी थाने के प्रभारी अधिकारी ने धरना प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद तनाव बढ़ गया। बाद में श्री रहमान को हिरासत में ले लिया गया, जिसके कारण अशांति फैल गयी।

कई जगहों पर हिंसक झड़पें

कई जगहों पर हिंसक झड़पें हुयी हैं। दक्षिण कोलकाता के जादवपुर स्थित गंगुलीबागान में स्टूडेंट फेडरेशन ऑफइंडिया के अखिल भारतीय महासचिव सृजन भट्टाचार्य पुलिस के साथ झड़प में कथित तौर पर घायल हो गए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, भट्टाचार्य को प्रदर्शन स्थल से घसीटकर ले जाया गया और हाथापाई में उनकी कमीज़ फट गयी। बाद में उन्होंने पुलिस पर उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया और भाजपा को खुश करने के लिए बंद को विफल करने की कोशिश करने के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की आलोचना की।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के बंगले के रेनोवेशन से जुड़ा टेंडर रद्द

नई दिल्ली (आईएएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बंगले के रेनोवेशन का टेंडर रद्द कर दिया गया है। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने टेंडर को रद्द करने की सूचना जारी की है। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के आधिकारिक आवास राज निवास मार्ग पर बंगला नंबर-1 के नवीनीकरण के लिए टेंडर जारी किया गया था। इस बीच दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी विभाग ने 7 जुलाई को निकले टेंडर को रद्द करने की सूचना दी। पीडब्ल्यूडी विभाग ने पत्र जारी कर कहा कि प्रशासनिक कारणों की वजह से सीएम के बंगले का टेंडर कैंसिल किया गया।

बिहार में मतदाता सूची पर घमासान: सुप्रीम कोर्ट पहुंचे कार्यकर्ता

नई दिल्ली। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट की 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' यानी एसआईआर को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। दो सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उनका कहना है कि चुनाव आयोग की ये प्रक्रिया संविधान की मूल भावना के खिलाफ है और इससे गरीब, प्रवासी और हाशिए पर मौजूद समुदायों को मतदान के अधिकार से वंचित किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सुधांशु धूलिया और जॉयमल्या बागची की बेंच ने बुधवार को इस मामले पर सुनवाई के लिए हामी भर दी है. यह सुनवाई 10 जुलाई को होगी. सामाजिक कार्यकर्ता अर्शद अजमल और रूपेश कुमार की ओर से वकील वृंदा ग्रोवर ने कोर्ट में याचिका का ज़िक्र किया और इसे पहले से लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ने की मांग की.

क्या है याचिका में आरोप?

याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि चुनाव आयोग ने 24 जून को जो आदेश जारी किया है, वह गरीबों, प्रवासियों, महिलाओं और वंचित समुदायों को असंतुलित तरीके से प्रभावित कर सकता है. उनका कहना है कि इस रिवीजन में जन्म, निवास और नागरिकता जैसे दस्तावेजों की अनुचित और कठोर मांग की जा रही है, जो कई लोगों के पास नहीं होते।

याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि यह प्रक्रिया प्रतिनिधित्व की लोकतांत्रिक व्यवस्था और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव की गारंटी देने वाले संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करती है. उनका तर्क है कि बिना स्पष्ट कानूनी आधार के इस तरह की प्रक्रिया लाखों मतदाताओं को वोटिंग के अधिकार से वंचित कर सकती है।

इसरो ने किया गगनयान मिशन के इंजन का सफल हॉट टेस्ट

बंगलूरू। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गगनयान मिशन के लिए एक और बड़ी सफलता हासिल की है। इसरो ने 3 जुलाई को तमिलनाडु के महेंद्रगिरी स्थित अपने प्रपल्शन कॉम्प्लेक्स में गगनयान सेवा मॉड्यूल प्रप्लशन प्रणाली के दो 'हॉट टेस्ट' सफलतापूर्वक पूरे किए। इन परीक्षणों की अवधि एक बार 30 सेकंड और दूसरी बार 100 सेकंड रही। इनका उद्देश्य यह था कि गगनयान के लिए तैयार की जा रही प्रणाली की संरचना और कार्यक्षमता की जांच की जा सके। यह परीक्षण गगनयान मिशन की तैयारी का एक अहम हिस्सा था, जिससे यह साबित हुआ कि अंतरिक्ष यात्रा के दौरान प्रप्लशन प्रणाली सही ढंग से काम करेगी। यह सफलता भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन की ओर एक और मजबूत कदम है।

इसरो ने बताया, 'प्रणाली का कुल प्रदर्शन परीक्षण से पहले लगाए अनुमान के अनुसार पूरी तरह सामान्य रहा। 100 सेकंड के लंबे परीक्षण में सभी रिएक्शन कंट्रोल सिस्टम (आरसीएस) थ्रस्टर्स को अलग-अलग तरीकों से सफलतापूर्वक चलाया गया। साथ ही सभी लिक्विड एपोजी मोटर (एलएएम) इंजन भी साथ में सक्रिय किए गए।' गगनयान की इस प्रप्लशन प्रणाली को इसरो के लिक्विड प्रपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) ने विकसित किया है।

लिक्विड प्रपल्शन सिस्टम सेंटर ने किया विकसित

इजरायल ने संयुक्त अरब अमीरात ने गोल्डन वीज़ा योजना शुरू की

नई दिल्ली। विकास का इंजन बनने और तेल आधारित अर्थव्यवस्था से अपनी दूरी बनाने की योजना के तहत संयुक्त अरब अमीरात ने नए वीजा कार्यक्रम की जानकारी दी है। खाड़ी देश ने निवेशकों, उद्यमियों, वैज्ञानिकों, डॉक्टरों, एथलीटों और छात्रों के लिए 10 साल तक रहने देने की पेशकश करने के लिए अपने वीजा कार्यक्रम में बदलाव किया है। यूएई के अधिकारियों ने कहा कि यूएई का 'गोल्डन वीजा' कार्यक्रम प्रतिभाशाली और उच्च-निवल-संपत्ति वाले भारतीयों और अन्य राष्ट्रीयताओं को खाड़ी देश में लंबे समय तक रहने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा विनियमित वीजा कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि आवेदकों को देश में काम करने वाले अन्य प्रवासियों के विपरीत, निवास के लिए किसी प्रायोजक की आवश्यकता नहीं होती है।

फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म उदयपुर फाइल्सः कन्हैया लाल टेलर मर्डर की रिलीज पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। यह फिल्म जून 2022 में उदयपुर में टेलर कन्हैया लाल की हत्या की घटना पर आधारित है। जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कन्हैया लाल की हत्या के एक आरोपी मोहम्मद जावेद के वकील को पहले याचिका में मौजूद गलतियों को सुधारने का निर्देश दिया। पीठ ने नियमित बेंच के समक्ष अपील का निर्देश दिया

याचिका में कहा गया है कि अभी कन्हैया लाल मर्डर केस की सुनवाई चल रही है और सुनवाई के बीच फिल्म के रिलीज होने से आरोपी का निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार प्रभावित हो सकता है। फिल्म उदयपुर फाइल्स 11 जुलाई को रिलीज होनी है। पीठ ने फिल्म की रिलीज से पहले याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि वे पहले नियमित पीठ के समक्ष अपील करें।

विश्व युद्ध... ट्रंप ने युद्ध खत्म करने को लेकर रूसी से हुई अनबन के बीच यूक्रेन को मिसाइल देने का वादा किया

ट्रंप के ऐलान से बौखलाए पुतिन, यूक्रेन पर एक रात में बरसाए 728 ड्रोन

■ **यूक्रेन के दोनेत्स्क में मारे गए तीन लोग**

नई दिल्ली। यूक्रेन की वायु सेना ने बुधवार को बताया कि रूस ने बीती रात यूक्रेन पर रिकॉर्ड 728 शाहेद ड्रोन और डमी ड्रोन दाग। रूस की तरफ से ड्रोन्स की बौछार के साथ-साथ 13 मिसाइलें भी दागी गई. रूस ने यूक्रेन पर ये हमला ऐसे वक्त में किया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध खत्म करने को लेकर रूसी राष्ट्रपति से हुई अनबन के बीच यूक्रेन को मिसाइल देने का वादा किया है।

अमेरिका ने पहले साफ कर दिया था कि वो यूक्रेन को हथियार नहीं देगा लेकिन फिर ट्रंप ने कह दिया है कि अमेरिका यूक्रेन को अपनी सुरक्षा के लिए हथियार मुहैया कराएगा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीते शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात की और कहा कि वो यूक्रेन को जल्द ही 10 पेट्रियट मिसाइल इंटरसेप्टर्स भेजेंगे। मिसाइल इंटरसेप्टर एक तरह का डिफेंसिव मिसाइल होता है जो बैलेस्टिक मिसाइलों के हमले को रोकता है। यह खबर सामने आने के बाद रूस-अमेरिका में तनाव बढ़ता दिखा है और इसी बीच खबर आ रही है कि रूस ने यूक्रेन पर रिकॉर्ड संख्या में ड्रोन बरसाए हैं। यूक्रेन की वायु सेना ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के एयर डिफेंस सिस्टम ने 296 ड्रोन और सात मिसाइलों को मार गिराया, जबकि 415 से अधिक ड्रोन रडार से गायब हो गए या जाम हो गए।

इसमें कहा गया है कि हमले में मुख्य रूप से यूक्रेन के पश्चिमी वोलिन क्षेत्र और वोलिन क्षेत्र की राजधानी लुत्स्क को निशाना बनाया गया, जो यूक्रेन के उत्तर-पश्चिम में स्थित है।

संघर्षविराम की ट्रंप की कोशिशें हो रही नाकाम

रूस और यूक्रेन का युद्ध 24 फरवरी 2022 से जारी है जिसमें दोनों पक्षों को काफी नुकसान हुआ है, खासकर यूक्रेन को. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोबारा राष्ट्रपति बनने से पहले अपने चुनावी कैंपेन में कहा था कि वो राष्ट्रपति बनते ही रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करवा देंगे. राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने के लिए दोनों पक्षों के बीच संघर्षविराम की कोशिशें भी की हैं जो नाकाम रही हैं।

नगर पालिका बोदरी के मूलभूत विकास में रोड़ा लगा रहा सत्ता व विपक्षः नीलम

प्रदेश में अकेले बोदरी नगर पालिका में अध्यक्ष आम आदमी पार्टी का, सत्तारुढ़ भाजपा पर साधा निशाना

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूरे प्रदेश में निकाय चुनाव में नगर पालिका बोदरी में आम आदमी पार्टी का खाता खुला और अध्यक्ष के पद पर बोदरी की जनता ने नीलम वर्मा को निर्वाचित किए। आप पार्टी ने बोदरी नगर पालिका परिषद पर जीत दर्ज की और प्रत्याशी नीलम वर्मा अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। इस चुनाव के पहले प्रत्यक्ष रुप से नीलम वर्मा किसी पार्टी से नहीं जुड़ीं थीं। चुनाव के ठीक पहले पार्टी ने इन्हें अध्यक्ष प्रत्याशी मनोनीत किया, जिसके बाद बोदरी में आम आदमी पार्टी के पक्ष में माहौल बना और इसका लाभ नीलम विजय वर्मा को मिला। आज नीलम विजय वर्मा नगर पंचायत बोदरी में अध्यक्ष का कमान संभाले हुए विकास के लिए लड़ती दिखाई दे रहीं हैं। सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ही नगर पंचायत बोदरी के विकास में रोड़ा लगा रहे हैं। इसके बावजूद नगर पंचायत का विकास होगा ऐसा हम नहीं नगर पालिका अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा का कहना है।

ऋतु साहू

नवप्रदेश ने अध्यक्ष नीलम वर्मा से विशेष बातचीत की और जाना कि नगर पालिका के विकास के लिए उन्होंने क्या योजनाएं बनाई हैं और तीसरी पार्टी की अध्यक्ष होने की वजह से उन्हें किस तरह की दिक्कतें आ रही हैं। अध्यक्ष श्रीमती वर्मा ने बताया कि मेरे पति विजय वर्मा बीस साल से कांग्रेस से पार्षद रहे हैं। व वर्तमान में वार्ड नंबर 14 के पार्षद हैं। पति के राजनीति में होने की वजह से मैं भी लगातार लोगों के बीच रहीं हूं और उनकी समस्याएं सुनती रही हूं। लोगों से मेल-मिलापा हमेशा से रहा। पति जिस समय पार्षद थे तब से उनका प्रयास था कि नगर पालिका अध्यक्ष की अगर जिम्मेदारी मिले तो विकास की गति तेजी से होगी। उनके इसी सपने को साकार करने के लिए जब आरक्षण में सामान्य महिला के लिए सीट निर्धारित हुआ तो मैंने चुनाव लड़ा। जनसहयोग और पति के इतने सालों के जनसेवा का फल मुझे मिला और मैं नगर पालिका बोदरी की अध्यक्ष बनीं। यह जीत मेरी जीत नहीं मेरे पति के किए गए जनसेवा पर जनता ने मुहर लगाई है। मैं बोदरी की प्रथम महिला निर्वाचित अध्यक्ष चुनी गई हूं। परिस्थितियां कुछ ऐसी बनीं कि चुनाव के पूर्व पति सहित आम आदमी पार्टी में शामिल हुई और सत्ता व विपक्ष दोनों ही पार्टियों के उम्मीदवार को हराकर जनता ने मुझे एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, अपने दायित्व का निर्वहन मैं पूरी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से करूंगी।

सत्ता व विपक्ष जनादेश को नहीं कर पा रहे स्वीकार

नगर पालिका बोदरी की अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा ने कहा कि सत्ता और विपक्ष दोनों ही जनादेश को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। अपनी भड़ास निकालने और जनता के कार्यों में बाधा उत्पन्न करने में तत्पर हैं। नगर पालिका बोदरी में विकास तो दूर आज मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। पूरे वार्ड में जगह-जगह गंदगी पसरी है और बदबू से लोग परेशान हो रहे हैं। बोदरी की जनता ने जिस स्नेह और विश्वास से मुझे जिताकर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। आज जनता इसी की सजा भुगत रही है यह कहना गलत नहीं होगा। देर है पर अंधेर नहीं। जल्द ही विकास की गाथा बोदरी में दिखेगी।

तीसरी पार्टी से जीत के आने का खामियाजा भुगतना तो पड़ रहा है। आज भी नगर पालिका बोदरी में कमरे की व्यवस्था नहीं की गई है। बाहर बने मंच में ही कुछ कुर्सियां लगाकर अपना काम कर रही हूं। सफाई तो दूर-दूर तक किसी वार्ड में दिखाई नहीं देता। नगर पालिका बोदरी बारिश के जल भराव के बाद ऐसी स्थिति में है कि यहां जाना कठिन है। घुटनों तक पानी भरा हुआ और आसपास फैली गंदगी नगर पालिका बोदरी की हालत बयां कर रही है।

बोदरी की जनता सब जानती है

बोदरी की जनता भी समझ रही है कि मैं काम करना चाहती हूं, लेकिन सत्ता और विपक्ष दोनों ही काम में रुकावट ला रहे हैं। आज बोदरी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। यहां के अधिकारी-कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। एक तीसरी पार्टी से जीत कर आने की वजह से भाजपा व कांग्रेस दोनों ही अपनी हार का गुस्सा अब तक निकाल रहे हैं। इस हार को पचाने में अभी दोनों पार्टियों को और समय लगेगा। अध्यक्ष श्रीमती वर्मा ने कहा कि मेरी जीत बोदरी की जनता की देन है और जब तक जनता का साथ मेरे को मिल रहा है मुझे किसी बात की चिंता नहीं है। जनता भी जानती है। जानबूझकर बोदरी का विकास रोका गया है। जनता तैयार है कि जब भी जरुरत पड़ेगी सब साथ में मिलकर सड़क में मोर्चा खोल देंगे। अभी दो-चार महीने अधिकारी-कर्मचारी सभी की मनमानी देख रहे हैं। राजनीतिक दबाव को समझ रही हूं। वार्ड विकास में बाधा का जो प्रयास किया जा रहा है यह हमेशा नहीं रहेगा। एक समय के बाद पूरी जनता के साथ इस गलत के विरोध में हम सब मिलकर आवाज उठाएंगे।

कांग्रेस में सेवा करने के बाद पार्टी छोड़ना बड़ा निर्णय था

विजय वर्मा पार्षद वार्ड नंबर 14 व पीआईसी सभापति हैं ने कहा कि कांग्रेस को इतने साल देने के बाद पार्टी छोड़ना एक बड़ा निर्णय था, लेकिन जब विचार नहीं मिले तो ऐसी जगह रहकर कोई मतलब भी नहीं। आज कांग्रेस पार्टी में कई मठाधीश बैठ गए हैं, जो छोटे कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने नहीं दे रहे हैं। जिस समय मैं कांग्रेस पार्टी प्रवेश किया था उस समय कांग्रेस की जो विचारधारा थी आज वह विचारधारा गुटबाजी में कहीं गुम हो गई। आम आदमी पार्टी से जुड़ने की वजह विचारधारा का मेल खाना है। आज छत्तीसगढ़ में आप पार्टी लगातार सक्रिय है और विपक्ष की भूमिका बहुत बेहतर ढंग से निभा रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में आप पार्टी और उसके कार्य दिखेंगे। श्री वर्मा ने कहा कि निश्चित ही सत्ता और विपक्ष दोनों ही नगर पालिका बोदरी का विकास सिर्फ इसलिए नहीं होने दे रहे क्योंकि चुनाव में मिली करारी हार को अभी तक भूला नहीं पाए हैं। बिल्हा विधानसभा में नगर पालिका बोदरी का विशेष महत्व है। यह सीट आम आदमी पार्टी को मिली है। नगर पालिका में कांग्रेस और भाजपा के भी पार्षद हैं। जनप्रतिनिधियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आप पार्टी का विरोध करने के साथ ही ये अपने पार्टी वाले वार्ड जहां से इनके पार्षद जीतकर आए हैं उसे भी उपेक्षित कर दिए हैं। आज बोदरी में चारों ओर गंदगी का अंबार है। सीएमओ भारती साहू को अनुभव ही नहीं है, क्योंकि पिछले सोलह साल से वो लैब असिस्टेंट का काम कर रही थी। अचानक से पिछली सरकार ने सीएमओ जैसे बड़े पद की जिम्मेदारी दे दी। इस पद और कार्यों के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इसी तरह उप अभियंता साढ़े पांच साल से यहां जमे हुए हैं उनकी कार्यशैली सही नहीं है। भ्रष्टाचार में लिप्त इस अभियंता का तबादला भी नहीं किया जा रहा है। क्षेत्रीय विधायक न तो हमें सहयोग कर रहे हैं न ही विरोध कर रहे हैं, शायद जिस दिन आम आदमी पार्टी की जीत को स्वीकार करें उस दिन उनका ध्यान नगर पालिका बोदरी की तरफ आएगा ऐसी हम उम्मीद कर रहे हैं। आज नगर पालिका बोदरी के मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षद एकजुट होकर प्रयास कर रहे हैं। जलसंकट के समय भी हम सभी ने आपसी सहयोग से जलापूर्ति की व्यवस्था की। किसी भी तरह से हमें कोई भी सहयोग नहीं दिया गया। एक सवाल का जवाब देते हुए पार्षद श्री वर्मा ने कहा कि अनौपचारिक रुप से अन्य पार्टियों से प्रस्ताव आते हैं कि उस पार्टी में जुड़ें, लेकिन जब से राजनीति शुरु की है सिद्धांतों की राजनीति कर रहे हैं। वर्तमान में हमारे सिद्धांत आम आदमी पार्टी से मिल रहे हैं। इसलिए पार्टी के साथ पूरी निष्ठापूर्वक जुड़कर बोदरी के विकास के लिए कार्य करेंगे।

बारिश से शिवनाथ नदी उफान पर मदकू द्वीप के एनीकेट जलमग्न

बिलासपुर/मुंगेली/नवप्रदेश। सरगांव-क्षेत्र में बीते दो दिनों से हो रही लगातार झमाझम बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। खासकर शिवनाथ नदी समेत तमाम नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। शिवनाथ नदी उफान पर है और इसका पानी मदकू द्वीप के दोनों ओर बने एनीकेट से कई फुट ऊपर बह रहा है। कल सुबह तक एनीकेट से करीब एक फुट ऊपर बह रहा पानी दोपहर होते-होते तीन फुट तक पहुंच गया, जिससे आसपास के गांवों के लिए खतरे की स्थिति बन गई। शिवनाथ नदी, जिसे सदानीरा कहा जाता है क्योंकि यह कभी नहीं सूखती, इस साल की भीषण गर्मी में पहली बार सूख गई थी। इसका असर इतना व्यापक था कि नदी के आसपास के गांवों में बोरवेल का जलस्तर 300 से 350 फीट तक नीचे चला गया था। ग्रामीण पानी के लिए परेशान हो गए थे, लेकिन मानसून की देरी के बाद जब वर्षा ने जोर पकड़ा, तो नदी-नालों में बहाव लौट आया और भूजल स्तर में भी सुधार दर्ज किया गया। मदकू द्वीप का सड़क मार्ग बंद होने से वहां पहुंचने के लिए श्रद्धालु और पर्यटक अब नाव का सहारा ले रहे हैं। लेकिन इस परिस्थिति का फायदा उठाते हुए कुछ नाव संचालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। श्रद्धालुओं की मजबूरी को भुनाना एक तरह से उनकी आस्था और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। इस संबंध में प्रशासन द्वारा संज्ञान लिया गया है और अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) पथरिया ने नाव संचालकों की बैठक बुलाकर एक गाइडलाइन तैयार करने की पहल की है। बैठक में तय किया गया है कि नाव संचालन के नियम तय किए जाएंगे, अधिकतम किराया निर्धारित किया जाएगा।

प्रशासन अलर्ट

मदकू द्वीप जो कि धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है, वहां आने-जाने के लिए दोनों ओर एनीकेट बनाए गए हैं। एनीकेट के ऊपर से पानी बहने की सूचना के बाद प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए ग्राम पंचायत के माध्यम से एनीकेट पर अस्थायी बैरिकेड लगाकर रास्ता बंद कर दिया है, जिससे कोई वाहन उस पर से न गुजर सके और किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। हालांकि, प्रशासन की चेतावनी और रोक के बावजूद कुछ लापरवाह वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालते हुए एनीकेट पार करने की कोशिश कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है।

चांद बाबू तारण का निधन

बिलासपुर/नवप्रदेश। नर्मदा नगर निवासी जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता चांद बाबू तारण (सिरोंज वाले) का बुधवार 9 जुलाई को सुबह 6 बजे देहावसान हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल गुरुवार 10 जुलाई को सुबह 10.30 बजे निज निवास नर्मदा नगर एच1-63 से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए जाएगी। वे अभीष जैन, जे. जे. एडवर्डटाइजर्स की संचालक जूही जैन के पिता थे।

सिम्स में जटिल सर्जरी, महिला के पेट से निकाला 10 किलो का ट्यूमर

बिलासपुर/नवप्रदेश। कबीरधाम निवासी 65 वर्षीय लक्ष्मी चौहान, जो पिछले दो वर्षों से पेट में सूजन और लगातार बढ़ती शारीरिक परेशानियों से जूझ रही थीं, को सिम्स के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में भर्ती किया गया। मरीज को पिछले 10 दिनों से लगातार उल्टियां हो रही थीं और भोजन ग्रहण करने व मल-मूत्र त्याग में भी असमर्थता थी। परिजनों द्वारा उन्हें सिम्स लाया गया, जहाँ उनकी जांच डॉ. नेहा सिंह के द्वारा की गई। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल भर्ती कर रक्त, मूत्र एवं सोनोग्राफी जांच की गई। सोनोग्राफी रिपोर्ट में पेट में एक बड़ा ट्यूमर होने की पुष्टि हुई। डॉ. नेहा सिंह ने विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता रमन जोगी को मामले से अवगत कराया। मरीज की हालत की गंभीरता को देखते हुए डॉ. संगीता द्वारा मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. लखन सिंह एवं अधिष्ठाता डॉ. रामनेश मूर्ति से चर्चा कर जीवन रक्षक ऑपरेशन की सहमति प्राप्त की गई। विवतत्काल एक विशेषज्ञ टीम गठित की गई, जिसमें डॉ. संगीता रमन जोगी, डॉ. दीपिका सिंह, डॉ. रचना जैन, डॉ. अंजू गढ़वाल एवं निश?चेतना विभाग से डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. श्वेता, डॉ. प्राची, डॉ. आकांक्षा एवं नर्सिंग स्टाफ से ब्रदर अश्विनी शामिल थे। टीम द्वारा की गई जटिल सर्जरी में मरीज के पेट से 10 किलो 660 ग्राम वजनी ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाला गया। सर्जरी पूरी तरह सफल रही और फिलहाल मरीज की स्थिति पहले से बेहतर है।

राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आज से इंदौर में, 45 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 13 जुलाई को इंदौर मध्य प्रदेश में आयोजित है छत्तीसगढ़ ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर से 1500 से अधिक खिलाड़ी कोच मैनेजर रेफरी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ की टीम में बिलासपुर के 45 खिलाड़ी व कोच मैनेजर भाग लेंगे, प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण रायपुर बिलासपुर में प्री नेशनल कोचिंग कैम्प के माध्यम से खिलाड़ियों को विशेष ताइक्कांडो खेल के गुण सिखाए गए हैं प्रतियोगिता में खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बिलासपुर का नाम रोशन करते छत्तीसगढ़ के लिए आवश्यक पदक अर्जित करेंगे। चयनित खिलाड़ियों में सानवी मालिक, आदिया ठाकुर, अनाया दास, सुहाना केसरवानी, एरिसा लाल, नव्या शर्मा, आराध्य उपाध्याय, पलक विश्वकर्मा, माहेश्वरी अंचल, आसवी सिंह, आकांक्षा धनकर, अपूर्वी यादव, प्राची यादव, सान्वी देवांगन, कुहू पाण्डेय, अंशिका परिहार, दिक्छीता मरकाम, वान्या भोई, अदृश्य यादव, खुशी जारिया, सौम्या त्रिपाठी, सान्वी यादव, तापसी गुप्ता, देवांशी, अंशिका मरकाम, यशु पाठक, निम्मी, सुबोध यादव, समीर यादव, लक्की यादव, प्रिंस यादव, दक्ष तिवारी, यस साहू, यस कश्यप, जयप्रकाश, अद्भुत जायसवाल, शौर्य प्रताप सिंह, रमन लिलहौरे, रुद्रांश त्रिवेदी, मुदित मानेश्वर, सम्राट केशरवानी है।

देशभर के 1500 से अधिक खिलाड़ी होंगे शामिल

समाजसेवी चंचल को रोटरी क्लब ऑफ क्वींस ने किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के समाज सेवी चंचल सलूजा का रोटरी क्लब ऑफ क्वींस ने समाज में उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया है, बता दे कि रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर क्वींस ने शहर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कार्यकारिणी द्वारा समाजसेवी चंचल सलूजा का सम्मान किया गया। चंचल लंबे समय से बिलासपुर में सेवा के क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप से कार्य कर रहे है, सुदूर क्षेत्रों में जाकर रोटरी क्वींस के साथ समाज सेवा में हाथ बंटाने वाले चंचल लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे है इसलिए बिलासपुर रोटरी क्लब ऑफ क्वींस बिलासपुर की टीम द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ क्वींस की अध्यक्ष मनीष जायसवाल, सचिव डॉ प्रकृति वर्मा, असिस्टेंट गवर्नर विजय अग्रवाल, कार्यकारिणी मौजूद रही। रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जयसवाल ने भी चंचल के सराहनीय योगदान को लेकर उनकी प्रशंसा की और भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।

सुरक्षा विशेष निगरानी के साथ किए गए हैं सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक प्रबंध

वर्षाकाल में सुरक्षित व निर्बाध ट्रेन संचालन के लिए बिलासपुर मंडल प्रतिबद्ध

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा मानसून के दौरान भी सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध रूप से व्यवधान-मुक्त रेल सेवा प्रदान करने हेतु पेट्रोलिंग के साथ विशेष निगरानी एवं सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। मंड़ल रेल प्रशासन द्वारा मानसून के दौरान गाड़ियों के पहिये को चलायमन रखने और निर्बाध रेल सेवा सुनिश्चित करने के लिए सभी सेक्शनों के कटिंग के अंदर वाली रेलवे ट्रैक वाले स्थानों पर साइड ड्रेन एवं कैच वाटर ड्रेन की विशेष सफाई के साथ ही नियमित सफाई कराई जा रही है जिससे पानी सुरक्षित ट्रैक से बाहर निकल जाए।

पूरे मंडल में पूर्व घटनाओं के आधार पर असुरक्षित स्थानों की पहचान कर 15 स्थानों पर स्टेशनरी पेट्रोलिंग एवं 29 स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग द्वारा 24 घंटे ट्रैक की निगरानी की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु चिन्हांकित स्टेशनों पर मानसून रिजर्व भारी मात्रा में रेल वैगन पर लोड करके रखा गया है जिससे कि असामान्य स्थिति में ट्रैक को सामान्य यातायात के लिए दुरुस्त किया जा सके। मंडल के 18 चिन्हित रेलवे अंडरपास में जल भराव की निगरानी हेतु कर्मचारी तैनात किये गए हैं जिनके द्वारा 24 घंटे नियमित रूप से पानी के लेवल की निगरानी की जा रही है । जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही पंपिंग सेट आदि उपकरणों की व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत जल निकासी की जा सके। सभी संवेदनशील स्थानों पर चौबीसों घंटे मोबाइल/स्थिर गश्ती दल तैनात किए गए हैं । तूफान के दौरान ट्रैक पर गिरने वाले पेड़ों को हटाने/छंटाई/काटने का कार्य भी किया गया है। ट्रैक सर्किट वाले क्षेत्रों में स्टेशन/यार्ड में क्रॉस और अनुदैर्ध्य नालियों की व्यवस्था की गई है। ट्रैक सर्किट वाले क्षेत्रों में काम करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में कर्मचारियों को परामर्श भी दिया गया है। इसके अलावा मंडल के सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा मानसून पूर्व सावधानी अभियान चलाया गया है, जिसके तहत समपार फाटकों, रेल पुलों, रेल पथों, संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े संसाधनों, ओ.एच.ई.लाइन, सम्बद्ध उपकरणों, सिग्नल प्रणाली आदि का सघन निरीक्षण एवं जांचकर आवश्यकतानुसार उनका अनुरक्षण किया गया है, जिससे बारिश के दौरान भी रेल परिचालन निर्बाध और सुचारू रूप से चलता रहे । उपरोक्त तैयारियों के साथ मानसून के दौरान रेल संचालन को सुरक्षित, निर्बाध और समयानुसार बनाए रखना सुनिश्चित किया गया है। मंडल रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है एवं मानसून जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी विश्वसनीय रेल सेवाएं देने हेतु कटिबद्ध है।

कुछ ट्रेनों के ठहराव की सुविधा में विस्तार

रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेल प्रसाशन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18573/18574 विशाखापटनम-भगत की कोठी-विशाखापटनम एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के अशोक नगर स्टेशन में तथा गाड़ी संख्या 20971/20972 उदयपुर-शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस व गाड़ी संख्या 18207/18208 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के मुंगावली स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। यात्रियों को दी गई इस सुविधा को निरंतर जारी रखने हेतु इन तीनों गाड़ियों के उपरोक्त स्टेशनों में ठहराव की सुविधा का विस्तार किया गया है । अब गाड़ी संख्या 18573/18574 विशाखापटनम-भगत की कोठी-विशाखापटनम एक्सप्रेस का अशोक नगर स्टेशन में तथा गाड़ी संख्या 20971/20972 उदयपुर-शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस व गाड़ी संख्या 18207/18208 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस का मुंगावली स्टेशन में ठहराव की सुविधा आगामी आदेश तक जारी रहेगी।

सुविचार

दुश्मनो के बीच ऐसे रहिए जैसे बत्तीस दांतों के बीच जीभ। जो मिलती सबसे है पर दबती किसी से नहीं। -अज्ञात

वोटर लिस्ट रिविजन को लेकर बवाल

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले भारतीय निर्वाचन आयोग में बिहार के वोटर लिस्ट के रिविजन का काम शुरू कराया है। वोटर लिस्ट का रिविजन वैसे तो पूरे में होना है लेकिन अभी फिलहाल बिहार में चार माह बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसलिए सबसे पहले बिहार में ही मतदाता सूची का गहन परीक्षण किया जा रहा है। इसके बाद जिन जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे वहां भी यह काम कराया जाएगा और धीरे धीरे पूरे देश में वोटर लिस्ट का रिविजन होगा। यह एक समान्य प्रक्रिया है। जिसका कभी किसी ने विरोध नहीं किया। किन्तु इस बार बिहार में वोटर लिस्ट रिविजन को बडा मुद्दा बनाकर महागठबंधन ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यह ठीक है कि वोटर लिस्ट रिविजन के प्रावधानों पर विपक्ष को आपत्ति हो सकती है लेकिन उसे न्यायालय में चुनौती देनी चाहिए। वोटर लिस्ट रिविजन के मुद्दे को लेकर विभिन्न विपक्षी पार्टियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की है। इस पर 10 जुलाई सुनवाई होने जा रही है। ऐसे में जबकि यह मामला न्यायालय के अधीन है तो इसे लेकर आंदोलन करना समझ से परे है। एक दिन बाद ही इस पर सर्वोच्च न्यायलय विचार करने जा रहा है फिर इसे लेकर बिहार बंद कराने का क्या औचित्य है? सीधी सी बात है कि राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन में शामिल कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों के नेता चुनाव आयोग के खिलाफ आंदोलन करके अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में महागठबंधन के हजारों कार्यकर्ताओं ने बिहार की राजधानी पटना में मार्च निकाला और निर्वाचन आयोग के कार्यालय में जाकर एक ज्ञापन सौंपा। बिहार बंद के दौरान राजद और कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने पूरे बिहार में जगह जगह चक्का जाम किया और कुछ स्थानों पर रेल भी रोकी गई। जिससे बिहार का जन जीवन प्रभावित हुआ। यातायात बाधित करने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। समझ में नहीं आता कि सरकार से लड़ाई का खामियाजा आम जनता को भुगतने से महागठबंधन को क्या लाभ मिलेगा। जहां तक वोटर लिसट रिविजन के विरोध का प्रश्न है तो चुनाव आयोग ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया है कि यह काम पूरी पारदर्शिता के साथ कराया जा रहा है। इस काम में सभी राजनीतिक पार्टियों के हजारों बीएलओ की भी मदद ली जा रही है। इसलिए यह कहना उचित नहीं है कि निर्वाचन आयोग कोई मनमानी कर रहा है। गौरतलब है कि तेजस्वी यादव ने इस मुद्द को लेकर निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा है और यह आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग केन्द्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है और बड़ी संख्या में गरीबों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के वोट का अधिकार छीनने जा रहा है। यह वोट बंदी है। जिसका पूरा विपक्ष विरोध कर रहा है। उल्लेखनीय है कि बिहार में 7 करोड़ 90 लाख मतदाता हैं जिनमें से पांच करोड़ मतदाताओं को सिर्फ फार्म भरना है उन्हें कोई प्रमाण नहीं देना है। वे अपने फार्म ऑनलाइन भी भर सकते हैं। विवाद सिर्फ लगभग ढाई करोड़ मतदाताओं को लेकर है जिनसे प्रमाण मांगा जा रहा है। दरअसल देश के अन्य राज्यों की तरह ही बिहार में भी बांग्लादेशी और रोहिंग्या बड़ी संख्या में घुसपैठ कर चुके हैं। ऐसे लोगो से ही कागज मांगे जा रहे हैं। जिसपर विपक्ष आपत्ति दर्ज करा रहा है। इस बीच पिछले 6 दिनों में ही किशनगंज क्षेत्र से 1 लाख 27 हजार लोगों ने आवासीय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किये हैं। इसी से स्पष्ट है कि वहां बड़ी संख्या में लोग अवैध रूप से रह रहे हैं। रही बात राशनकार्ड और आधार कार्ड की तो वह बनवा लेना चुटकी बजाने जैसा असान काम है। बंगाल से लेकर बिहार और झारखंड तक बड़ी संख्या में घुसपैठियों ने आधारकार्ड व राशनकार्ड बनवा रखे हैं और सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। ऐसे घुसपैठियों की पहचान के लिए ही पूरे देश में वोटर लिस्ट रिविजन का काम कराने का निर्णय निर्वाचन आयोग ने लिया है और यह उसके अधिकार क्षेत्र में भी आता है ऐसे में वोटर लिस्ट रिविजन को लेकर विपक्ष सिर्फ अपनी राजनीति चमकाने के लिए ही यह बवाल खड़ा कर रहा है। जबकि सुप्रीम कोर्ट में उसकी आपत्ति पर सुनवाई होने जा रही है और जल्द ही सुप्रीम कोर्ट का इस फैसला भी सामने आ जाएगा।

सद्गुरू बोधा मृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ जिनके भीतर दाता की भावना आ गई उनके भीतर यही पतन का कारण है।

◆ जब तक सद्गुरु भगवान के रज को मस्तक पर धारण नहीं किया जाता तब तक कोई शास्त्र, कोई पुराण, कोई सत्संग समझ में नहीं आ सकता। यहा

◆ मैंने कहा दिल का उपयोग भगवान और गुरु के पास करना और दिमाग का उपयोग संसार के पास करना।

◆ पृथ्वी पर टिकी हुई जितनी भी जीवन संबंधी कल्पनाएं हैं उनमें सबसे अधिक सुंदर, सत्य, सरस, स्नेही और सदुपयोगी यह गौ है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1913 यूरोपीय देश रोमानिया ने बुल्गारिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1943 अमेरिका, ब्रिटिश और कनाडाई सेना ने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान सिसली द्वीप पर हमला किया। 1947 चीन के कैंटोन क्षेत्र में नदी में रेलगाडी गिरने से 200 लोगों की मौत हुई। 1956 ब्रिटिश हाउस ऑफ़लॉर्ड्स ने मौत की सजा को ख़त्म किया। 1958 ब्रिटेन में पहले पार्किंग मीटर स्थापित किया गया। 1962 टेलस्टार, दुनिया का पहला सक्रिय, प्रत्यक्ष रिलेक्टेक्टेशन उपग्रह, नासा द्वारा एक डेल्टा रॉकेटप्रेम केप कैनावेरल में लॉन्च किया गया था। 1962 टेलस्टार, दुनिया का पहला सक्रिय, प्रत्यक्ष रिले संचार संचार, जो नासा द्वारा केपचेरल से एक डेल्टा रॉकेट पर सवार होकर लॉन्च किया गया था। 1973 बहामास ने आम देश के भीतर स्वतंत्रता प्राप्त की। बहामा अटलांटिक महासागर में स्थित एक द्वीप देश है। इसमें सात सौ से अधिक छोटे द्वीप शामिल हैं। यह इंग्लैंड के रानी एलिजाबेथ द्वितीय के रूप में एक सामान्य राष्ट्र प्रमुख है।

राजेन्द्र सिंह

यूट्यूब और अन्य डिजिटल माध्यमों पर उपलब्ध सामग्री में गहराई और प्रामाणिकता का अभाव होता है। यह सामग्री तात्कालिक सुख और मनोरंजन पर केंद्रित होती है, जो युवाओं को आत्म-जागरूकता और नैतिकता से दूर ले जाती है। ऐसे में गुरु की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। गुरु वह दिशा-सूचक है जो हमें सही और गलत का भेद समझाता है और हमें भवसागर से निकालकर सही मार्ग पर ले जाता है।

गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि गुरु के बिना जीवन की यात्रा अधूरी है। गुरु पूर्णिमा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा अवसर है जो हमें आत्म-चिंतन और आत्म-मूल्यांकन के लिए प्रेरित करता है। यह हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि हम अपने गुरु के दिखाए मार्ग पर कितना चल पाए हैं और अपने जीवन को कितना सार्थक बना पाए हैं।गुरु पूर्णिमा का महत्व इस बात में भी है कि यह हमें गुरु-शिष्य परंपरा की याद दिलाता है।

सनातनी संस्कृति और परंपरा की द्योतक है गुरु पूर्णिमा

- भौतिकवाद से मुक्ति का माध्यम है गुरु

- अधकचरा ज्ञान नहीं समग्रता परिचायक है गुरु

गुरु पूर्णिमा, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। यह पर्व आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है और इसे व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्हें प्रथम गुरु के रूप में पूजा जाता है। गुरु पूर्णिमा न केवल एक धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह एक ऐसा अवसर है जो हमें हमारे जीवन में गुरु की महत्ता, उनके आचरण, विचारों और जीवन जीने की कला को समझने और अपनाने के लिए प्रेरित करता है। आज के आधुनिक युग में, जब समाज में भौतिकवाद, मानसिक प्रदूषण और यूट्यूब जैसे माध्यमों से फैल रहे अधूरे या भ्रामक ज्ञान के कारण युवा पीढ़ी दिशाहीन हो रही है, गुरु का महत्व और भी बढ़ जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। गुरु वह दीपक है जो अज्ञान के अंधेरे को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। गुरु शब्द का अर्थ है- ÷गु÷ अर्थात अंधकार और ÷रु÷ अर्थात उसका नाश करने वाला। इस प्रकार, गुरु वह है जो हमें अज्ञानता, भ्रम और भटकाव से निकालकर सत्य, ज्ञान और आत्मजागरूकता की ओर ले जाता है। गुरु केवल एक शिक्षक नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक, प्रेरक और जीवन का पथ प्रदर्शक होता है। वे हमें न केवल बौद्धिक ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि नैतिकता, संयम, धैर्य और आत्म-अनुशासन जैसे गुणों को भी हमारे जीवन में समाहित करते हैं।ऋग्वेद में कहा गया है, ÷आ नो भद्राः ऋतवो यन्तु विश्वतः÷ अर्थात् हमें सभी दिशाओं से शुभ और कल्याणकारी विचार प्राप्त हों। गुरु ही वह माध्यम है जो हमें इन शुभ विचारों तक ले जाता है। गुरु की महत्ता इस बात में निहित है कि वे हमें सही और गलत का भेद समझाते हैं, हमें जीवन के उद्देश्य को पहचानने में मदद करते हैं और हमें भवसागर से पार करने का मार्ग दिखाते हैं।

गुरु का आचरण और विचार उनके शिष्यों के लिए एक आदर्श होते हैं। एक सच्चा गुरु स्वयं अपने जीवन में उन मूल्यों को जीता है, जो वह अपने शिष्यों को सिखाता है। उनका जीवन सादगी, सत्य, और संयम का प्रतीक होता है। गुरु का आचरण हमें यह सिखाता है कि जीवन में सुख और शांति की प्राप्ति भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति और नैतिकता में है।गुरु के विचार हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। वे हमें यह समझाते हैं कि जीवन में संतुलन, धैर्य और समर्पण कितने महत्वपूर्ण हैं। गुरु हमें यह सिखाते हैं कि हर परिस्थिति में सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए और चुनौतियों को अवसर के रूप में देखना चाहिए। उदाहरण के लिए, भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को युद्ध के मैदान में न केवल युद्ध की कला सिखाई, बल्कि जीवन के गहन दार्शनिक सत्य भी समझाए। श्रीकृष्ण जैसे गुरु का मार्गदर्शन ही अर्जुन को भटकाव से निकालकर कर्तव्य पथ पर ले गया।

गुरु हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। यह कला केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर पहलू- जैसे समय प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन, नैतिक निर्णय और सामाजिक जिम्मेदारी- को शामिल करती है। गुरु हमें नियम और संयम का महत्व समझाते हैं। संयम वह आधार है जो हमें अनुशासित और केंद्रित रखता है। नियमित जीवनशैली, स्वस्थ आदतें और नैतिक मूल्य हमें मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हैं।गुरु हमें यह सिखाते हैं कि जीवन में सुख और दुख, सफलता और असफलता क्षणिक हैं। इनका सामना करने के लिए हमें आत्मनियंत्रण और धैर्य की आवश्यकता होती है। गुरु के मार्गदर्शन में हम यह सीखते हैं कि क्रोध, लोभ, और अहंकार जैसे नकारात्मक गुणों को नियंत्रित कर हम अपने जीवन को और अधिक सार्थक बना सकते हैं। आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी का युग है। यूट्यूब और सोशल मीडिया जैसे माध्यमों ने ज्ञान के प्रसार को आसान तो बनाया है, लेकिन इसके साथ ही भ्रामक और अधूरे ज्ञान का प्रसार भी बढ़ा है। आज की युवा पीढ़ी यूट्यूब पर उपलब्ध त्वरित और सतही सामग्री की ओर आकर्षित हो रही है। यह सामग्री अक्सर सनसनीखेज, भ्रामक और मूल्यहीन होती है, जो युवाओं को भटकाव, मानसिक तनाव और दिशाहीनता की ओर ले जाती है। समाज में बढ़ता भौतिकवाद, नैतिक पतन और मानसिक प्रदूषण इस बात का प्रमाण है कि हम सही मार्गदर्शन से दूर हो रहे हैं।

योगेश कुमार गोयल

शास्त्रों में कहा गया है कि गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त करना कठिन है और अगर शिष्य को अपने गुरु पर पूर्ण विश्वास हो तो उसका बुरा स्वयं गुरु भी नहीं कर सकते। गुरु पूर्णिमा को बौद्ध धर्म के अनुयायी गौतम बुद्ध द्वारा सारनाथ में दिए गए पहले उपदेश के सम्मान में मनाते हैं। सिख धर्म में केवल एक ईश्वर और अपने सभी दसों गुरुओं की वाणी को ही जीवन के वास्तविक सत्य के रूप में मानते है। जैन धर्म के अनुसार इस दिन को चौमासा अर्थात चार महीने के बारिश के मौसम की शुरुआत के रूप में तथा त्रीनोक गुहा पूर्णिमा के रूप में माना जाता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व वास्तव में मानव जीवन में गुरु के विशिष्ट स्थान को दर्शाता है। एक दोहे में गुरु की महिमा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा गया हैः-

गुरु को पारस जानिए, करे लौह को स्वर्ण।
शिष्य और गुरु जगत में, केवल दो ही वर्ण।

गुरु है संकल्प, गुरु है साधना, गुरु है मोक्ष का माध्यम



गुरु पूर्णिमा के दिन प्राचीन काल से ही गुरु की पूजा करने का चलन है , जो इस वर्ष 10 जुलाई को मनाई जा रही है। दरअसल प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। गुरु पूर्णिमा का संबंध महाभारत के रचयिता महर्षि श्रीकृष्ण द्वैपायन से जुड़ा है, जिनका जन्म इसी दिन हुआ माना जाता है। संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान महर्षि द्वैपायन ने ही सनातन धर्म के चारों वेदों की रचना की थी, इसीलिए उन्हें महर्षि वेद व्यास के नाम से जाना गया। वैसे तो गुरु पूर्णिमा का पर्व शास्त्रों में गुरुओं को समर्पित है लेकिन सही मायनों में यह आदिगुरु वेद व्यास के सम्मान में ही मनाया जाता है और इसीलिए इसे 'व्यास पूर्णिमा' भी कहा जाता है। महर्षि वेद व्यास ने एक लाख श्लोक वाला महाभारत, 18 पुराण और ब्रह्मा-सूत्र की रचना के साथ एक वेद को चार वेदों में विस्तारित कर समस्त संसार को ज्ञान से प्रकाशित किया था, इसीलिए उन्हें आदि-गुरु का दर्जा प्राप्त है। हिन्दू धर्म में तो गुरु को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है और गुरु की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा भी गया है कि गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है, गुरु ही शंकर है, गुरु ही साक्षात् परब्रह्म है, ऐसे सदुरु को प्रणाम।

गुरु को 'गुरु' इसीलिए कहा जाता है क्योंकि वह अज्ञान रूपी अंधकार को हटाकर जीवन को ज्ञान रूपी प्रकाश से आलोकित करता है। ज्ञान की रोशनी सभी प्रकार के अंधकार को मिटा देती है, इसीलिए जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है। 'गुरु' में 'गु' शब्द का अर्थ है अंधकार (अज्ञान) और 'रु' का अर्थ है उसे मिटाने वाला और इस प्रकार गुरु का अर्थ हुआ अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने वाला। गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है, जो अंधकार को मिटाकर प्रकाश के उजाले से हमारी अंतरात्मा और मन को प्रकाशित कर सकता है। एक अच्छा गुरु जीवन में रोशनी लाने का कार्य करता है, जिससे जीवन प्रकाशमान हो जाता है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है, ताकि वह अपने भीतर सृष्टि के स्रोत का अनुभव कर सके। शास्त्रों में अज्ञान रूपी अंधकार को नष्ट करने वाला जो ब्रह्म रूप प्रकाश है, वही गुरु है अर्थात् अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को ही 'गुरु' कहा जाता है। गुरु की महिमा का बखान करते हुए संत कबीरदास कहते हैं:-

भली भई जो गुरु मिल्या, नहीं तर होती हाणि।
दीपक दिष्टि पतंग ज्यूं, पड़ता पूरी जाणि।

कबीरदास के इस दोहे का अर्थ है कि अच्छा हुआ जो गुरु मिल गए, अन्यथा तो मेरी हानि ही होती। जैसे दीपक की अग्नि की ओर पतंगे आकृष्ट हो जाते हैं, वैसे ही मैं भी विषय वासनाओं और माया की और आकृष्ट हो जाता और परिणामस्वरूप अमूल्य जीवन को नष्ट कर देता। मनुस्मृति के अनुसार ऐसे व्यक्ति को ही गुरु बनाना चाहिए, जो क्षमा, दया, तपस्या, पवित्रता, यम, नियम, दान, सत्य, विद्या, संतोष इत्यादि दस गुणों से सम्पन्न हो। गुरु की कृपा से ही विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और उनके अंदर का अज्ञान तथा अंधकार दूर होता है। गुरु कृपा से ही विश्व के समस्त सुखों, ऐश्वर्य और स्वर्ग की सम्पदा प्राप्त हो सकती है, जो बड़े-बड़े योगियों को भी नसीब नहीं होती। गुरु तथा देवता में समानता के बारे में कहा गया है कि देवताओं के लिए जैसी भक्ति की आवश्यकता है, वैसी ही गुरु के लिए भी है। अच्छे गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार भी संभव है लेकिन गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं। वैसे तो गुरु को सभी धर्मों में विशेष महत्व दिया जाता रहा है लेकिन एक अच्छे गुरु का स्थान हिन्दू धर्म में भगवान से भी बढ़कर है।

गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागु पांव,
बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए।

शास्त्रों में कहा गया है कि गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त करना कठिन है और अगर शिष्य को अपने गुरु पर पूर्ण विश्वास हो तो उसका बुरा स्वयं गुरु भी नहीं कर सकते। गुरु पूर्णिमा को बौद्ध धर्म के अनुयायी गौतम बुद्ध द्वारा सारनाथ में दिए गए पहले उपदेश के सम्मान में मनाते हैं। सिख धर्म में केवल एक ईश्वर और अपने सभी दसों गुरुओं की वाणी को ही जीवन के वास्तविक सत्य के रूप में मानते है। जैन धर्म के अनुसार इस दिन को चौमासा अर्थात चार महीने के बारिश के मौसम की शुरुआत के रूप में तथा त्रीनोक गुहा पूर्णिमा के रूप में माना जाता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व वास्तव में मानव जीवन में गुरु के विशिष्ट स्थान को दर्शाता है। एक दोहे में गुरु की महिमा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा गया है:-

गुरु को पारस जानिए, करे लौह को स्वर्ण।
शिष्य और गुरु जगत में, केवल दो ही वर्ण।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

उम्र भर याद

उम्र भर याद आता रहा अजनबी दिल गया तोड़ कर बेवफा अजनबी। दिल का मौसम बदलने लगा इस कदर आज कल लग रही है हवा अजनबी। चंद खुशियाँ मिली डाक से खोई जो नाम उस पर लिखा था अता अजनबी। खो गए हैं गरीबी में रिश्ते सभी गम की रातें हैं साया लगा अजनबी। छूटती जा रही रेत सी हाथ से जीस्त कहने लगी अलविदा अजनबी। ढूंढ लेना ÷तनुज÷ मुझको हर्फों में तुम सबको देता नहीं हैं पता अजनबी। - **सतीश मैथिल तनुज**

चाहत ही बेहिसाब

चाहत ही बेहिसाब की मैंने जिंदगी बहुत ख़्वाब की मैंने सोच-सोचकर हर एक बात नींदें कितनी खराब की मैंने इश्क़ जुदा कभी ग़म से नहीं मिली सौगातें गुलाब की मैंने चैन ओ सुकून नहीं पास मेरे आँखें अपनी तालाब की मैंने हर लफ़्ज किताब हो गए जिंदगी को बेनकाब की मैंने क्या खता थी क्या ही बताएँ कुछ तो नहीं हिसाब की मैंने सबब रोने का बड़ा जुदा था क्यूँ ख़्वाहिश अजाब की मैंने।

- सपना चन्द्रा

हमने नए गीत, जब गुनगुनाए

हमने नए गीत, जब गुनगुनाए। कितने सपन रेशमी झिलमिलाए। बहने लगी फिर हवाओं में गुन गुन दिल छू रही है नर्म सी ये रुनझुन देख कर नशीली नशीली फ़िज़ा को अधर पर हंसी के फूल मुस्कराए। हमने नए... कोई मुहब्बत की बाजीगरी है ये नई उल्फ़त की जादूगरी है जब गीत बादल ने सींचे हैं बंजर तब ये नए फूल पतझर में आए हमने नए गीत...खुशबू से लिपटी हवा बह रही है गीतों की कोयल क्या कह रही है दिल छू रही है सरगम सुरीली बाबरा मेरा मन फिर। गीत गाए हमने नए गीत। - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

वर्तमान की बात पर ढूंठ बनकर भर्त्सना

वर्तमान की बात पर ठूंठ बनकर भर्त्सना करते काल की बात कह अपने पंगुता को कितना छुपाओगे भूत से वर्तमान में विचरते कुछ अंश छोड़ देते हो जिसे भविष्य में वर्तमान हो कर ना जाने कितने कही-अनकही सवालों का मलबा लगा दोगे सुनो गुलाब की जगह रजनीगन्धा का फूल भी कभी किताब में रख लेना कभी-कभी बस तुम हर वक्त वक्त के साथ खुशबू देते रहना। **- प्रीति श्रीवास्तव**

ये सड़क भी नाराज ये पुल भी नाराज

ये सड़क भी नाराज ये पुल भी नाराज है चलना था सालों साल मगर टूट रहा आज है खण्डर हो जाये भवन टूट जाए बने बांध भी फर्क नही पड़ता साहेब आप पर जिनको नाज है विकास के बिगड़े हैं लय बज रहे फिर भी साज है सहमी मैना चुप है कोयल भूखा सामने उनके बाज है नंगे लुच्चे सफल बहुत असफल बुद्धिबाज है सफलता के बदल गए मायने इसके पीछे क्या राज है ! - **संत आर थवाइत**

जब तक बहुत जरूरी न हो महारा

जब तक बहुत जरूरी न हो महारान जाये. पर्यटन के लिए तो बिल्कुल नहीं. मुंबई तो भूलकर भी न जाये. भाषा के नाम पर गुंडागर्दी का प्रतिकार करने यह एक शांतिपूर्ण कारगर कदम होगा। **- अनिल पांडेय**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी नई नौकरी का ऑफर आ सकता है।

वृष : आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने अधिकारियों से काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में किसी काम करने के लिए रहेगा। परिवार में यदि किसी सदस्य से अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

कर्क : आज के दिन आपको सेहत पर भी ध्यान देना होगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

सिंहः आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है आपको अपनी वाणी की सौम्यता बनाए रखनी होगी।

कन्याः आज का दिन आपके लिए रुपए-पैसे से संबंधित मामलों में ध्यान देने के लिए रहेगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए शुभ साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप विभिन्न क्षेत्रों में आगे रहेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मित्र आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं।

धनुः आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

मकरः आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करना पड़ेंगे।

कुंभः आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। आपको अपने खर्चो पर पूरा ध्यान देना होगा।

मीनः आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है, वह पढ़ाई में पूरी मेहनत से जुटेंगे। आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो सकता है।

सूर्योदय : 05:47, सूर्यास्त : 9 19:17, चन्द्रोदय : 9 18:19, चन्द्रास्तः 9 28:56, अयन : दक्षिणायन, ऋतु : वर्षा, शक सम्वतः 9 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः 2082 (सिद्धार्थी), युगाब्द (कलि संवत) : 5127, मास : आषाढ़, पक्ष : शुक्ल,तिथि : पूर्णिमा, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, योग : इन्द्र, प्रथम करण : गर (13:11 तक), द्वितीय करण : वणिज (25:36+ तक)।

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : धनु, मंगल : सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदित, पूर्व , मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : वृषभ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) हाल ही में चर्चा में रहे ऑस्कर तूफान का संबंध किस से है?

2) हाल ही में, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने किस देश को आधिकारिक रूप से मलेरिया मुक्त घोषित किया है?

3) सौ फीसदी सौर ऊर्जा पर चलने वाला भारत का पहला केंद्र शासित प्रदेश कौन सा है?

4) अंग्रेजी समाचार पत्र लीडर की स्थापना किसने की?

5) हाल ही में, कालिदास सम्मान पुरस्कार 2023 से किसे सम्मानित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अटलांटिक महासागर (2) मिस्र (3) दीव (दादरा और नगर हवेली तथा दमन दीव) (4) मदन मोहन मालवीय (5) रघुपति भट्ट

शब्द सागर

■ न्यूज गैलरी

माना एयरपोर्ट पर 3 साल पहले हुई शासकीय हेलीकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग पर अब हुई कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। माना एयरपोर्ट पर तीन साल पहले हुई शासकीय हेलीकॉप्टर अगस्ता-109 की क्रैश लैंडिंग पर अब तत्कालीन चीफ पायलट पंकज जायसवाल की सेवाएं समाप्त की गई हैं. वर्तमान में वे राज्य विमानन विभाग में मुख्य सलाहकार के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। माना एयरपोर्ट पर 12 मई 2022 को हेलीकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग में कैप्टन एपी श्रीवास्तव और कैप्टन गोपाल कृष्ण पांडा की मौत हो गई थी. लेकिन हादसे के बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लापरवाही के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई करना तो दूर घटना की जांच के आदेश भी नहीं दिए थे. इसके उलट कांग्रेस सरकार ने तत्कालीन चीफ पायलट जायसवाल को तीन लाख मासिक वेतन पर मुख्य सलाहकार नियुक्त कर दिया था। वहीं घटना की जांच के लिए डायरेक्टोरेट ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की टीम यहां पहुंची और रिपोर्ट तैयार की. बताया जा रहा है कि करीब तीन महीने पहले जारी जांच रिपोर्ट हेलीकॉप्टर क्रैश होने के पीछे की लापरवाही और चूक का खुलासा किया गया है. रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि माना एयरपोर्ट पर सरकारी हेलीकॉप्टर का मेंटेनेंस सिस्टम कमजोर था, यहां तक जरूरी पार्ट्स भी नहीं बदले जा रहे थे। डीजीसीए के रिपोर्ट दिए जाने के बाद उसे उजागर नहीं किया जा रहा था। लेकिन समाचार पत्रों के माध्यम से डीजीसीए की रिपोर्ट सामने आने के बाद राज्य विमानन विभाग में जिम्मेदारों की भूमिका की जांच शुरू की, और तत्कालीन चीफ पायलट पंकज जायसवाल की सेवाएं समाप्त की गई।

तेलीबांधा के गोल्ड जिम में लगी आग

रायपुर/ नवप्रदेश। तेलीबांधा तालाब के सामने स्थित गोल्ड जिम में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। मरीन ड्राइव में मॉर्निंग करने आए लोगो ने इसकी जानकारी फायर बिग्रेड को दी और सूचना मिलते ही दमकम कर्मी वहां पहुंचे और घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग लगने का कारण अभी तक सामने नहीं आया है, आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से यहां लाग लगी होगी। तेलीबांधा तालाब के सामने गोल्ड जिम में बुधवार की अलसुबह आग लग गई, देखते ही देखते आग बढ़ती गई और काला धुंआ उठने लगा। मरीन ड्राइव में मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने धुंआ उठते देखा और तत्काल इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दिया।

युवा कांग्रेस नेता आशीष शिंदे गिरफ्तार



रायपुर/ नवप्रदेश। राजधानी की तेलीबांधा पुलिस ने युवा कांग्रेस नेता आशीष शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी तांत्रिक केके श्रीवास्तव की गिरफ्तारी के बाद की गई है। बताया जा रहा है कि शिंदे ने केके को फरार कराने में मदद की थी। इसके अलावा आरोपी केके श्रीवास्तव को अपनी गाड़ी में लगातार घुमा रहा था। अपना राजनीतिक वजूद बताकर भी कांग्रेस कार्यकाल में कुछ लोगों से पैसे लेने के आरोप लगे थे,शिंदे को एक पूर्व विधायक का करीबी भी बताया जाता था। बता दें शिंदे काफी दिनों से फरार चल रहा था। एक जमीन के पुराने मामले में भी शिंदे के खिलाफपंडरी मोवा थाने में अपराध दर्ज है। पुलिस पूछताछ कर रही है।

छत्तीसगढ़ के अनिमेष ने 100 मीटर रेस में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

भारत को मिला नया स्प्रिंट स्टार

रायपुर/ननवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के छोटे से गांव से निकलकर यूरोप के ट्रैक तक का सफर तय करने वाले अनिमेष कुजूर इन दिनों देशभर में चर्चा का विषय बने हुए हैं। 5 जुलाई को ग्रीस के वारी शहर में आयोजित ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट मीट में उन्होंने 100 मीटर दौड़ सिर्फ 10.18 सेकंड में पूरी कर भारत का नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। हालांकि रेस में अनिमेष तीसरे स्थान पर रहे, लेकिन यह प्रदर्शन भारत के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ। इससे पहले यह रिकॉर्ड गुरइंदरबीर सिंह के नाम था। उनके आगे इस दौड़ में दक्षिण अफ्रीका के बेंजामिन रिचर्डसन (10.01 सेकंड) और ओमान के अली अल बलूशी (10.12 सेकंड) थे। छत्तीसगढ़ के जशपुर से यूरोप के ट्रैक तक का सफर

अनिमेष जशपुर जिले के आदिवासी गांव घुइतांगर से ताल्लुक रखते हैं। उनके माता-पिता दोनों छत्तीसगढ़ पुलिस में डीएसपी पद पर कार्यरत हैं। माता-पिता का कहना है कि उन्हें बेटे पर गर्व है, और यह सिर्फ शुरुआत है।

सेना में भर्ती होना चाहते थे अनिमेष

सैनिक स्कूल अंबिकापुर से बारहवीं तक की पढ़ाई करने वाले अनिमेष ने कभी नहीं सोचा था कि दौड़ उनका करियर बन जाएगी। उनका सपना था सेना में भर्ती होने का। 2020 में 12वीं पास करने के बाद वे फौज की तैयारी में जुटे थे, लेकिन उसी दौरान फुटबॉल खेलते-खेलते उन्हें रेसिंग का रास्ता मिल गया। कोरोना महामारी का दौरान दोस्तों के कहने पर उन्होंने एक ओपन टूर्नामेंट में 100 मीटर दौड़ में हिस्सा लिया और वहीं से करियर की दिशा बदल गई। अनिमेष ने बताया कि उन्होंने वहां से अगले टूर्नामेंट में भाग लिया, फिर वहां से और अगलेज इस तरह साल भर में ही मे ही उनकी जिंदगी में रेस ने जगह बना ली। और उन्हें दौड़ने में मज़ा आने लगा था।

कोच मार्टिन ओवेंस ने संवारा करियर

ओडिशा के रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स हाई परफॉर्मेंस सेंटर में एक प्रतियोगिता के दौरान कोच मार्टिन ओवेंस की नजर जब अनिमेष पर पड़ी, तो उन्होंने उसे ट्रेनिंग के लिए आमंत्रित किया। मार्टिन कहते हैं कि शुरू में अनिमेष की तकनीक में काफी सुधार की जरूरत थी, लेकिन उसकी गति और जुनून गजब का था। अब उसका नतीजा सामने है।

अभी बहुत कुछ सीखना बाकी- अनिमेष कुजूर

अनिमेष कहते हैं, मुझे इस बार यूरोप में दौड़ने और ट्रेनिंग लेने के बाद यह समझ में आया कि अभी बहुत कुछ सीखना है. मैं अपनी पूरी जान लगाकर दौड़ूंगा।

200 मीटर में भी रचा इतिहास

अनिमेष ने पिछले साल स्पेन में 100 मीटर की दौड़ 10.27 सेकंड में पूरी की थी, जो उस समय उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। वहीं इस साल जेनेवा मीट में उन्होंने ने 200 मीटर की रेस 20.27 सेकंड में पूरी की, जो अब तक किसी भारतीय द्वारा दर्ज की गई सबसे तेज़ दौड़ है। हालांकि तकनीकी कारणों से इसे आधिकारिक रिकॉर्ड में शामिल नहीं किया गया, क्योंकि उस समय हवा की गति तय सीमा (2 मीटर/सेकंड) से अधिक थी।

मां की डांट से लेकर गर्व तक का सफर

अनिमेष बताते हैं कि शुरुआत में मां उन्हें पढ़ाई से भटकता देख डांटती थीं। उन्हें लगता था कि खेल में भविष्य नहीं है। लेकिन अब वही मां दिन में कई बार फोन करके हालचाल लेती हैं और गर्व से भर जाती हैं।

अगला पड़ाव-मोनाको की डायमंड लीग

अनिमेष फिलहाल यूरोप दौरे पर हैं और 11 जुलाई को मोनाको में होने वाली डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे। कोच मार्टिन का मानना है कि यह प्लेटफॉर्म अनिमेष जैसे युवा खिलाड़ियों को विश्व स्तर के एथलीट्स के साथ दौड़ने का बेहतरीन मौका देगा।

संयुक्त किसान मोर्चा ने भी हड़ताल को समर्थन दिया

राष्ट्रव्यापी हड़ताल में ट्रेड यूनियनों ने समर्थन में निकाली मशाल रैली

रायपुर/नवप्रदेश। देशभर में आज बैंकिंग, बिमा, पोस्टल, कोयला खनन जैसे क्षेत्रों में कार्यरत 25 करोड़ से अधिक कर्मचारी आज हड़ताल पर रहे। देशव्यापी हड़ताल की पूर्व संध्या राजधानी रायपुर में ट्रेड यूनियनों ने मशाल रैली निकाली। संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच के आह्वान पर निकली इस रैली में संगठित और असंगठित क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों श्रमिकों ने भाग लिया. रैली की शुरुआत कर्मचारी भवन, बुढ़ापारा से हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई वापस कर्मचारी भवन पहुंचकर आमसभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए संयुक्त मंच के संयोजक धर्मराज महापात्र ने कहा कि हड़ताल में देशभर से 20 करोड़ से अधिक श्रमिक शामिल होंगे. बैंकिंग, बीमा, पोस्टल, टेलीकॉम, रेलवे, स्टील, कोयला, केंद्र व राज्य सरकार के कर्मचारी, साथ ही असंगठित क्षेत्र के श्रमिक बड़ी संख्या में इस आंदोलन का हिस्सा बने। सभा को संबोधित करते हुए मंच के संयोजक का. धर्मराज महापात्र ने कहा हड़ताल में 20 करोड़ से अधिक मेहनतकश जनता शामिल होने जा रही है। बैंकिंग,

बीमा, पोस्टल, टेलीकॉम, रेलवे, स्टील, कोयला, केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी, साथ ही असंगठित क्षेत्र के श्रमिक बड़ी संख्या में इस आंदोलन का हिस्सा बने। उन्होंने बताया कि हड़ताल का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा थोपे जा रहे श्रम संहिताओं, निजीकरण, ठेकाकरण, आउटसोर्सिंग, ट्रेड यूनियन अधिकारों पर हमलों, महंगाई, बेरोजगारी, सांप्रदायिकता, किसानों को फसल का उचित मूल्य देने और संविधान विरोधी गतिविधियों का विरोध करना है. इस हड़ताल का आह्वान इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, एक्टू समेत 10 केंद्रीय श्रम संगठनों और 100 से अधिक श्रमिक व जन संगठनों ने किया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने भी इस हड़ताल को समर्थन दिया है। महापात्र ने जानकारी दी कि रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रमिक अपने-अपने कार्यस्थलों पर हड़ताल करेंगे और इसके बाद एलआईसी के पंडरी स्थित मंडल कार्यालय में आयोजित संयुक्त सभा में शामिल हुई। वहीं दोपहर को अंबेडकर चौक में वामपंथी दलों द्वारा एक प्रदर्शन भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में हड़ताल की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभा के दौरान उन्होंने श्रमिकों की प्रमुख मांगें भी रखीं, जिनमें सरकारी क्षेत्रों में तत्काल भर्ती शुरू करने, न्यूनतम वेतन 26,000 रूपये प्रतिमाह निर्धारित करने, महंगाई और बेरोजगारी रोक लगाने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, बीमा संशोधन विधेयक को वापस लेने, एफडीआई और निजीकरण पर रोक पर लगाने, धर्म और जाति के नाम पर हिंसा पर नियंत्रण, संविधान की रक्षा, श्रम संहिताएं रद्द करने, 35 घंटे का कार्य सप्ताह लागू करने, महिलाओं, दलितों और अल्पसंख्यकों पर हो रहे उत्पीड़न को रोकने जैसी मांगें शामिल हैं। मशाल रैली में सीटू महासचिव एम के नंदी, सुरेन्द्र शर्मा, राजेश पराते, नवीन गुप्ता, संदीप सोनी, अनुसुइया ठाकुर, ज्योति पाटिल, धार्मिणी सोनवानी, शिरीष नलगुंडवार, जे एस नशकर, अतुल देशमुख, वी एस बघेल, गजेन्द्र पटेल, राजेश अवस्थी, ऋषि मिश्रा, डी सी पटेल, सुभाष साहू, ललित वर्मा, दुलाल मजूमदार, श्रीकांत पेंढारकर, पूनम साहू प्रमुख रूप से शामिल थे. बैंक, बीमा, पोस्टल, टेलीकॉम, बीमा पेंशनर्स, सीटू, एस एफ आई राज्य सरकार व केंद्र सरकार से जुड़े श्रम संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी जिले के कलेक्टरों को लिखा पत्र

न्यायालय में अभियुक्तों और साक्षियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेशी सुनिश्चित करें

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, त्वरित और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी किया है। जिसमें उन्होंने अभियुक्तों एवं साक्षियों की अदालतों में यथासंभव श्रव्य-दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से उपस्थिति एवं परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर लिखा, आमतौर पर यह देखने में आ रहा है कि न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में अभियुक्तों एवं साक्षियों के परीक्षण के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से आहूत किया जाता है। जेल से अभियुक्तों और आरोपियों को न्यायालय में उपस्थित कराने की प्रक्रिया में अत्यधिक समय और बल की आवश्यकता होती है। कभी-कभी अभियुक्तों की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न हो जाता है। इसी प्रकार चिकित्सक, बैंककर्मी और अन्य लोक सेवकों के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से न सिर्फ उनका लोक कृत्य प्रभावित होता है बल्कि शासन पर उनके आवागमन के व्यय का अतिरिक्त भार भी पड़ता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में विहित प्रावधानों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अभियुक्तों एवं साक्षियों की न्यायालय में श्रव्य दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों से उपस्थिति और परीक्षा सुनिश्चित किये जाने के संबंध में कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

इसलिए अभियुक्तों और साक्षियों की न्यायालय में यथासंभव श्रव्य दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों से उपस्थिति और परीक्षा सुनिश्चित किये जाने के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायालय की अध्यक्षता में होने वाली मॉनिटरिंग समिति की बैठक के एजेंडा में शामिल कर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जैतूसाव मठ की जमीन विवाद मामले में संभागायुक्त ने गठित की जांच कमेटी

रायपुर/नवप्रदेश। श्री रामचंद्र स्वामी जैतूसाव मठ के ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 ट्रस्ट भूमि की नामांतरण पंजी क्रमांक-143 -15 जुलाई 1989 द्वारा किए गए कूटरचित नामांतरण विक्रय व राशि गबन की शिकायत पर रायपुर संभाग के आयुक्त महादेव कावरे ने जांच कमेटी गठित कर दी है। महंत राम आशीष दास द्वारा राज्य शासन, संभागायुक्त रायपुर व कलेक्टर रायपुर से इस पूरे फर्जीवाड़े और दस्तावेजों में की गई कूटरचना की जांच एक उच्च स्तरीय समिति से कराने की मांग की गई है। महंत राम आशीष दास ने बताया कि श्री रामचंद्र स्वामी जैतूसाव मठ की सेजबहार में 92 एकड़ की बेशकीमती जमीन स्थित है. इसकी कीमत करीब 300 करोड़ रुपए अनुमानित बताई जा रही है।

इस 92 एकड़ जमीन में से 29 एकड़ जमीन को वर्ष 2000 में दस्तावेजों में कूटरचना कर विक्रय कर दिया गया है. महंत राम आशीष दास ने बताया कि शासन ने हिंदू धर्मावलंबी की आस्था के बड़े केंद्र श्री रामचन्द्र स्वामी जैतूसाव मठ के इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया है. रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कांवरे ने इस पूरे मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति रायपुर संभाग उपायुक्त बीआर जोशी की अध्यक्षता में 4 सदस्यों की समिति गठित की है. इस जांच समिति में राममूर्ति दीवान तहसीलदार रायपुर, पूजा रानी सोरी लेखाधिकारी व मुन्नालाल टाण्डेय अधीक्षक को भी शामिल किया गया है. संभागायुक्त ने इस जांच समिति को निर्देश देते हुए यह लिखित आदेश भी दिए हैं कि प्रकरण की जांच कर 15 कार्य दिवसों में अनिवार्य रूप से जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करें. मंहत राम आशीष द्वारा शासन को प्रस्तुत दस्तावेजों के मुताबिक तात्कालिक मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना व दस्तावेजों में कूटरचना की गई है. वर्ष 1983 को पंजीयक सार्वजनिक न्यास के समक्ष प्रस्तुत कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर मठ की सेजबहार स्थित 92 एकड़ जमीन की बिक्री के लिए अनुमति प्राप्त की गई थी।

मंत्री राजवाड़े के प्रयासों ने दी सूरजपुर को शैक्षणिक समृद्धि की सौगात

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने 441 लाख की लागत से बनेगी सेंट्रल लाइब्रेरी

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से सूरजपुर जिले के युवाओं को एक बड़ी सौगात मिली है। छत्तीसगढ़ शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सूरजपुर में सेंट्रल लाइब्रेरी एवं रीडिंग जोन के निर्माण के लिए 441.49 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

यह अत्याधुनिक सेंट्रल लाइब्रेरी 250 सीटों की क्षमता के साथ विकसित की जाएगी, जिसमें

डिजिटल स्टडी मटेरियल, ई-लर्निंग संसाधन, शांत रीडिंग जोन, इंटरनेट सुविधा और पुस्तकालय प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों का समावेश होगा। इसका लाभ स्कूली विद्यार्थियों से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं और साहित्य प्रेमियों तक को मिलेगा।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह लाइब्रेरी केवल भवन नहीं, बल्कि हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद होगी। यह ज्ञान आधारित समाज की ओर एक सशक्त कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल शैक्षणिक सशक्तिकरण, क्षेत्रीय संतुलन और अध्ययनशील वातावरण को मजबूती देने में मील का पत्थर साबित होगी। इस निर्णय से सूरजपुर जिले में हर्ष की लहर है।

एडवर्टाइजिंग एजेंसी एसोसिएशन ऑफ छग द्वारा ब्रांड मैनेजमेंट विषय पर सेमिनार

रायपुर /नवप्रदेश। एडवरटाइजिंग एजेंसी एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा होटल सयाजी में ब्रांड मैनेजमेंट पर सेमिनार आयोजित किया गया। नागपुर के डॉ. संजय अरोरा ने ब्रांडिंग की गहराई समझाते हुए बताया कि ब्रांड सिर्फ उसकी विजुअल आइडेंटिटी तक सीमित नहीं, बल्कि उसकी असली ताकत उसके इंटैन्जिबल और परसीव्ड वैल्यू में होती है। उन्होंने कई उदाहरणों से समझाया कि कैसे बड़ी कंपनियां अपने ब्रांड के दम पर मार्केट में टिकती हैं–जैसे साधारण नमक टाटा के नाम से 25 रुपए में बिकता है, जबकि कैच कंपनी 100 ग्राम नमक 25 रुपए में बेचती है। डॉ. अरोरा ने कोका कोला का उदाहरण देते हुए बताया कि यह ब्रांड पिछले 130 साल से नंबर 1 है, फिर भी लगातार ब्रांडिंग और एडवरटाइजिंग पर फोकस करता है। उन्होंने ब्रांडिंग एक्टिविटीज़ प्लान करने के लिए एक छोटा सा फ्रेमवर्क भी प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित लोग अपने क्लाइंट्स

के लिए ब्रांड की ताकत बना सकें।

इस कार्यक्रम में प्रिंट मीडिया, होर्डिंग, डिजिटल, एफएम, मार्केटिंग, और एमबीए के छात्र शामिल हुए। एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार सिंह ने पूरी टीम के योगदान के लिए धन्यवाद दिया। मंच संचालन दीपक जैन और मनीष राज्यवर्धन ने किया। कार्यक्रम में शिवाजी मथनी, अजय जैन, अफसर खान, अतुल जैन, पंकज टावरी, राजेश दुग्गड़, ऋषभ पारेख, पंकज गुप्ता, प्रबोध जैन सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद से राज्यपाल डेका ने की सौजन्य भेंट

रायपुर /नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने आज नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद से सौजन्य भेंट की। डेका ने कोविंद को राजकीय गमछा पहनाया और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया।

युक्तियुक्तकरण से दुरूस्त हुआ शिक्षा व्यवस्था

गांव-गांव में लौटी पढ़ाई की रौशनी

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा स्कूली शिक्षा को सशक्त, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में उठाए गए युक्तियुक्तकरण के निर्णय का प्रभाव अब जमीनी स्तर पर देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शुरू की गई इस पहल के तहत जिले में शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय स्कूलों की तस्वीर अब पूरी तरह बदल गई है।

युक्तियुक्तकरण से प्रभावित शिक्षकों को मिलेगी राहत

छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शासन ने संभाग और संचालनालय स्तर पर लिए गए निर्णयों के विरुद्ध शिक्षकों की आपत्तियों पर सुनवाई के लिए दो स्तरीय समितियों का गठन किया है। ये समितियां संभाग और संचालनालय स्तर पर काम करेंगी। शिक्षक अपनी आपत्तियों को पहले संभागीय स्तर पर और आवश्यक होने पर संचालनालय स्तर पर प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके लिए 15 दिनों की समयसीमा निर्धारित की गई है। बता दें कि राज्य सरकार द्वारा गठित संभागीय समिति की अध्यक्षता संबंधित संभागायुक्त करेंगे। समिति में संयुक्त संचालक और डीपीआई कार्यालय के सहायक संचालक को सदस्य नामित किया गया है।

अब खैरागढ़-छुईखदान- गंडई जिले की कोई भी प्राथमिक, माध्यमिक या उच्चतर माध्यमिक शाला शिक्षक विहीन नहीं है। शिक्षक विहीन दो प्राथमिक शालाओं में जैसे ही शिक्षकों की नियुक्ति हुई, वहां के ग्रामीणों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। गर्रापार गांव के प्राथमिक शाला में नियुक्त शिक्षक को देखकर पालक रामविलास पटेल ने खुशी जताते हुए कहा कि सरकार की इस योजना ने हमारे बच्चों की पढ़ाई को एक नई दिशा दी है।

इसी कड़ी में 98 एकल शिक्षकीय प्राथमिक शालाओं और तीन एकल शिक्षकीय हाईस्कूलों में भी अतिरिक्त शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। इससे न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, बल्कि अब बच्चों को व्यक्तिगत रूप से ध्यान मिलना शुरू हो गया है। शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ने से स्कूलों में कक्षाओं का संचालन भी सुचारु हो गया है।

नक्सल प्रभावित उसूर में सीआरपीएफ का 'सिविक एक्शन' बांटे जूते-चप्पल

♦ देश के विकास में भागीदार बनने का आह्वान

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के घोर नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक स्थित कस्तूरीपाड़ और आसपास के गांवों में आज केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने एक व्यापक 'सिविक एक्शन' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना मजबूत करना, केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से उन्हें अवगत कराना और प्रशासन व जनता के बीच विश्वास का पुल बनाना था।

यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम डी व जी /196 वाहिनी सीआरपीएफ द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस महानिरीक्षक छत्तीसगढ़ सेक्टर राकेश अग्रवाल (आई.पी.एस.), पुलिस उप महानिरीक्षक बीजापुर रेंज बी. एस. नेगी, और कमांडेंट-196 वाहिनी सीआरपीएफ कुमार मनीष का मार्गदर्शन व दिशा-निर्देशन रहा। फील्ड में इस कार्यक्रम का नेतृत्व 196 वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश, सहायक कमांडेंट रमेश नायक और डब्ल्यू. प्रेमजीत सिंह ने किया। उसूर ब्लॉक के ग्राम बेंगूपारा और वीकापारा में सहायक कमांडेंट संतोष पटेल (एफ / 196 वाहिनी) ने भी इसी तरह के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को सूचना और जागरूकता से जुड़े रहने के लिए रेडियो सेट वितरित किए गए। महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष रूप से कपड़े, चप्पल और स्कूल बैग का वितरण किया गया, साथ ही दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी दी गईं।

एक चिकित्सा शिविर भी लगाया गया जहां 196 वाहिनी के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. किरन राज और पैरामेडिकल स्टाफ ने बड़ी संख्या में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को उचित उपचार के साथ-साथ आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त दी गईं।द्वितीय कमान अधिकारी श्री दिनेश ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व और देश की एकता व अखंडता में उनकी भूमिका पर प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सीआरपीएफ उनकी सुरक्षा, सम्मान, सहायता और सहयोग के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। श्री दिनेश ने बताया कि सीआरपीएफस्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार के साथ मिलकर नए सुरक्षा कैंप, जन सुविधा केंद्र, सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।उन्होंने ग्रामीणों से नक्सलियों के बहकावे में न आने, अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने, और केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाकर देश के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया।इस कार्यक्रम में गांव के सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने सीआरपीएफ की इस पहल की जमकर सराहना की और क्षेत्र से नक्सल समस्या को खत्म करने में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। यह कार्यक्रम बीजापुर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में सुरक्षा बलों और स्थानीय आबादी के बीच सामंजस्य स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है।

न्यूज गैलरी

''रेडियो जॉकी'' बनने की ओर जिले के युवाओं ने बढ़ाया कदम

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। नवोदित प्रतिभाओं को मंच देने और उन्हें संप्रेषण कौशल में दक्ष बनाने के उद्देश्य से नवा दंतेवाड़ा रेडियो स्टेशन द्वारा ''रेडियो जॉकी'' प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण दिनांक 09 जुलाई से 29 जुलाई 2025 तक चलेगा। यह कार्यक्रम विकास अनुसंधान संस्थान, दंतेवाड़ा के तत्वावधान में एवं डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी दंतेवाड़ा के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक कलेक्टोरेट परिसर स्थित नवा दंतेवाड़ा रेडियो स्टेशन में संपन्न हो रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 20 चयनित युवाओं को रेडियो प्रेजेंटेशन, आवाज की तकनीक, कंटेंट निर्माण, साक्षात्कार की कला, स्क्रिप्ट लेखन एवं स्टूडियो संचालन आदि की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। रेडियो के माध्यम से युवाओं को संवाद कौशल, आत्मविश्वास और जनसंचार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का उद्देश्य इस पहल के मूल में है। गौरतलब है कि इस ''रेडियो जॉकी'' प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी अत्यंत उत्साहित हैं और वे इसे अपने लिए एक सुनहरा अवसर मान रहे हैं। इस अभिनव प्रयास से स्थानीय युवाओं को मीडिया क्षेत्र में करियर की दिशा में मार्गदर्शन मिल रहा है।

मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के ÷मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान÷ के अंतर्गत जिले में 12वें चरण की शुरुआत की गई है। इस परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले के सभी चार विकासखंडों में यह अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। अभियान के लिए जिले में कुल 217 स्वास्थ्य टीमों का गठन किया गया है, जो गांव-गांव और घर-घर जाकर मलेरिया की जांच कर रही हैं। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मियों की टीम मलेरिया की रैपिड डायग्नोस्टिक किट से लोगों की जांच कर रहे हैं। और यदि कोई व्यक्ति मलेरिया पॉजिटिव पाया जाता है, तो उसे तुरंत निःशुल्क दवाएं देकर उपचार शुरू किया जा रहा है। साथ ही, मरीजों और उनके परिजनों को आवश्यक परामर्श भी दी जा रही है कि वे बीमारी की गंभीरता को समझें और सावधानी बरतें।जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. देशदीप ने इस संबंध में जानकारी दी कि मलेरिया संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। काटने के 8-10 दिन बाद मरीज को तेज बुखार, सर्दी और कंपकंपी जैसे लक्षण महसूस होते हैं। समय पर इलाज मिलने पर यह बीमारी गंभीर नहीं होती, लेकिन जागरूकता और परामर्श अत्यंत आवश्यक है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अऋणी कृषक 31 जुलाई तक ले सकते है लाभ

■ जिले के कृषकों से लाभान्वित होने की गई अपील

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश।कार्यालय कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला प्रशासन खरीफ 2025 सीजन के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं, असमय वर्षा, सूखा, ओलावृष्टि, कीट प्रकोप और अन्य जोखिमों से फसल को होने वाली क्षति के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करना और खेती को एक सुरक्षित व लाभकारी व्यवसाय बनाना है।

इस योजना के अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वचालित रूप से कर दिया जाएगा, बशर्ते उन्होंने खरीफ 2025 के लिए फसल ऋण लिया हो। लेकिन अऋणी कृषकों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए स्वयं पहल करनी होगी। उन्हें निर्धारित तिथि से पहले अपने नजदीकी ग्राहक सेवा केंद्र (सीएससी) सेंटर में जाकर बीमा कराना आवश्यक होगा। इसके साथ ही अऋणी कृषकों के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति, स्वयं के नाम की भूमि रिकॉर्ड की प्रति, बुआई प्रमाण पत्र, सक्रिय बैंक खाते की प्रति जिसमें खाता संख्या और ईएफएससी कोड तथा निर्धारित प्रीमियम राशि लेकर बीमा केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा। इसके अलावा खरीफ फसलों के लिए बीमा प्रीमियम बीमांकित राशि का केवल 2 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। सिंचित धान के लिए 960 रुपये प्रति हेक्टेयर तथा असिंचित धान के लिए 840 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से बीमा प्रीमियम निर्धारित किया गया है। गौरतलब है कि यह योजना बहुत ही कम प्रीमियम में किसानों को अधिकतम बीमा सुरक्षा प्रदान करती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह प्राकृतिक आपदा, सूखा, ओलावृष्टि, बाढ़, कीट व रोगों के प्रकोप जैसी आपदाओं से फसल को हुई क्षति की भरपाई करती है। इसके अलावा कटाई के बाद खेत में पड़ी फसल को नुकसान पहुंचने की स्थिति में भी किसान दावा कर सकते हैं। स्थानीयकृत आपदाएं जैसे जलभराव, भूस्खलन, ओलावृष्टि आदि भी बीमा के दायरे में आती हैं। फसल को नुकसान होने की स्थिति में किसान को 10 दिनों के भीतर टोल फ्री नंबर 1800-209-5959 पर या मोबाइल ऐप अथवा वेबसाइट के माध्यम से जानकारी देनी होती है, ताकि दावा प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।

कृषि विभाग के उपसंचालक श्री सूरज पंसारी ने इस संबंध में बताया कि खरीफ 2024 में दंतेवाड़ा जिले के 3,232 किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कुल 9,09,02,670 (नौ करोड़ नौ लाख दो हजार छह सौ सत्तर रुपये) का फसल बीमा मुआवजा प्राप्त किया था, जो इस योजना की सफलता और किसानों को होने वाले लाभ का स्पष्ट प्रमाण है। जिले के समस्त अऋणी कृषकों से कृषि विभाग द्वारा अपील की गई है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपनी मेहनत की फसल को सुरक्षित करें।

अब तक जिले के 13 हजार किसानों को 7750 मी.टन खाद वितरण

9 हजार मी.टन से अधिक खाद भंडारण

कोरिया / नवप्रदेश।। जिले में खेती किसानी जोर पकड़ चुका है। जिला प्रशासन लगातार किसानों को खाद, बीज वितरण व्यवस्था पर लगी हुई है।

खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण किया गया है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बैकुंठपुर से मिली जानकारी के अनुसार इस खरीफ सीजन के लिए 67 करोड़ रुपये का ऋण देने का लक्ष्य रखा गया है। अब- तक 12 हजार 843 किसानों को 31 करोड़ 2 लाख रुपये का कृषि ऋण वितरण किया जा चुका है।पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता, सुचारू रूप हो रहा है वितरण-विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यूरिया, डीएपी, एनपीके 12:32:16, एनपीके 20:20:013, एनपीके, 19:19:19, एसएसपी व एमओपी खाद भंडारण का लक्ष्य 9 हजार 860 मी.टन है, जबकि 92 प्रतिशत खाद यानी 9 हजार 145 मी. टन खाद भंडारण हो चुका है और करीब 13 हजार किसानों को 84 प्रतिशत अर्थात 7 हजार 750 मी.टन खाद वितरण अब तक वितरण हो चुका है।

फिलहाल जिले के विभिन्न सहकारी सेवा समितियों में लगभग 1400 मे. टन खाद उपलब्ध है, मांग के अनुरूप यूरिया, सुपर फास्फेट व पोटाश उपलब्ध है।

मैनपाट प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए सांसद महेश कश्यप व विधायक चैतराम अटामी

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के सांसदङ्कविधायक प्रशिक्षण वर्ग मैनपाट में विधायक चैतराम अटामी हुए शामिल 7 आज विशेष सत्र में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री विनोद तावड़े का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा,अरुण साव,प्रभारी मंत्री केदार कश्यप,वरिष्ठ नेता एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ,बस्तर सांसद महेश कश्यप एवं अन्य सांसद - विधायकों के साथ श्री अटामी ने प्रशिक्षण के साथ यादगार पल साझा किये 7 इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मौलश्री का पौधा रोपा और राष्ट्रिय महामंत्री विनोद तावड़े ने रुद्राक्ष का पौधरोपण किया। बस्तर सांसद महेश कश्यप एवं विधायक चैतराम अटामी ने भी पौधरोपण किया 7 उन्होंने कहा कि ÷पौधरोपण केवल एक कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवनदायिनी सौगात है।

भाजपा का हर कार्यकर्ता इस संकल्प को अपनाए।

85 बटालियन सीआरपीएफ का हिरोली में सिविक एक्शन कार्यक्रम

ग्रामीणों को मिला लाभ

बीजापुर / नवप्रदेश।। बीजापुर जनपद के तहत आने वाले अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र हिरोली में 85 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम से हिरोली और आसपास के गाँवों के लगभग 112 ग्रामीण लाभान्वित हुए। 85 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट सुनील कुमार राही के मार्गदर्शन और दिशा-निर्देशन में, तथा उप कमांडेंट मोती लाल और निरीक्षक/जीडी सागर मल के कुशल नेतृत्व में यह कार्यक्रम एफ/85 के तैनाती क्षेत्र हिरोली (एफओबी) में संपन्न हुआ।

85 बटालियन की तैनाती से पहले यह क्षेत्र विकास कार्यों से कोसों दूर था। वर्ष 2008 में बटालियन की तैनाती के बाद से नक्सलियों के विरुद्ध चलाए गए अभियानों के परिणामस्वरूप ही इस क्षेत्र में विकास कार्य जैसे सड़क निर्माण, बिजली की आपूर्ति, खाद्य सामग्रियों की उपलब्धता और वितरण का व्यवस्थापन, तथा बेहतर संचार हेतु मोबाइल टॉवरों की स्थापना जैसी मूलभूत सुविधाएं संभव हो पाई हैं।

ग्रामीणों को मिला सहयोग और जागरूकता-इस कार्यक्रम के अंतर्गत, 85 बटालियन ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले जरूरतमंद और गरीब ग्रामीणों को 60 नग रेडियो सेट और अन्य आवश्यक घरेलू उपयोगी सामान वितरित किए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों और आम जनता को सरकार द्वारा राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर उनके विकास हेतु घोषित की जा रही योजनाओं, आस-पास के जनपदों और क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों, और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना था, ताकि ग्रामीण सरकारी योजनाओं से प्रभावित होकर मुख्यधारा से जुड़ने का प्रयास करें।

85 बटालियन के कमांडेंट सुनील कुमार राही ने बताया कि रेडियो जैसे संसाधन ग्रामीणों को सूचना, शिक्षा और मनोरंजन की दुनिया से जुड़ने का एक बेहतर विकल्प हैं। उन्होंने कहा कि 85 बटालियन का यह प्रयास आम जनता और सुरक्षा बलों के मध्य विश्वास को और भी सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर उप कमांडेंट मोती लाल ने अवगत कराया कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र की जनता और सुरक्षा बलों के मध्य विश्वास की भावना जागृत होगी, तथा ग्रामीणों की विकास कार्यों में सहभागिता भी बढ़ेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि ग्रामीण नक्सलियों की कुंठित विचारधारा से निकलकर मुख्यधारा में लौटेंगे।

इस सिविक एक्शन प्रोग्राम में हिरोली के साथ-साथ पटेलपारा, सरपंचपारा, नुल्लीपारा, और मर्रेपारा जैसे आसपास के गाँवों के लगभग 112 ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस अवसर का लाभ उठाया। उपस्थित ग्रामीणों ने 85 बटालियन के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों हेतु जलपान की व्यवस्था भी की गई थी।

ग्राम हिरोली के इस कार्यक्रम के दौरान मोती लाल, उप कमांडेंट, निरी/जीडी सागर मल, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान, तथा ग्राम-सरपंच और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

पेज 1 का शेष

छत्तीसगढ़ में बौद्ध परंपरा...

रोमांचित करता है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, और राज्य सरकार इसके समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य की नवीन औद्योगिक नीति में पर्यटन को विशेष प्राथमिकता दी गई है, और मैनपाट जैसे क्षेत्रों में होम स्टे सुविधा शुरू करने वालों को विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने तिब्बती सहकारी समिति की मांग पर मैनपाट स्थित सैला रिसॉर्ट से बौद्ध मंदिर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये तथा प्राचीन बौद्ध मंदिर में शेड निर्माण के लिए 20 लाख रुपये की घोषणा की।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर पौधरोपण किया। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में पारंपरिक तिब्बती रीति-रिवाजों के अनुसार मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया गया। हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री से मुलाकात की, जिससे वातावरण उल्लासमय हो गया।

कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, कलेक्टर विलास भोसकर, सेटलमेंट अधिकारी स्वांग यांग्सो, तिब्बती सहकारी समिति के अध्यक्ष तामदिंग सेरिंग, मठ प्रमुख लामा दुब्जे, लामा जिनपा सहित तिब्बती समुदाय के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

गुजरात पुल हादसे ...

गृह मंत्री ने दुख जताया

गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने पुल हादसे पर दुख जताया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, वडोदरा और आणंद जिलों को जोड़ने वाले पुल पर हुए दुखद हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है। 6 अन्य को बचा लिया गया है। मुख्यमंत्री ने एक उच्च स्तरीय समिति को घटनास्थल पर भेजकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। बता दें कि बुधवार सुबह आणंद और पादरा को जोड़ने वाले एक पुल का हिस्सा अचानक ढह गया था। पुल के टूटते ही कई वाहन नदी में गिर गए। इस हादसे में 9 लोगों की जान गई है। यह पुल 1985 में बनाया गया था। गुजरात सरकार ने हाल ही में 212 करोड़ रुपए की लागत से एक नए पुल को बनाने की मंजूरी दी थी।

पीएम मोदी ने जताया शोक...

ट्रक, दो इको, एक रिक्शा, एक पिकअप और दो बाइक नदी में डूब गए। इस घटना में 9 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें पादरा सीएचसी और वडोदरा एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 9 लोगों की मृत्यु हो गई है, जिसकी पुष्टि कलेक्टर अनिल धमेलिया ने की है। इस घटना के बाद, 20 से अधिक अग्निशमन कर्मी, 1 एनडीआरएफ टीम, 1 एसडीआरएफ टीम, 2 अग्निशमन नावें, 3 दमकल गाड़ियां, 10 से अधिक एम्बुलेंस और 5 से अधिक चिकित्सा दल राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। इसके अलावा, स्थानीय लोग भी इसमें शामिल हो गए हैं। जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक, विधायक चैतन्य सिंह झाला और प्रांतीय अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं और राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश और मार्गदर्शन दे रहे हैं। यहां रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

ब्राजील ने पीएम मोदी ...

को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ग्रैंड कॉलर ऑफद नेशनल ऑर्डर ऑफद सदर्न क्रॉस, से सम्मानित होने पर बधाई। ब्रिक्स से लेकर जी20 तक, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को ऊंचा उठाया है। यह सम्मान उनकी राजनीतिक क्षमता और विश्व व्यवस्था को आकार देने में भारत की बढ़ती भूमिका का एक उपयुक्त सम्मान है।

चूरू में वायुसेना का ...

पहुंचीं और आग बुझाने के साथ-साथ बचाव कार्य शुरू किया। चूरू के जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना और पुलिस अधीक्षक जय यादव भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और अनधिकृत लोगों को वहां जाने से रोका जा रहा है। मौके पर राजलदेसर पुलिस को भेजा गया हैं। मलबे के पास से बुरी तरह क्षत-विक्षत शव के टुकड़े मिले हैं। वायुसेना के इस लड़ाकू विमान ने सूरतगढ़ से उड़ान भरी थी। विमान में 2 पायलट मौजूद थे। हालांकि, रतनगढ़ के पास विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही वायुसेना ने 2 हेलीकॉप्टर घटनास्थल की ओर रवाना किए। स्थानीय लोगों में हादसे के बाद दहशत का माहौल है। कई ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए, जिसके कारण पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात करना पड़ा। बता दें, यह इस साल का तीसरा जगुआर विमान हादसा है। इससे पहले 2 अप्रैल को भी गुजरात के जामनगर के पास भारतीय वायुसेना का जगुआर प्लेन क्रैश हो गया था। वहीं अंबाला के पास 7 मार्च को भी वायुसेना का डीप पेनिट्रेशन स्ट्राइक एयरक्राफ्ट जगुआर हादसे का शिकार हो गया था। वायुसेना के बेड़े में करीब 121 जगुआर विमान हैं, जिन्हें 2031 तक चरणबद्ध तरीके से हटाने और उनकी जगह एचएएल तेजस एमके1ए जैसे आधुनिक विमानों को शामिल करने की योजना है। हादसे की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय प्रशासन और सेना के अधिकारी मौके पर राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं।

12 माओवादियों ने ...

जिला व सीमावर्ती जिलों सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर में कार्यरत कुल 993 माओवादियों के द्वारा आत्मसमर्पण कर जीवन के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं। आज 09 ईनामी माओवादियों सहित कुल 12 माओवादियों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना विश्वास जाहिर करते हुए समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के लिए ईच्छा जाहिर की जिसका स्वागत करते हुए आत्मसमर्पण किया। इसके साथ ही दंतेवाड़ा पुलिस की लोन वर्राटू अभियान ने 1000 आत्मसमर्पण का आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि शासन की दूरदर्शी नीतियों, सुरक्षा बलों की सतत कार्यवाही, और स्थानीय समुदायों के विश्वास को दर्शाता है। यह माओवाद की विचारधारा से भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में लौटाने के लिए सरकार और प्रशासन की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

माओवादी संगठन का लगातार कमजोर होना, विचारधारा में गिरावट और आंतरिक संघर्ष, शासन की पुनर्वास, सुरक्षा और विकास योजनाओं का जमीनी स्तर तक प्रभावी क्रियान्वयन, जिससे ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में विश्वास बढ़ा है संगठन के भीतर शोषण, भेदभाव और हिंसा से मोहभंग,जंगलों में लगातार चल रहे सुरक्षा बलों के अभियानों और रणनीतिक घेराबंदी, परिवार से जुड़ाव और शांति की चाह ने सक्रिय माओवादियों को समाज की मुख्यधारा की ओर लौटने के लिए प्रेरित किया है। उक्त माओवादियों को आत्मसमर्पण कराने में डीआरजी/बस्तर फाईटर्स, आसूचना शाखा दन्तेवाड़ा, आरएफटी (आसूचना शाखा) दन्तेवाड़ा, 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ, 241वीं वाहिनी सीआरपीएफ, 231वीं वाहिनी सीआरपीएफबस्तर एवं परिचालन रेंज जगदलपुर का विशेष योगदान रहा।

छग को उत्कृष्ट कार्यों के ...

1,01,313 विकास कार्यों की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिनमें से 70,318 कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किए जा चुके हैं। राज्य शासन द्वारा डीएमएफ के क्रियान्वयन में पारदर्शी और जनहितकारी दृष्टिकोण को अपनाते हुए, प्रत्येक जिले में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों की योजना और निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। यह नीति न केवल भौतिक विकास बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण को भी लक्ष्य में रखती है। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ की ओर से सचिव, खनिज साधन विभाग पी. दयानंद, संचालक रजत बंसल के साथ बालोद, बलौदाबाजार-भाटापारा, कोरबा, रायगढ़ एवं दंतेवाड़ा जिलों के कलेक्टर्स एवं डीएमएफ के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

समाज कल्याण से बुजुर्ग महिलाओं को मिली छड़ी गदगद हुई बुजुर्ग माताएं

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के विभागों में सबसे अधिक लाभान्वित वाला विभाग समाज कल्याण विभाग माना जाता है। जहां दिव्यांग नेत्रहीन अपाहिज लाचार मजबूर लोगो को उपकरण देकर लाभान्वित किया जाता है।9 जुलाई को ग्राम पंचायत माटवाडा मोदी में समाज कल्याण विभाग कांकेर द्वारा पेंशन हितग्राहियों का आधार, मोबाईल भौतिक सत्यापन के दौरान ग्राम के वरिष्ठजन श्रीमती दुलारी पटेल श्रीमती लीलाबाई उसेंडी शिबती नेताम एवं श्रीमती फुलबती को छड़ी प्रदाय किया गया।जिसे वरिष्ठजनो का आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत माटवाडा मोदी से श्रीमती रूपल उसेंडी सरपंच सुश्री प्रतिभा तेता सचिव एवं उपसंचालक समाज कल्याण आशीष कुमार शोरी प्रभारी सहायक अधीक्षक सचिन चौबे कम्प्यूटर प्रोग्रामर एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

विकासखण्ड स्तरीय कृषि सलाहकार समिती बीएफएसी की बैठक

कांकेर/नवप्रदेश। बुधवार को कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कोयलीबेड़ा में एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत विकासखण्ड स्तरीय कृषि सलाहकार समिति बीएफएसी के बैठक का आयोजन किया गया उक्त बैठक में एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत वर्ष की 2025-2026 में विकासखण्डवार-घटकवार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य जिसमे कृषक प्रशिक्षण फसल प्रदर्शन एफआईजी /एफएसजी समूह संगठन किसान संगोष्ठी,कृषक खेत पाठशाला शैक्षणिक भ्रमण प्राप्त लक्ष्य पूर्ति आयोजित होने वाले कार्यशाला हेतु स्थान का चयन कृषक चयन पर विस्तृत चर्चा कर अनुमोदन लिया गया।

डीएपी खाद की कमी पूर्ति हेतु वैकल्पिक उर्वरकों का किया जा सकता है प्रयोग

किसानों को फास्फोरस एवं नत्रजन जैसे पोषक तत्वों का उपयोग करने दी गई तकनीकी सलाह

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में अच्छी वर्षा होने पर कृषि कार्य जोरों पर है। किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कोमरा ने बताया कि सहकारी समितियों में यूरिया 1348, डीएपी. 411, एमओपी 1136, एसएसपी 1643 व एनपीके 629 मीट्रिक टन की उपलब्धता है। जिले में किसानों को डीएपी खाद की कमी पूर्ति हेतु अन्य वैकल्पिक खाद फास्फोरस एवं नत्रजन जैसे पोषक तत्वों का उपयोग करने की तकनीकी सलाह दी गई है। इसके अलावा किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी का भी छिड़काव करने की सलाह दी गई है।उप संचालक कृषि ने बताया कि डीएपी एक ऐसी खाद है, जो भारत में नहीं बनती है। इसके लिए अन्य देशों से आयात पर निर्भर रहना पड़ता है और आयात सामान्य से कम हुआ है। ऐसी स्थिति में डीएपी खाद की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में नहीं हो रही है, यदि किसानों को डीएपी खाद नहीं मिलता है तो किसान इसके विकल्प के रुप में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा बताए गए अनुशंसित मिक्स खाद का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने किसान भाईयों को बेहतर फसल उत्पादन के लिए फास्फोरस एवं नत्रजन पोषक तत्वों

की पूर्ति हेतु अन्य उर्वरकों का उपयोग करने की तकनीकी सलाह दी।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि धान की जल्दी पकने वाली व देशी किस्म हेतु 24 किलोग्राम नत्रजन, 16 किलोग्राम स्फूर एवं 8 किलोग्रामे म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है. जिसकी पूर्ति 52 किलोग्राम यूरिया, 100 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 13 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 50 किलोग्राम एनकेपीके (12:32:16), 39 किलोग्राम यूरिया या 80 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस (20:20:0:13), 18 किलोग्राम यूरिया एवं 13 किलोग्राम म्यूरेट ऑफपोटाश की जा सकती है, धान की किस्में दीर्घ अवधि 141 दिन से अधिक हेतु 32 किलोग्राम नत्रजन, 20 किलोग्राम स्फूर एवं 12 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है जिसकी पूर्ति 70 किलोग्राम यूरिया, 125 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 20 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 62 किलोग्राम एनकेपीके (12:32:16), 54 किलोग्राम यूरिया व 4 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 100 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस (20:20:0:13), 26 किलोग्राम यूरिया एवं 20 किलोग्राम म्यूरेट ऑफपोटाश की जा सकती है। धान की किस्में मध्यम अवधि 126-140 दिन हेतु 40 किलोग्राम नत्रजन, 24 किलोग्राम स्फूर एवं 16 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है. जिसकी पूर्ति 87 किलोग्राम यूरिया, 150 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 27 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 75 किलोग्राम एनकेपीके (12:32:16), 67 किलोग्राम यूरिया व 7 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 120 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस (20:20:0:13), 35 किलोग्राम यूरिया एवं 27 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की जा सकती है।

दोगुना के चक्कर में करोड़ों की ठगी, रायपुर दुर्ग-भिलाई से 5 आरोपियों को किया गिरफ़्तार

■ **अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी**

कांकेर/नवप्रदेश। एक करोड़ पंद्रह लाख की धोखाधड़ी करने वाले रायपुर भिलाई दुर्ग के 05 आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ़्तार किया है।करोड़ो की ठगी के मामले की गंभीरता को लेकर और प्रकरण में विवेचना के दौरान उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलिसेला के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसीन खान के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना से टीम रवाना कर उपरोक्त आरोपीगणों के ठीकाने में पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर 05 आरोपियों को दुर्ग भिलाई रायुपर से गिरफ्तार किया गया है एवं अन्य फरार

आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा है।कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार चेतन लाल साहू पिता स्व. कार्तिक राम साहू उम्र 59 वर्ष ग्राम बोरी पो. खपरी थाना जिला बालोद द्वारा थाना कांकेर आकर 21जुलाई 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि रियलस्टेट व फारेक्स ट्रेडिंग के नाम से अफशा प्रापटी प्राईवेट लिमिटेड और आगाज इंफामल्टी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड (ट्रेडिंग टाईर एकेडमी) के द्वारा रकम दो गुना करने का लालच देकर कम्पनी डारेक्टर जगन्नाथ टांडी और सी.ई.ओ उसकी पत्नी अंजूलिका पटेल के द्वारा अपनी कंपनी का नाम बदलकर वर्तमान में अफशा प्रापटी साल्यून टैडिंग टाइगर एकेडमी जावा वेचस प्राइवेट लिमिटेड और आगाज इफ्रा सल्टी सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड छ.ग.रायपुर के नाम से चल रहा है।उक्त कम्पनी में लोगों को रकम निवेश करने पर जमा किया गया राशि का प्रतिमाह 20 एवं दो माह में डबल तथा जमीन खरीदी बिक्री करने पर 200: कैशबैक एवं गिफ्ट में कार देने का वादा कर अपनी कम्पनी में निवेश करने का लालच एवं झांसा देकर कुल राशि 72,00,000 रूपये का धोखाधड़ी करने कि रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अपराध क्र.154/25 धारा-318(4), 61(2), बीएनएस, छ.ग. निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

उक्त प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपियों द्वारा एजेंट बनकर उक्त कम्पनी में अन्य लोगों को रकम निवेश कराकर अब तक कुल एक करोड़ पन्द्रह लाख रूपये धोखाधड़ी होना पाया गया है।

बारिश के बावजूद यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओ में भारी जोश

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष श्री नीरज पांडे जी के निर्देश में कांकेर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुमित राय के नेतृत्व में कांकेर जिला के सैकड़ो साथी ÷किसान जवान संविधान सभा÷ में जोश और उत्साह के साथ इस जनसभा में शामिल हुए और लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के संकल्प के साथ अपनी मजबूती उपस्थिति दर्ज कराई!एआईसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी के गरिमा में उपस्थिति में हजारों की संख्या में रायपुर साइंस कॉलेज मैदान में प्रदेश के किसान युवा छात्र-छात्राएं,महिला सभी वर्ग के लोग शामिल हुए।एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुमीत राय ने बताया कि यह जनसभा किसानों युवाओं और संविधान के संरक्षण के लिए कांग्रेस पार्टी की संघर्ष की भावना को दर्शाती है।प्रदेश समेत देशभर में किसान परेशान हैं ,युवाओं के पास रोजगार नहीं है. संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है इसे बचाने के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे का मार्गदर्शन लेने हम पहुंचे, यह जनसभा हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है, जिसमें हम राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने को संकल्पबद्ध हैं।

कैसे पढ़ेंगे बच्चे आमाकोट हाईस्कूल भवन क्षतिग्रस्त

अंतागढ़/नवप्रदेश। क्षतिग्रस्त स्कूल में बच्चे कैसे गढ़ेंगे अपना भविष्य स्कूल भवनों का हालबेहाल शासन प्रशासन बच्चो के प्रति कितना गंभीर शायद स्कूल का हाल देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसी स्थिति में बच्चे कैसे पढ़ेगे और कैसे गढ़ेंगे अपना भविष्य, सरकार आई और गई पर सिस्टम नहीं बदला थोड़ी बारिश और स्कूलों में छतों से पानी का टपकना इसे अधिकारी या ठेकेदार की लापरवाही कहे किंतु हकीकत कुछ और बयां कर रही है सरकार की मंशा बच्चो को अच्छी शिक्षा देना मगर गड़बड़झाला कहा? जी हा मामला अंतागढ़ विकासखंड के आमाकोट हाईस्कूल का है जहां स्कूल भवन की छतों से पानी टपक रहा है जिससे बच्चों को पढ़ने में परेशानी हो रही है पालक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे की कही कोई हादसा न हो जाए वहीं शिक्षक भी स्कूल आते हैं पर डर के साए में रहते है । गौरतलब है कि आमाकोट हाईस्कूल का भवन क्षतिग्रस्त हाल में है भवन का निर्माण 2013 में शुरू हुआ था हाईस्कूल भवन बनाने 54 लाख स्वीकृत हुई थी

जहां 35 लाख, रुपए भवन निर्माण के लिए जिला निर्माण समिति द्वारा केशकाल के ठेकेदार गोल्डन कॉन्ट्रैक्शन को दिया गया किंतु ठेकेदार द्वारा घटिया मटेरियल को निर्माण कार्य में लगाया गया जहां पांच साल में ही भवन क्षतिग्रस्त हो गया हुआ ठेकेदार ने 35 लाख का काम करवाया फिर भी भवन सही नहीं बना इससे साफजाहिर होता है कि कितना भ्रटाचार हुआ है मामला एक स्कूल का नहीं ऐसे अंतागढ़ विकासखंड में कई स्कूल है जो भ्रष्टाचार का भेट चढ़ चुका है और शासन प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं आमाकोट हाईस्कूल भवन के हर कक्षा, बरामदा सभी तरफ छत से बारिश का पानी टपक रहा है। इस स्कूल का दो मंजिला भवन बनाने से पहले ही भवन कंडम हो गया। स्कूल भवन की दीवारें इतनी गीली हो गई हैं की करंट फैलने का भी खतरा बना रहता है।

स्कूल भवन में पानी के साथ गिर रहा छत का कांक्रीट

आमाकोट हाईस्कूल प्राचार्य भुवनेश्वर साहू ने बताया कि अभी बरसात शुरू हुई है। पूरे स्कूल भवन में पानी टपक रहा है। आगे जैसे बरसात तेज होगी और अधिक पानी टपकेगा। छत से पानी के साथ कांक्रीट गिर रहा है जिससे हादसा बना रहता हैं वहीं लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर एसके मरकाम ने बताया आमाकोट हाईस्कूल भवन के लिए 54 लाख स्वीकृत हुआ था पर 35 लाख ही जारी किया गया ठेकेदार ने 35 लाख का काम कर आगे निर्माण बंद करा दिया है। शेष राशि के लिए प्रस्ताव तथा मांग पत्र भेजा गया लेकिन आज तक राशि जारी नहीं की गई। भी

केशकाल के गोल्डन कंस्ट्रक्शन के नाम जारी किया था जिला निर्माण समिति ने

हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए वर्कऑर्डर 17 नवंबर 2015 को जिला निर्माण समिति कांकेर ने ठेकेदार गोल्डन कंस्ट्रक्शन केशकाल के नाम जारी किया था। भवन निर्माण लोक निर्माण विभाग की देखरेख में कराया गया। ठेकेदार द्वारा शुरू से ही घटिया निर्माण कराया गया। निर्माण सामग्री घटिया क्वालिटी की उपयोग की गई।यही नहीं 54 लाख में से 35 लाख ही जारी हुए तो ठेकेदार ने भी 35 लाख का काम करा भुगतान निकाल लिया और उसके बाद काम बंद करा दिया। अभी तक भवन हैंडओवर नहीं हो पाया है। हाईस्कूल की कक्षाएं मिडिल स्कूल भवन में ही लग रही थी जहां कक्षा लगाने जगह बेहद कम पड़ रही थी। ग्रामीणों ने अधूरे भवन में ही हाईस्कूल की कक्षाएं शुरू कराने का निर्णय लिया क्योंकि ठेकेदार भवन निर्माण पुरा करा ही नहीं रहा था।

पंचायत उन्नयन सूचकांक पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

कांकेर/नवप्रदेश।जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज सर्व संबंधित लाइन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों का पंचायत उन्नयन सूचकांक के संबंध में कार्यशाला आयोजित किया गया। इसमें संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी व मैदानी कर्मचारियों को पंचायत उन्नयन सूचकांक के संबंध मे जिला नोडल अधिकारी श्री कमल सिदार उप संचालक पंचायत एवं जिला समन्वयक श्री आशीष ठाकुर के द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान अवगत कराया गया की सतत् विकास लक्ष्यों को 2030 तक प्राप्त करने हेतु भारत सरकार पंचायत राज मंत्रालय द्वारा सतत् विकास लक्ष्यों के आंकलन के उद्देश्य से पंचायत उन्नयन सूचकांक (पीएआई 2.0) का निर्माण किया गया है। पीएआई एक बहुआयामी मूल्यांकन सूचकांक है, जिसके माध्यम से एल.एस.डी.जी के 09 थीम से संबंधित लोकल इंडिकेटर की गणना करते हुए, पंचायतों के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रगति मापी जा सकती है।

स्वास्थ्य टीम द्वारा 'घर-घर जाकर कर रहे मलेरिया की जांच

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के ÷मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान÷ के अंतर्गत जिले में 12वें चरण की शुरुआत की गई है। इस परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले के सभी चार विकासखंडों में यह अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। अभियान के लिए जिले में कुल 217 स्वास्थ्य टीमों का गठन किया गया है, जो गांव-गांव और घर-घर जाकर मलेरिया की जांच कर रही हैं। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मियों की टीम मलेरिया की रैपिड डायग्नोस्टिक किट से लोगों की जांच कर रहे हैं। और यदि कोई व्यक्ति मलेरिया पॉजिटिव पाया जाता है, तो उसे तुरंत निःशुल्क दवाएं देकर उपचार शुरू किया जा रहा है। साथ ही, मरीजों और उनके परिजनों को आवश्यक परामर्श भी दी जा रही है कि वे बीमारी की गंभीरता

पॉवर क्रिकेट क्लब लोहत्तर ने प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। पॉवर क्रिकेट क्लब लोहत्तर के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति प्रतिभावान छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण तथा नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी व उपयोगी सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। 10वीं एवं 12वीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को क्रमशः 10000, 5000, 3000 रुपये पुरस्कार राशि प्रदान किया गया। पॉवर क्रिकेट क्लब के कोषाध्यक्ष प्रवीण दुग्गा के स्वागत उद्बोधन से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दुर्गूकोंदल विकासखंड की सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजली मंडावी ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए बताया कि दुर्गूकोंदल विकासखंड शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बना रहा है।

केंद्र सरकार की मज़दूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी औद्योगिक हड़ताल

■ **संयुक्त खदान मजदूर संघ (एटक) एवं मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) द्वारा लाल मैदान, बचेली में सफल एक दिवसीय धरना प्रदर्शन**

दंतेवाड़ा/बचेली। देश भर में श्रमिकों, किसानों, युवाओं और आम नागरिकों पर केंद्र सरकार की जनविरोधी एवं कॉर्पोरेटपरस्त नीतियों के चलते हो रहे हमलों के विरोध में आज दिनांक 09 जुलाई 2025 को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं स्वतंत्र कर्मचारी फेडरेशनों के संयुक्त मंच के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी औद्योगिक हड़ताल आयोजित की गई। इस राष्ट्रीय आह्वान को समर्थन देते हुए संयुक्त खदान मजदूर संघ (एटक) एवं मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) के संयुक्त तत्वावधान में लाल मैदान, बचेली में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खदानों के स्थायी एवं ठेका श्रमिकों, सेवानिवृत्त कर्मियों, महिलाओं, युवाओं तथा आम नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

आंदोलन को राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों का मिला समर्थन-इस ऐतिहासिक मजदूर आंदोलन को कांग्रेस पार्टी का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता छविंद्र कर्मा, सलीम राजा उस्मानी, संतोष दुबे, मनोज साहा एवं ी कुमार स्वामी झाड़ी विशेष रूप से धरना स्थल पर उपस्थित रहे और अपने संबोधन में श्रमिकों की मांगों का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की।

इसके अतिरिक्त, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) से वरिष्ठ नेता बहुलोचन श्रीवास्तव, बोमडा राम, बामन कुंजाम सहित कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी मज़दूर आंदोलन को पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि–

देश को बचाना है तो मज़दूरों, किसानों और युवाओं की आवाज़ को दबाने वाली नीतियों के खिलाफ एकजुट संघर्ष ही रास्ता है।

यूनियन नेतृत्व की भूमिका–आंदोलन को नेतृत्व प्रदान कर रहे इंटक अध्यक्ष चंद्र कुमार मंडावी, सचिव आशीष यादव, एटक अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्री रवि मिश्रा ने अपने ओजस्वी वक्तव्यों में कहा कि यह केवल एक दिन का प्रदर्शन नहीं, बल्कि मज़दूर वर्ग के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक निर्णायक जनआंदोलन की शुरुआत है।

प्रमुख मांगें:

1. मज़दूर विरोधी चारों नए लेबर कोड को निरस्त किया जाए।
2. उद्योग, बैंक एवं बीमा क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाई जाए।
3. 3. ?26,000/- प्रतिमाह न्यूनतम मजदूरी तय की जाए और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दी जाए।
4. पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू किया जाए।
5. ठेकेदारी प्रथा समाप्त की जाए।
6. एक समान राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी लागू हो।
7. बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।
8. रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए।
9. युवाओं को रोजगार सुनिश्चित किया जाए।
10. निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

भंडारीपारा स्कूल में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मनाया प्रवेशोत्सव

■ **स्कूल की सभी समस्याओं का शीघ्र होगा निराकरण- अरुण कौशिक**

कांकेर /नवप्रदेश। प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला भंडारीपारा कांकेर में शाला प्रवेश उत्सव हर्ष व उल्लास के साथ बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कि वह नियमित स्कूल आए तथा अपने शाला व परिवार का नाम रोशन करें व अच्छे नागरिक बने,स्कूल ही एक ऐसा मंदिर है जहां पर जो शिक्षा मिलती है उसे अपने जीवन में उतरकर अपना भविष्य बना सकते हैं अतः बच्चे समर्पित भाव से अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें शाला प्रवेश उत्सव छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसमें बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म मध्यान भोजन पाठ्य पुस्तक निशुल्क दिया जाता है अतः पालक अपने बच्चों को भविष्य निर्माण के लिए नियमित स्कूल भेजें। शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर नपाध्यक्ष कौशिक ने नव प्रवेशी बच्चों तिलक गुलाल लगाकर तथा मुंह मीठा कर कक्षा पहली तथा छठवीं के नव प्रवेशी बच्चों को स्कूल बैग पाठ्य पुस्तक व गणवेश का वितरण किया विशिष्ठ अतिथि उत्तम यादव उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद कांकेर द्वारा सभी पालकों व बच्चों को प्रवेश उत्सव की शुभकामना देते हुए पालकों को छात्रों को नियमित स्कूल भेजने का अनुरोध किया व उन्होंने कहा कि अध्यक्ष महोदय नगर पालिका कांकेर के विकास के लिए सतत प्रयासरत हैं।साल की भवन सहित अन्य कोई भी समस्या हो तो उसका वे उचित प्रयास कर शीघ्र निराकरण करेंग। किशन यादव पार्षद प्रतिनिधि भंडारीपारा ने शाला के विकास के लिए जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी उसे पूरा किया जायेगा।

पुरानी रंजिश को लेकर विवाद के चलते युवक की हत्या

डौंडी पुलिस ने तीन युवकों को किया गिरफ्तार

बालोद/नवप्रदेश। डौंडी ब्लाक में आमाडुला बांध के पास 7 जुलाई को एक युवक की लाश मिली थी, जो हत्या का मामला निकला है। पुलिस ने मृतक प्रीतराम गोटा उम्र 22 वर्ष निवासी चिहरो की हत्या के आरोप में चिहरो के ही रहने वाले तीन युवकों रितुराज मरकाम पिता रिसऊराम मरकाम, उम्र 20 वर्ष, मनोज बरिहा पिता स्व. हरिराम बरिहा उम्र 20 वर्ष, और रूपेन्द्र कुमार सलाम पिता बिसऊराम सलाम उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने घटना के दिन मामूली बात पर विवाद करते हुए और पुरानी रंजिश के चलते लकड़ी के मूठ और पत्थर से वार कर हत्या की थी। बुधवार को मामले का खुलासा पुलिस ने किया और तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक उमा ठाकुर, सउनि दुर्जन लाल रावटे, प्र.आर. विष्णु तारम, प्र.आर. ज्ञानेश चंदेल, आरक्षक युगल किशोर लोहले, ईश्वर भंडारी, पुकेश साहू की सक्रिय भूमिका रही।

पिता ने लिखाई थी रिपोर्ट, संदेही ही निकले हत्यारे

एसपी योगेश पटेल के निर्देशन एवं एएसपी मोनिका ठाकुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक डॉ चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना डौण्डी के उक्त मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया। प्रार्थी हीराराम गोटा पिता स्व. पुनऊराम गोटा उम्र 57 वर्ष निवासी चिहरो थाना डौंडी जिला बालोद ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उनका लड़का प्रीतराम गोटा उम्र 22 वर्ष है, जो कक्षा 12वी तक पढ़ाई किया है, खेती किसानी का काम करता है,की संदेहजनक हत्या हुई है। 07 जुलाई को दोपहर करीबन 3 बजे प्रीतराम के मोबाईल में गांव के भुपेश का फोन आया तो वह घर में मोबाईल को छोडकर निकल गया, लडका रात तक घर नही आया, तब प्रार्थी अपने पत्नी के साथ गांव में खोजबीन किये पता नही चलने दिनांक 08 जुलाई को सुबह करीबन 6 बजे दोनो पति पत्नी बेटे को खोजते हुए गांव के रीतुराज मरकाम से प्रीत के बारे में पूछने गये। उसने बताया कि कल रात्रि करीबन 07-08 बजे प्रीत राम को मनोज बरिहा, रूपेन्द्र कुमार सलाम के साथ बांध तरफदेखा था तब दोनो पति पत्नी खोजते हुए बांध तरफ गये, बांध के कुछ दूरी पर मंशा राम मंडावी के भर्री खेत में प्रीतराम चित अवस्था में पडा था, चेहरा, जबडा, दाहिना भुंजा में गंभीर चोट का निशान था, मृत्यु हो गया था।

पुलिस द्वारा परिजनो से पूछताछ में बताया कि गांव का मनोज बरिहा, रूपेन्द कुमार सलाम, रीतुराज मरकाम के साथ लडका प्रीतराम को देखा गया था, परिजन को शंका है कि उन्ही तीनो लडको के द्वारा प्रीतराम गोटा का लाठी पत्थर से मारकर हत्या किया है संदेहियो मनोज बरिहा, रूपेन्द कुमार सलाम, रीतुराज मरकाम को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया।

हत्या का कारण मामूली विवाद और आपसी रंजिश

आरोपियों ने बताया कि 7 जुलाई को प्रीतराम गोटा के द्वारा बांध में मछली पकडने जाल खेला हूं, बांध तरफ छोड दो बोलने पर रितुराज मरकाम, मनोज बरिहा, रूपेन्द्र सलाम, प्रीतराम गोटा चारो एक मोटर सायकल से बांध तरफ गये, बांध के पहले मंशाराम के भर्री खेत में रूपेन्द्र सलाम का मोबाईल फोन से मनोज बरिहा के द्वारा किसी से बातचीत कर रहा था, जिसे रूपेन्द्र सलाम के द्वारा किस किस व्यक्ति से बातचीत करते हो मोबाईल को मांगने पर रूपेन्द्र सलाम, मनोज बरिहा, प्रीतराम गोटा के मध्य आपस में हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, मारपीट को देखकर रितुराज मरकाम बीच बचाव करते हुए मनोज बरिहा एवं प्रीतराम गोटा को हाथ मुक्का से मारपीट किया जिससे नाराज होकर प्रीतराम गोटा, रितुराज मरकाम को हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, जिसे देखकर मनोज बरिहा एवं रूपेन्द्र सलाम तीनो एक राय होकर प्रीतराम गोटा को हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, रितुराज मरकाम के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर पास में पडे लकड़ी के मुंठ से प्रीतराम गोटा के जबडा में जोरदार प्रहार करने पर प्रीतराम गोटा जमीन में बैठ गया, खुन निकलने लगा तभी रितुराज मरकाम ने पास के पत्थर को लाकर प्रीतराम गोटा के चेहरा में 5-6 मार रहा था, जिसे देखकर मनोज एवं रूपेन्द्र भाग गया, रितुराज मरकाम के द्वारा हत्या कर अपने घर चला गया । आरोपियों के कथनानुसार घटना में प्रयुक्त सामान को जब्त किया गया है।

पंचायत सचिव संघ नगरी ने मनाया स्थापना दिवस

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खण्ड के पंचायत सचिव संघ ब्लॉक शाखा नगरी ने दिन सोमवार को हल्बा समाज भवन में स्थापना दिवस और सम्मान समारोह आयोजित किया गया था जिसमे भारत माता के चित्र पर दीप जलाकर और माल्यार्पण कर की गई। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, सीईओ रोहित बोरझा, कर्मचारी संघ अध्यक्ष डोमार ध्रुव, आयुष झा और सरपंच संघ अध्यक्ष अनित ध्रुव थे अतिथियों ने कहा कि पंचायत सचिव शासन की योजनाएं आम लोगों तक पहुंचाते हैं। विकास कार्यों को ईमानदार कार्य किया जा रहा उन्हें शासकीय सुविधाएं नहीं मिलतीं, जबकि वे इसके हकदार हैं। कि सचिवों की जायज मांगें जल्द पूरी की जाएं। संघ ने कहा कि शासकीयकरण की मांग कई वर्षों से लंबित है। भाजपा सरकार ने चुनाव के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी की गारंटी के तहत इसे पूरा करने का वादा किया था। अब तक यह वादा पूरा नहीं हुआ। कार्यक्रम में बिंदेश्वर यादव, गजेंद्र नेताम,संतोष ध्रुव, तुलसी चंद्राकर, भोजराम ध्रुव, भोजराम साहू, खूबचंद ध्रुव, विनोद जैन, सुनील नेताम, दिगंबर कंवर, तेजाराम अंसारी, लक्ष्मी साहू, हेमंत पांडे, खूबलाल साहू, भवानी प्रताप जांगड़े, ममता उईके, हरिशंकर साहू, रुना साहू, कोमल देव नेताम, वेद सिन्हा, रैन कुमार नेताम, विष्णु बघेल, हेमा लहरें, किरण वटी आदि उपस्थित थे।

गुरु पूर्णिमा विशेष : शिक्षा के साथ यहां बच्चे सीखते हैं संस्कार

सरस्वती शिशु मंदिर संस्थानों में आज भी कायम है गुरु शिष्य की परंपरा

बालोद/नवप्रदेश। आज गुरु पूर्णिमा मनाई जा रही है । आज कई स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था किताबी ज्ञान तक सीमित हो गई है। लेकिन सरस्वती शिशु मंदिर ऐसे विद्यालय के रूप में आज भी अपनी पहचान कायम करके रखे हुए हैं जहां शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कारवान भी बनाया जाता है। बालोद जिले की बात करें तो यहां 47 ग्रामीण क्षेत्र में और पांच शहरी क्षेत्र मिलाकर कुल 52 सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय संचालित है। जिनमें 337 शिक्षक अपनी सेवा दे रहे हैं और इन विद्यालयों में 6147 बच्चे पढ़कर अपना भविष्य संवार रहे हैं। इस गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हमने सरस्वती शिशु मंदिर में अन्य स्कूलों से पृथक शिक्षण व्यवस्था के बारे में जानकारी

हासिल की तो यह बात निकलकर सामने आज कि आज भी इन स्कूलों में गुरु शिष्य की परंपरा कायम है। हिंदी, छत्तीसगढ़ी के साथ-साथ इन स्कूलों में संस्कृत भाषा को भी प्राथमिकता दी जाती है। कक्षा तीसरी से ही यहां के बच्चों को संस्कृत पढ़ाया जाता है। विद्यालय में आम बोलचाल की भाषा में भी कई शब्द संस्कृत के शामिल किए जाते हैं। इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों में संस्कार ऐसा होता है कि स्कूल में जो सीखते हैं उसे घर पर भी पालन करते हैं और स्कूल से निकल जाने के बाद बड़े होने पर भी उनमें यह भाव झलकता है। साढ़े तीन साल की उम्र से ही बच्चों को यहां विद्यारंभ संस्कार देने के साथ-साथ उन्हें विविध मंत्र ल, श्लोक बोलने में दक्ष किया जाता है। यह इस विद्यालय की एक विशेष पहचान है। गुरु शिष्य परंपरा और रिश्ते की परिचायक की बात करें तो इन विद्यालयों में गुरु पूर्णिमा विशेष रूप से मनाई जाती है और दक्षिणा स्वरूप बच्चे अपने-अपने कक्षाचार्य , प्रधानाचार्य को भेंट प्रदान करते हैं ।

इन विषयों की होती है पढ़ाई

बालोद सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य दीनदयाल साहू ने बताया शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अलावा सरस्वती शिक्षण संस्थानों में सदाचारी, वैदिक गणित, संस्कृत विषय शुरुआत से पढ़ाया जा रहा है। जिससे एक नए उत्साह के साथ बच्चे अध्ययन करते हैं। विविध प्रार्थना दैनिक उपासना होती है। जिसमें प्रातः स्मरण, एकात्मकता, स्तोत्र एकात्मकता मंत्र के साथ ही मां की वंदना, गायत्री मंत्र प्रतिदिन बच्चों को बोलाया जाता है। साढे तीन साल की उम्र से ही बच्चों को प्रवेश देकर मंत्र उच्चारण करना सिखाया जाता है ताकि बच्चे भविष्य में एक अच्छे इंसान बन सके और आध्यात्मिक दृष्टिकोण बना रहे।

पुलिस की कार्रवाई, विस्फोटक के साथ दो माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले में माओवादी विरोधी अभियान को बड़ी सफलता मिली है। बुधवार 9 जुलाई 2025 को बासागुड़ा थाना पुलिस ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 153वीं और 168वीं बटालियन के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में दो सक्रिय माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से विस्फोटक सामग्री और जमीन खोदने के औजार बरामद किए गए हैं। यह गिरफ्तारी तिमापुर जीडीपारा के जंगलों में चलाए गए सघन सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और माओवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

गिरफ्तार माओवादियों की पहचान उण्डम लक्ष्मण (22 वर्ष) बड़े तर्रेम, थाना तर्रेम, जिला बीजापुर पेद्दागेलुर आरपीसी में मिलिशिया सक्रिय सदस्य और मड़कम हिड़मा (24 वर्ष) पेद्दागेलुर, थाना बासागुड़ा, जिला बीजापुर और नेण्ड्रा आरपीसी में सीएनएम सदस्य के तौर की गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ बासागुड़ा थाने में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कॉलेज में कार्यशाला

नगरी/नवप्रदेश। उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा विगत वर्ष में छत्तीसगढ़ के समस्त महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया गया है, जिसके समस्त प्रक्रियाओं को सफ्लतापूर्वक पूर्ण किया गया। इस शैक्षणिक सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आगे की प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा राज्य पर, विश्वविद्यालय स्तर पर एवं महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक अधिकारीध् कर्मचारियों के साथ ही छात्र ब्रांड एम्बेसडरों के लिए दिनांक 09 जुलाई 2025 को एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व पर चर्चा की गई, तत्पश्चात एनईपी क्रियान्वयन समिति के सदस्य प्रो. मोहित कुमार ने इस शैक्षणिक सत्र में तृतीय सेमेस्टर के लिए लागू विषयों, मूल्यांकन पद्धतियों, क्रेडिट सिस्टम आदि की विस्तृत जानकारी समस्त उपस्थित जनों को प्रदान किया। नोडल अधिकारी डॉ रमेश कुमार देवांगन ने कार्यक्रम के संचालन करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के समस्त पहलुओं को छात्र-छात्राओं एवं पालकों को अवगत कराने हेतु इस कार्यशाला के उद्देश्य को बताएं।

आदिवासी कन्या आश्रम सांकरा में मर्ज प्राथमिक शाला को निरस्त करने की मांग

ज्ञापन सौंपा गया

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखण्ड के आदिवासी बहुल ग्राम सांकरा स्थित आदिवासी कन्या आश्रम जो एक पूर्णत: आवासीय विद्यालय है, क्षेत्र की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवास सुविधा प्रदान कर रहा है। किंतु वर्तमान शैक्षणिक सत्र में शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण योजना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रामनगर हिन्छापुर को उक्त आश्रम में मर्ज कर दिया गया है। इस निर्णय को लेकर क्षेत्र के पालकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों में गहरी असंतोष की भावना है। स्थानीयजनों का कहना है कि इस मर्ज की प्रक्रिया में न तो शाला प्रबंधन समिति और न ही ग्रामसभा को कोई पूर्व सूचना दी गई, न ही उनकी राय ली गई, जो प्रशासनिक पारदर्शिता और सहभागिता के सिद्धांतों के विपरीत है।

ग्रामवासियों का यह भी कहना है कि इससे न केवल आश्रम की आवासीय व्यवस्था और शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो सकता है, बल्कि वहां अध्ययनरत छात्राओं को मिलने वाली विशेष सुविधाएं भी बाधित हो सकती हैं। इससे आश्रम के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है।

इस संबंध में ग्राम सांकरा व रामनगर हिन्छापुर के जनप्रतिनिधियों, पालकों, ग्रामसभा व शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नगरी को कई बार अवगत कराया गया। साथ ही कलेक्टर धमतरी एवं संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के नाम ज्ञापन प्रेषित कर उक्त मर्ज को निरस्त करने की मांग की गई है।

बुधवार को सर्व आदिवासी समाज जोन सांकरा के पदाधिकारियों व सदस्यों—जिनमें अध्यक्ष उमेश देव, अध्यक्ष विशाल ध्रुव, सरपंच सांकरा नागेंद्र बोझा, सरपंच हिन्छापुर अमन कुमार, जनपद सदस्य शशि ध्रुव, पूर्व सरपंच सती मरकाम, ग्रामसभा अध्यक्ष गिरवर भंडारी, ग्राम व्यवस्था अध्यक्ष मोगेश ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि—ने एक स्वर में मांग की कि मर्ज प्रक्रिया को शीघ्र निरस्त किया जाए।

सूरज की तपिश से फैल रहा घर आँगन में उजियारा

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना बनी आमजन के लिए लाभकारी

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। सूरज की तेज गर्मी से सोलर पैनल को ऊर्जा मिलने से लोगों को आसानी से बिजली मिल रही है जिससे घर रोशन हो रहे हैं।प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है।

बलौदाबाजार शहर के प्रतिष्ठा कॉलोनी निवासी प्रसन्न दीवान ने इस योजना के तहत अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित कर योजना का लाभ उठाया है। उन्होंने बताया कि योजना की जानकारी उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त हुई जिसके बाद उन्होंने बिजली विभाग से संपर्क कर विस्तृत जानकारी ली। श्री दीवान ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और सरल है। उन्होंने योजना के तहत आवेदन कर 5 किलोवाट का सौर ऊर्जा प्रणाली अपने घर में स्थापित कराया, जिससे उन्हें ?78,000 की सब्सिडी प्राप्त हुई। यह प्रणाली पिछले 6 महीनों से सुचारू रूप से कार्य कर रही है और इससे उन्हें प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक लाभ हो रहा है। पहले जहां उन्हें हर माह भारी भरकम बिजली बिल चुकाना पड़ता था, अब बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से न केवल बिजली बचत हो रही है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री दीवान ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे भी अपने घरों में इस योजना का लाभ लेकर न केवल बिजली की बचत करें, बल्कि अपनी आय में भी वृद्धि करें। इसके लिए श्री दीवान ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है और देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रही है।

कन्या महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक

नवापारा/राजिम/नवप्रदेश। शासकीय कन्या महाविद्यालय गोबरा नवापारा में जनभागीदारी सदस्यों का प्रथम परिचयात्मक बैठक महाविद्यालय परिसर में रखा गया, जिसमें परिचय के साथ महाविद्यालय के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से जनभागीदारी अध्यक्ष लोमेश्वरी साहू, सांसद प्रतिनिधि मधु बाफ्ना, विधायक प्रतिनिधि योगिता सिन्हा, सदस्यगण - तनु मिश्रा, धनमती साहू, किरण सोनी, मोंगरा साहू, पिंकी नगारची, अनिता देवांगन, देहुती साहू, आशीष गोलछा, मुकेश निषाद एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधु श्रीवास्तव सहित पूरे स्टॉप की उपस्थित रही।

ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई

बीजापुर/नवप्रदेश। बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना के निर्देशन में एक विशेष यातायात चेकिंग अभियान चलाया गया। नोडल अधिकारी (यातायात) विनीत कुमार साहू और यातायात प्रभारी केशव ठाकुर के नेतृत्व में इस अभियान ने यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के साथ स्कूली वाहनों को हिदायत दी गई।

अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के यातायात उल्लंघनों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की गई। इनमें सीट बेल्ट न लगाना, प्रदूषण प्रमाण पत्र की अनुपस्थिति, मालवाहक वाहनों में सवारी ढोना और तेज गति से वाहन चलाना जैसे प्रमुख उल्लंघन शामिल थे। इस अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू स्कूली वाहनों पर दिया गया विशेष ध्यान था। पूर्व में की गई गहन जांच के बाद, आज स्कूली वाहन चालकों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें समझाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। यातायात प्रभारी केशव ठाकुर ने इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण यातायात संदेश देते कहा कि नियमों का पालन केवल कानून से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। अभिभावक, वाहन चालक एवं स्कूल प्रबंधन सभी का यह सामूहिक उत्तरदायित्व है कि बच्चों की यात्रा पूर्णतः सुरक्षित हो। यातायात विभाग ने एक बार फिर आम नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, यातायात पुलिस के साथ सहयोग करें और सुरक्षित बीजापुर के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं।

सावन महोत्सव | शिव भक्तों की भारी भीड़, अन्य जिले के साथ दूसरे राज्य के शिव भक्त आते हैं दर्शन करने

कर्णेश्वर धाम में सावन महोत्सव की तैयारी, किया गया नए पदाधिकारियों का सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। श्रावण मास 11जुलाई से प्रारंभ हो रहा है।जिसकी व्यापक तैयारी में कर्णेश्वर मन्दिर ट्रस्ट जुटा हुआ है। हर वर्ष सावन महीने में शिव भक्तों की भारी भीड़ दूसरे जिले उड़ीसा दूर दूर शिव मंदिर दर्शन में आते हैं जिसको लेकर

कर्णेश्वर मन्दिर ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक सोमवार को प्रसादी वितरण व सावन के अंतिम सोमवार को महारुद्राभिषेक किया जाएगा।ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि सावन महीने में मन्दिर को आकर्षक रूप से सजाने रंग बिरंगी आधुनिक लाइट व्यवस्था की जा रही है दूर दूर से आने वालों कांवरियो के लिये सावन के अंतिम दो शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा ,सावन महीने में कर्णेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है दूर दूर से शिव भक्त कांवरियों का जत्था महानदी व बालका नदी के संगम स्थल सहित महानदी के उदगम स्थल गणेश धाट से जल लेकर कर्णेश्वर महादेव का जलाभिषेक पूजा अर्चना कर अपने गंतव्य को रवाना होते है।जिसकी तैयारी के लिये ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को आहूत की गई जिसमे श्रद्धालुओं के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अनेक निर्णय लिया गया।मन्दिर के पुजारी विनोद गिरी गोस्वामी ने ट्रस्ट के नव मनोनीत पदाधिकारिओ को शाल भेट कर सम्मान किया गया।

ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं के लिये लड्डू प्रसादी प्रदान करना है जिसके कार्य सम्पादन हेतु तीन सदस्यी कमेटी बनाई गई।जिसके प्रभारी रवि दुबे, निकेश ठाकुर,हनी कश्यप बनाये गए। दानदाताओ के सहयोग से हर सोमवार को भोलेनाथ की प्रासादी वितरित होनी है जिसके प्रभारी मोहन पुजारी ,रवि भट्ट,हनी कश्यप, दुर्गेश साहू बनाये गये। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष विकल गुप्ता , उपाध्यक्ष रवि दुबे, रवि ठाकुर कोशाध्यक्ष निकेश ठाकुर,सचिव भरत निर्मलकर सह सचिव रामभरोस साहू,मोहन पुजारी, पूजा प्रभारी योगेश साहू,रवि भट्ट,महेंद्र कौशल,हनी कश्यप, डोमार मिश्रा ,पुजारी विनोद गिरी गोस्वामी,छबि ठाकुर,राकेश चौबे आदि की उपस्थिति रही।

न्यूज गैलरी

अज्ञात बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

लखनपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में नरसंहार का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इसी कड़ी में लखनपुर थाना क्षेत्र के अंबिकापुर बिलासपुर मुख्य मार्ग में स्थित ग्राम हंसडांड के समीप अज्ञात बोलेरो वाहन की ठोकर से एक मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली ताजा जानकारी के मुताबिक 8 मार्च दिन मंगलवार 3 बजे कपिल गडेवाल पिता जवाहर गडेवाल उम्र 23 वर्ष साकिन ग्राम चैनपुर बड़का पारा घरेलू कार्य वश अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 ईडी 1126 से लखनपुर की ओर आ रहा था तभी अंबिकापुर के ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 09 जे 1007 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को ठोकर मार दिया जिससे युवक का एक हाथ और एक पैर टूट गया साथ ही सिर में गंभीर चोट लगा । प्राथमिक उपचार के लिए घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर लाया गया। लेकिन बहुत देर हो चुकी थी डॉक्टरो ने युवक को मृत घोषित कर दिया। अज्ञात बोलेरो वाहन चालक घटना स्थल से फरार हो गया। सड़क हादसे के बारे में परिजनों ने लखनपुर थाने में सूचना दी। पुलिस मकतुल युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में शोक का माहौल व्याप्त है।

26 सूत्रीय मांगों को लेकर शिवसेना का अल्टीमेटम

मुंगेली/नवप्रदेश। शिवसेना छत्तीसगढ़ उद्धव बाला साहेब ठाकरे जिला इकाई के द्वारा ज्ञापन सौपकर 26 सूत्रीय समस्या का निराकरण करने हेतु मांग किया गया था। कार्यवाही न होने शिवसेना के द्वारा अनिश्चित कालीन घेराव, धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम 11 जुलाई को मुंगेली से सेतगंगा मार्ग में बिजली ऑफिस के सामने किया जाएगा। शिवसेना जिला प्रमुख संतोष साहू के द्वारा कहा गया है कि डोमनपुर के स्कूल प्रधान पाठक के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने पर विद्यार्थी को स्कूल में बैठाया नहीं जा रहा जो कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 14 का उल्लंघन है, जो कि आपको किसी भी दस्तावेज के अभाव में शिक्षा से वंचित नहीं करने को कहता है, जबकि माता पिता जन्म तारीख के स्थान पर आधार कार्ड एवं नोटरी दस्तावेज उपलब्ध करा रहे हैं। इस समस्या का भी निराकरण का मांग किया गया है। ज्ञापन सौंपने जिलाध्यक्ष के साथ इन्द्र साहू, ओपी यादव, भानू निषाद, महेंद्र साहू एवं अन्य शिव सैनिक उपस्थित रहे।

भवन, बिजली, शौचालय, पानी सब नदारद- एक कमरे में पाँच कक्षाएँ, शिक्षा की गुणवत्ता पर संकट

ज़िले के सरकारी स्कूलों की बदहाल स्थिति: बुनियादी सुविधाओं का अभाव जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत 16 जून से हो गई है। लेकिन अनेक स्कूलो में आज पर्यन्त पढ़ाई व्यवस्था पटरी पर नही आ पाया है। संचालित स्कूलो में प्राचार्य सहित विषयवार व्याख्याता अन्य मूलभुत सुविधाओं का मोहताज है। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के नाम पर प्रतिवर्ष करोड़ो रूपये खर्च करने के बाद भी अधिकारियों का ध्यान स्कूलों की मूलभुत सुविधाओं की तरफ नही जाता। जिले के वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रो में संचालित शासकीय स्कूलों प्राथमिक, पूर्व एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भवन, शौचालय, पेयजल, बिजली, किचन शेड, बाऊंड्रीवाल सहित बैठक व्यवस्था भी सुदृढ़ नही है। बच्चे मध्यान्ह भोजन के बाद अपने घर लौट रहे है। किचन शेड नही होने से अनेको स्कूलों में मध्यान्ह भोजन संचालक अपने घरों में मध्यान्ह भोजन बना रहे है। ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है। जनपद पंचायत क्षेत्र मुंगेली के अंतर्गत ग्राम पंचायत केशलीकला के आश्रित ग्राम लालपुर व माराडबरी में। ग्राम में विगत तीन वर्षो से भवन नही है। मंगल भवन में संचालित हो रही है स्कूल। नये सत्र में 40 बच्चे अध्ययनरत् है जहां प्रधान पाठक सहित 2 शिक्षक पदस्थ है। स्कूल में भवन, बाऊंड्रीवाल, खेलकूद मैदान, पेयजल, बिजली, शौचालय, किचन शेड एवं बैठक व्यवस्था सुदृढ़ नही है। मूलभुत सुविधाओं के अभाव में

एक ही कमरे में पांच कक्षाएं संचालित हो रही है। शिक्षक जब एक कक्षा को पढ़ाता है तो दूसरे कक्षा के छात्र/छात्राएं शिक्षक को देखते रहते है कि कब उन्हे पढ़ाने आयेंगे। ऐसे स्थिति में बच्चो का शैक्षणिक विकास कैसे होगा? यह चिंतनीय विषय है। स्कूलों में मूलभुत समस्याएं विद्यमान है अधिकारी वहां झांकने तक नही जाते। शिक्षा व्यवस्था प्राथमिक कक्षाओं में केवल दो शिक्षक के भरोसे 5 कक्षायें और 20 विषयों पर निर्भर हैं तो शिक्षा में कैसे आयेगी गुणवत्ता। इस संदर्भ में प्रधान पाठक शिवकुमार सोनवानी से पूछने पर उनका कहना है कि संस्था में भवन सहित अन्य समस्याओं के संदर्भ में उच्च अधिकारी को अनेकों बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन आज पर्यन्त उनके द्वारा कोई ठोस पहल नही किया गया है। आदर्श ग्राम पंचायत केशलीकला की आश्रित ग्राम लालपुर प्राथमिक शाला भवन विहीन, शौचालय विहीन, बिजली, अहाता, किचनशेड, रोड जर्जर है। प्राथमिक शाला भुरका में बाउंड्रीवाल नहीं है शौचालय जर्जर, पेय जल व्यवस्था सुदृढ़ नहीं है। शासकीय प्राथमिक शाला सेमरकोना में शौचालय नहीं है। शासकीय प्राथमिक शाला गाड़ाघाट में बाउंड्रीवाल नहीं है। शासकीय प्राथमिक शाला गोरखपुर में बाउंड्रीवाल नहीं है शौचालय जर्जर है। शासकीय प्राथमिक शाला सिपाही में बाउंड्रीवाल नहीं है, शौचालय जर्जर है। शासकीय प्राथमिक शाला पंडोतरा में पेयजल व्यवस्था नहीं है, शौचालय जर्जर है बाउंड्रीवाल जीर्णशीर्ण है। सेतगंगा संकुल परिक्षेत्र के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सेतगंगा में पेयजल समस्या गंभीर हैं, कीचन शेड जर्जर है। शासकीय प्राथमिक शाला सनकपाट में कीचन शेड जर्जर है। शासकीय प्राथमिक शाला सारंगपुर में पेयजल की समस्या, कीचन शेड जर्जर है। शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर का आलम एक ही कमरे में 5वी तक स्कूल संचालित हो रहा है।

समाधान शिविरों के बाद भी नहीं सुलझीं जनता की समस्याएं, हर सप्ताह जनदर्शन में लग रही फरियादों की भीड़

सुशासन तिहार के बाद भी मुंगेली में समस्याओं का अंबार, जनदर्शन में उमड़े 145 फरियादी

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले मे सुशासन तिहार के साथ लगे समाधान शिविरों में जिले के अधिकांश समस्याओं का समाधान कर लिया गया था फिर भी जिले में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है हर सप्ताह होने वाले जन दर्शन में सैकडों आवेदन लेकर लोग पहुंच रहे है, लोगो का आरोप है कि जन दर्शन के माध्यम से भी उनकी समस्याएं दूर नही हो रही है। मंगलवार को हुए जनदर्शन में लगभग 145 आवेदन प्राप्त हुए, कलेक्टर के दौरे में रहने के कारण अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी।

जिले में सुशासन तिहार के तहत कुल 1 लाख 29 हजार आवेदन आए थे जिन मे से लगभग सभी का समाधान किया जा चुका था शासन द्वारा चलाए गए सुशासन तिहार का उद्देश्य जन समस्याओं का त्वरित समासधान था, यह तीन चरणों में संचालित किया गया 8 से 11 अप्रेल में जनता से आवेदन लिया गया द्वितीय चरण में आवेदनों को अपलोड किया गया और संबंधित विभागों को निराकरण के लिए दिया गया तृतीय चरण में 5 से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजन किए गए जहां समस्याओं का समाधान किया गया।कलेक्टोरेट जनदर्शन में आज कुल 145 आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन में निजी विद्यालयों में पुस्तकें एवं स्कूल ड्रेस, जूतों के नाम पर पालकों से मोटी रकम वसूल किये जाने की शिकायत की गई। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जरहागांव के विद्यार्थियों एवं पालकों ने शिक्षक उपलब्ध कराये जाने की मांग की। ग्राम सम्बलपुर और चकरभठा के ग्रामीणों ने भैंसामुड़ा से चकरभठा तक सड़क मरम्मत कराने, ग्राम सुरदा के ग्रामीणों ने सुरेठा तक आगर नदी पर पुल निर्माण कराने की मांग की।जिला कलेक्टोरेट में आज जनदर्शन का आयोजन किया गया। अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी। जनदर्शन में कुल 145 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें ग्राम पंडरभट्ठा के शम्भू यादव ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बरेला के संतराम धुरी ने जमीन का नामांतरण कराने, ग्राम भथरी के लोकप्रसाद ने शौचालय निर्माण की स्वीकृति दिलाने, ग्राम मुसऊ नवागांव के जन्मेजय बंजारे ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, ग्राम कोदवाबानी के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन योजनांतर्गत स्वच्छ पेयजल दिलाने, ग्राम कारेसरा के ग्रामीणों ने बिजली की समस्या से निजात दिलाने, महामाई वार्ड चूड़ीलाईन मुंगेली निवासी अमीर मोहम्मद ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाने, ग्राम डाड़गॉव के दिव्यांग संदीप ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र में सुधार कराने, ग्राम सम्बलपुर और चकरभठा के ग्रामीणों ने भैंसामुड़ा से चकरभठा तक सड़क मरम्मत कराने, ग्राम रबेली के राजकुमार कश्यप ने जमीन का सीमांकन कराने, ग्राम सुरदा के ग्रामीणों ने सुरेठा तक आगर नदी पर पुल निर्माण कराने, ग्राम झोंका के प्रदीप पाटले ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र का नवीनीकरण कराने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह तिलकवार्ड मुंगेली के मोहल्लेवासियों ने बारिश का पानी सड़क पर भरने से आवागमन बाधित होने की शिकायत की। अतिरिक्त कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर मेनका प्रधान, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

कोदवाबानी में मंदिर का ताला टूटा चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पेण्ड्रीडीह कोदवाबानी में अज्ञात तत्वों ने मंदिर में भगवा वस्त्र पहनकर महामाया मंदिर का ताला तोड़कर मूर्ति में चढ़े लगभग 2 लाख के कीमती सामान पार कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस जांच में जुट गई है। अज्ञात तत्वों पेण्ड्रीडीह कोदवाबानी जहां पर 7 जुलाई सोमवार रात्रि लगभग 2 बजे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मंदिर में प्रवेश करके प्रथम गेट का ताला तोड़ा गया एवं गर्भगृह का गेट का ताला तोड़कर घुसकर मूर्ति में चढ़े विभिन्न आभूषण जैसे चांदी का मुकूट तीन नग वजन 15 तोला लगभग, सोना का लॉकेट 8 नग लगभग 8 मासा, सोना का लॉकेट छोटा वाला आधा मासा चार नग, उक्त आभूषणों का अनुमानित राशि लगभग 1.5 से 2 लाख है। अज्ञात तत्व के द्वारा चोरी करके चम्पत हो गया। जो मंदिर के सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गया। ज्ञात हो कि एक अज्ञात तत्व ऊपर भगवा चोला पहनकर रात्रि 2 बजे मंदिर का ताला तोड़कर अंदर दाखिल होता है और मंदिर के कीमती सामग्रियों में हाथ साफ करता है, ये घटना मंदिर में प्रवेश करने तथा बाहर निकलने स्पष्ट दिख रहा है। श्रद्धलुओं ने सोमवार को मंदिर का ताला टूटे हुए देखकर चोरी करने वाले अज्ञात तत्व के उपर उचित कार्यवाही के लिये स्थानीय सरपंच के नेतृत्व में लालपुर थाने में शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिस पर पुलिस ने विवेचना प्रारंभ कर दिया है। रिपोर्ट करने वालों में सरपंच केदार सिंह, प्रहलाद, निर्मल, दानी सिंह, भरत, विमल कुमार सहित अन्य शामिल है।

वन है तो जीवन है घुठेरा प्राथमिक शाला में स्काउट-गाइड्स के साथ वृहद वृक्षारोपण

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला घुठेरा संकुल केन्द्र नवागांव घु. में वृहद वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि स्काउट गाइड, रोवर, रेंजर तथा यूनिट लीडर सहित जिला सचिव एवं सहायक जिला संगठन आयुक्त, स्काउटर गाइडर, जिला संघ के पदाधिकारीगण, सदस्य, ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिक, स्कूली बच्चे एवं शिक्षक शिक्षिकाएं विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बारिश के बीच पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ वन है तो जीवन है भाव को अंगीकार करते हुए वृक्षारोपण का कार्य किया और पेड़ तथा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेंद्र दिवाकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत स्कार्फ लगाकर एवं पौधे भेंट कर किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त सीके घृतलहरे ने कहा कि वृक्ष और पर्यावरण के बिना जीवन अधूरा है वन है तो जीवन है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई ने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं और पौधों के पास जाकर उनकी सेवा करें तथा अपने मित्र की तरह उनसे बातें करें। जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर ने कहा कि जिला संघ द्वारा आप सभी के सहयोग और सानिध्य से वृहद वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हुआ। इसी तरह जिले में स्काउटिंग गतिविधियों में निरंतर शिक्षा विभाग, वन विभाग, सरपंच, प्राचार्यगण, प्रधान पाठक, यूनिट लीडर और बच्चों का सदैव सक्रिय भागीदारी एवं सहयोग रहा तो मुंगेली जिला भी निश्चित ही प्रदेश में अपना अच्छा स्थान बना पायेगा। इस अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ की ओर से जेठमल कोटडिया अध्यक्ष, संजय त्रिपाठी, शैलेंद्र तिवारी उपाध्यक्ष, डॉ. आईपी यादव, आकाश परिहार, चंद्रशेखर उपाध्याय के द्वारा सभी के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की गई।

युवक ने युवती को पीटा, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम जूनाडीह में एक युवती को खुद के दिये उधार पैसे को वापिस मांगना महंगा पड़ गया। दरअसल मामले में श्रीवती मझवार पिता बिरबल राम मझवार ने आरोपी युवक शंकर दास उर्फ निखिल दास उम्र 24 वर्ष साकिन जूनाडीह को माह भर पहले 6 सौ रूपये दिये थे। युवक ने इस शर्त पर पैसा उधार लिया था कि यदि पैसा वापिस नहीं कर सका तो अपना मोबाइल फोन दे दूंगा । आज़ 8 जुलाई को युवती ने युवक से अपने पैसे की मांग करने लगी। तो युवक भड़क गया और गाली गलौज करते हुए बोला हमेशा पैसे की मांग करती रहती हो युवती को पटक कर मारपीट किया।

सड़कों से कलेक्टोरेट गार्डन तक मवेशियों का कब्ज़ा, प्रशासन बेपरवाह

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्य मार्गो सहित गली-मोहल्लों के सड़कों पर मवेशियों का डेरा रहता तो है, अब कलेक्टोरेट के गार्डन भी मवेशियों का डेरा बनते जा रहा है। शाम में बड़ी संख्या में मवेशी कलेक्टोरेट परिसर में बने गार्डन में डेरा जमा लेते है, जिससे मवेशी गार्डन में लगे पौधों को नुकसान पहुंचा रहे है। जिले में शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में सड़क पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा रहता है। किसी प्रकार की कार्यवाही नही होने के चलते नगर में मवेशियों की संख्या बढ़ते जा रही है। टू व्हीलर व फोर व्हीलर वाहन सवार राहगीर सड़कों पर बैठे आवारा मवेशियों के चलते दुर्घटना के शिकार हो जा रहे हैं। कई बार तो

हादसा इतना भयानक रहता है कि मौके पर ही राहगीर की मौत हो जाती है। इसके साथ ही दुर्घटना में मवेशियों की मौत होना भी आम बात हो गई है। क्षेत्र में आज भी मवेशी सड़कों पर झुंड में दिखाई दे रहे हैं। शाम होते ही मवेशी सड़क पर आ जाते है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मवेशियों के बैठे होने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कलेक्टोरेट परिसर में बनाये गये गार्डन भी मवेशियों के डेरा से अछूता नही रहा। शाम होते ही यहां बड़ी संख्या में मवेशी अपना डेरा जमा लेते है। गार्डन में लगे पौधों को भी मवेशी नुकसान पहुंचाते रहते है। वहीं मवेशियों को संरक्षित रखने के लिए पंचायत स्तर पर लाखों रुपए खर्च कर गौठान निर्माण कराया गया है जहां पशुओं के लिए चारा सहित पानी की व्यवस्था की गई थी, वहीं पंचायतों में गौठान समिति भी बनाई गई थी। इस ओर न जनप्रतिनिधियों का ध्यान है और न ही प्रशासन का।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ट्रेन से पहुंचे अंबिकापुर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर से रेल मार्ग से आज सुबह अंबिकापुर पहुंचे। यात्रा के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी उनके साथ मौजूद रहे।

अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में आईजी सरगुजा दीपक कुमार झा, कलेक्टर विलास भोसकर, एसपी राजेश अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमेशा की तरह रेल की यह यात्रा बड़ी शानदार रही और स्मृतियों में दर्ज हो गई। मुख्यमंत्री का

सरल, सहज व्यवहार यात्रियों और रेल कर्मचारियों को भी खूब भाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी रेल कर्मचारियों को उनकी सेवाओं के लिए आभार जताया।

मृतक परिजन को दी गई सहायता राशि

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम चिरहुला के राजकमल यादव की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिजन को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। एसडीएम श्रीमती पार्वती पटेल ने अतिरिक्त तहसीलदार मुंगेली के प्रतिवेदन के आधार पर सहायता राशि स्वीकृत किया है। गौरतलब है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को 25 हजार रूपए और गंभीर रूप से घायल के परिजन को 10 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

बैठक | पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत सोनोग्राफी सेंटर्स की समीक्षा, नियमित रिपोर्ट और सहयोग की अपील

हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क सोनोग्राफी की सुविधा देने कलेक्टर ने दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिले में संचालित शासकीय एवं निजी पंजीकृत सोनोग्राफी सेंटरों के संचालकों की बैठक ली।

बैठक में उन्होंने पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट के तहत जिले में संचालित शासकीय एवं निजी पंजीकृत सोनोग्राफी संस्थाओं तथा मासिक रिपोर्ट की जानकारी ली और नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 09 एवं 24 तारीख को हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का सोनोग्राफी करने कहा। उन्होंने पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट के नियमानुसार सोनोग्राफी संस्थाओं का संचालन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक कार्ड प्रदाय किया जायेगा, जिसे एक सप्ताह के भीतर रिफरल किये गये निजी सोनोग्राफी सेंटर्स में दिखाकर नि:शुल्क सोनोग्राफी करायी जा सकती है। ये रिफरल कार्ड केवल हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाले गर्भवती महिलाओं को ही प्रदाय किया जायेगा। कलेक्टर ने सभी निजी अस्पतालों के चिकित्सकों और संचालकों को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान का जिले में सफल क्रियान्वयन हेतु सहयोग की अपेक्षा की

और जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि जिले में 04 शासकीय सोनोग्राफी सेंटर और 15 निजी सोनोग्राफी सेंटर संचालित हैं। इनमें से कुछ संस्थाओं में चिकित्सक नहीं होने के कारण अस्थायी रूप से सीलबंद किया गया है। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम.के. रॉय, टीकाकरण अधिकारी डॉ कमलेश खैरवार सहित संबंधित अधिकारी और सोनोग्राफी सेंटरों के संचालकगण मौजूद रहे।

वरिष्ठता, चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी दावा-आपत्ति के लिए 10 जुलाई तक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की अधिसूचना 11 जून 2020 के प्रावधानों के तहत एम.पी.एच. डब्ल्यू. (पुरुष)/ वरिष्ठ सेनेटेरियन/ फिजियोथैरेपी टेक्नीशियन (डाईंग कैडर) के पदों पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

स्वास्थ्य शिक्षक (हेल्थ एजुकेटर)/सेनेटेरियन-कम-हेल्थ एजुकेटर के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुसार ऐसे कर्मचारी जो संबंधित प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके हैं, जिनके पास न्यूनतम पाँच वर्षों का अनुभव तथा स्नातक उपाधि है, वे इस पद के लिए पात्र माने गए हैं। इसी क्रम में जिला कार्यालय अम्बिकापुर में 03 जुलाई 2025 को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके पश्चात् अंतिम वरिष्ठता सूची, अनंतिम चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। यह सूची 01 अप्रैल 2025 की स्थिति के आधार पर तैयार की गई है और आम जनता के अवलोकन हेतु जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

गुरुपूजन का पर्व गुरु पूर्णिमा आज, शहर में होंगे विविध धार्मिक आयोजन

आज के ही दिन वेद व्यास ने पहली बार इस जगत को चारों वेदों का दिया था ज्ञान, सावन माह कल से

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज आषाढ़ पूर्णिमा है। इस तिथि पर हर साल गुरु पूर्णिमा का त्योहार मनाया जाता है। इस तिथि को आषाढ़ पूर्णिमा, व्यास पूर्णिमा और वेद व्यास जयंती के नाम से भी जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शहर के स्कूलों, मंदिरों में आयोजन किए जाएंगे। स्कूलों में बच्चों को गुरु पूर्णिमा के बारे में जानकारी दी जाएगी। वहीं गुरु पूजन भी विधिवत किया जाएगा। इसी के साथ 11 जुलाई से सावन माह की शुरुआत होगी।



गुरु पूजन और आशीर्वाद लेने का विशेष महत्व होता है। वैसे तो हर माह की पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है लेकिन आषाढ़ माह की पूर्णिमा गुरु को समर्पित होती है। दिन शिष्य अपने गुरुओं का आभार व्यक्त करते हुए उनका नमन करते हैं। गुरु ही व्यक्ति को अज्ञानता से निकालकर प्रकाश रूपी ज्ञान की तरफ ले जाता है। शास्त्रों के अनुसार इस तिथि पर महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ है। वेद व्यास जी ने पहली बार इस जगत को चारों वेदों का ज्ञान दिया था। महर्षि वेदव्यास को प्रथम गुरु की उपाधि दी गई हैं। आइए जानते हैं गुरु पूर्णिमा की तिथि, मुहूर्त और महत्व के बारे में। वैदिक पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 10 जुलाई को रात 01 बजकर 37 मिनट पर होगी और इसका समापन 11 जुलाई को रात 02 बजकर 07 मिनट होगा। ऐसे में गुरु पूर्णिमा का पर्व 10 जुलाई को मनाया जाएगा। इस बार गुरु पूर्णिमा, गुरुवार के दिन और गुरु बृहस्पति और सूर्य की युति मिथुन राशि में होने से गुरु आदित्य राजयोग का संयोग भी बन रहा है।

गुरु पूर्णिमा पर पूजा विधि

इस वर्ष विशेष शुभ योग बनने से गुरु पूर्णिमा बहुत ही फलदायी होगी। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरुओं की पूजा के लिए विशेष महत्व होता है। गुरु पूर्णिमा पर सुबह स्न्नान कर स्वच्छ कपड़े पहनने के बाद घर के पूजा स्थल में विराजित सभी देवी-देवताओं को प्रणाम करना चाहिए। इस दिन वेदों के रचयिता वेदव्यास को प्रमाण करें और यदि आपने अपने गुरु बना रखे हैं तो उनकी चरण वंदना करनी चाहिए और अपने गुरु का आशीर्वाद लेना चाहिए। इस दिन गुरु के अलावा भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की भी पूजा की जाती है। इस दिन गाय की पूजा व सेवा और दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और आरोग्य की प्राप्ति होती है। गुरु पूर्णिमा पूजा शुभ मुहूर्त ब्रह्म पूजा मुहूर्त सुबह 4 बजकर 10 मिनट से 4 बजकर 50 मिनट तक, अभिजीत पूजा मुहूर्त- सुबह 11 बजकर 59 मिनट से 12 बजकर 54 मिनट तक, विजय मुहूर्त - दोपहर 12 बजकर 45 मिनट से 3 बजकर 40 मिनट तक, गोधूलि मुहूर्त- शाम 7 बजकर 21 मिनट से 7 बजकर 41 मिनट तक है।

दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में आज सुंदरकांड

श्री रावतपुरा सरकार भक्त मंडल बिलासपुर द्वारा कल 10 जुलाई को जेल रोड स्थित दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन किया जा रहा है । भक्त मंडल के सदस्य विजय सूद, राकेश मिश्रा के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन 7 बजे पादुका अभिषेक व पूजन रात्रि 8 बजे आरती, हनुमान चालीसा पाठ पश्चात प्रसाद वितरण भक्त मंडल द्वारा समस्त गुरु परिवार के सदस्यों से आग्रह किया जाता है आप सभी सपरिवार आवश्यक रूप से कार्यक्रम में शामिल हों।

न्यूज गैलरी

तीसरी राष्ट्रीय अंडर-19 यूथ 50 बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता भुनेश्वर में

बिलासपुर/नवप्रदेश। मनाली में आयोजित बैठक में 50 बाल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा छत्तीसगढ़ में 50 बॉल क्रिकेट के डेवलपमेंट हेतु 50 बॉल क्रिकेट एसोसिशन ऑफ छत्तीसगढ़ का गठन कर रामपुरी गोस्वामी को स्टेट हेड बनाया गया है। श्री गोस्वामी ने बताया कि 50 बॉल्स क्रिकेट फेडरेशन इंडिया के अंतर्गत 26 राज्यों को मान्यता प्रदान की गई है और प्रतिवर्ष राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन कर खिलाड़ियों को एक प्लेटफार्म दिया जा रहा है ताकि अपने खेल कौशल का बेहतर प्रदर्शन कर सके। इसी तारतम्य में भुवनेश्वर उड़ीसा में 3री राष्ट्रीय अंडर 19 यूथ 50 बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे छत्तीसगढ़ कि 16 सदस्यीय टीम आज सुबह उत्कल एक्सप्रेस से भुनेश्वर के लिए रवाना हो रही है। उपरोक्त टीम का सलेक्शन ट्रायल विगत दिनों पेंड्रा मे लिया गया था, टीम के मुख्य प्रबंधक राष्ट्रीय एम्पायर नागेंद्र प्रताप सिंह होंगे एवं कोच विशाल सिंह रहेंगे। टीम में शामिल 14 सदस्यीय खिलाड़ियों के नाम निम्नानुसार है- ओम राठौर, हर्ष साहू , वीरेंद्र कुमार सरोते, साहिल श्रीवास, शुर्यांश शुक्ला, अंतरिक्ष जायसवाल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह, देवेंद्र भानू, सिद्धार्थ कौशिक, अक्षत गौतम, धीरेन्द्र सिंह, प्रवीण टांडिया, अंकित सिंह, नमन राठौर हैं।

कार और बाइक लिफ्टर से लिफ्ट कर वाहनों के खिलाफ कार्रवाई

व्यस्ततम मुख्य मार्गों में बेतरतीब खड़ी वाहनों पर लगाई जा रही व्हील लॉक

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह की दिशा निर्देश पर यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व में नियमित रूप से जिले में सरल सुगम सुव्यस्थित एवं सुरक्षित आवागमन और सुचारू प्रबंधन हेतु नियमित रूप से लोगों को जागरूक किया जा रहा है साथ ही जहां-जहां आवश्यकता अनुसार सुधारात्मक एवं समाधान कारक प्रयास किये जाने की जरूरत है वहाँ लगातार किया जा रहे हैं वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन कर यातायात व्यवधान करने वाले उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों पर कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है।

शहर के अत्यंत व्यस्ततम मार्ग में वाहन चालकों द्वारा अपने दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों को बेतरतीब तरीके से खड़ी कर शहर के अत्यंत व्यस्थतम सड़कों पर भी यातायात नियमों को उल्लंघन करते हुए पार्किंग की जाती है इसको ध्यान में रखते हुए लगातार अभियान चलाकर पूरे शहर में कार्यवाही सुनिश्चित की गई है ताकि आम नागरिक गणों को अपने दैनंदिनी मार्केट के कार्यों हेतु शहर के मध्य क्षेत्र में आने पर किसी तरह का यातायात प्रावधान की स्थिति का सामना न करना पड़े। इस हेतु यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा लगातार ऐसे वाहन जो यातायात नियमों को उल्लंघन करते हुए शहर के प्रमुख मार्गो को बाधित करने का प्रयास करते हैं उनके वाहन के चक्का में व्हील लॉक में भी लगाई जा रही है तथा कार लिफ्टर एवं बाइक लिफ्टर के माध्यम से उक्त वाहनों को यातायात मुख्यालय लाकर नियमानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा लोगों को लगातार समझाइश दिए जाने के बावजूद भी शहर के अत्यधिक के यातायात दबाव वाले स्थान पर अवैध रूप से पार्किंग करना न सिर्फ यातायात व्यवधान की स्थिति निर्मित करती है अपितु सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बनती है।

नो पार्किंग में खड़ी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई

इसी कड़ी में आज देवकीनंदन चौक से शनिचरी और अन्य शहर के कई क्षेत्रों में लगातार पैदल पेट्रोलियम कर नो पार्किंग में खड़ी वाहनों पर सघन कार्रवाई की गई। कार्रवाई में रामगोपाल करियारे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात, डीएसपी शिव चरण सिंह परिहार, टैंगो सईद अख्तर सर, टेंगों नवीन देवांगन, एएसआई धनेश साहू, एएसआई अभय खलखो एवं स्टाफ प्र. आर. राजेंद्र मिश्रा, आर. डी साहू आर. राकेश सिंह, संदीप अनंत, शेखर सिंह एवं स्टाफ शामिल थे।

अज्ञात कारणों से नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

पचपेड़ी थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस जांच में जुटी

पचपेड़ी/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है वही सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पचपेड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोंधरा रामायण चौक के पास रहने वाले राम लाल यादव की पिछले वर्ष ही गायत्री यादव उम्र 22 वर्ष से शादी हुई थी जिन्होंने बताया कि मंगलवार शाम लगभग 7 बजे के आसपास अंजू किसी बात को लेकर नाराज हो गई और अपने कमरे में जाकर अन्दर से दरवाजा को बंद कर सो गई। घर के अन्य सदस्य भी घर के परछी में सो गए बुधवार सुबह 5 बजे जब गायत्री को उठाने कमरे के दरवाजे को खोलवाने का प्रयास किया गया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर खिड़की से झांककर देखने पर परीजनों के होश उड़ गए गायत्री यादव पंखा लगाने वाले कुंडी में साड़ी के सहारे फांसी पर झूल रही थी तभी परिजनों ने दरवाजा को तोड़ फांसी के फंदे को हंसिए से काट गायत्री को नीचे उतारा तब तक गायत्री की मौत हो चुकी थी जिसकी जानकारी आसपास पड़ोसियों सहित पचपेड़ी पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई है।

जीएसटी राजस्व में सराहनीय योगदान के लिए एसईसीएल को मिला सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। निदेशक (वित्त) श्री डी सुनील कुमार व वित्त विभाग की टीम ने एसईसीएल सीएमडी श्री हरीश दुहन से भेंट कर सौंपा पुरस्कार

जीएसटी विभाग जबलपुर द्वारा जीएसटी राजस्व में सराहनीय योगदान के लिए एसईसीएल को उत्कृष्ट करदाता के रूप में सम्मानित किया है। हाल ही में 8वें जीएसटी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान, एसईसीएल द्वारा समयबद्ध कर भुगतान, पारदर्शी कर प्रणाली के अनुपालन एवं राजस्व संवर्धन में निभाई गई सक्रिय भूमिका के लिए प्रदान किया गया है।

एसईसीएल ने वर्ष 2024ङ्क25 में कर रिटर्न समय पर दाखिल करने, कर देयताओं का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने एवं सभी विधिक एवं नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सरकारी राजस्व को मजबूत आधार प्रदान किया।

निदेशक (वित्त) श्री डी सुनील कुमार की अगुआई में वित्त विभाग की टीम द्वारा दिनांक 09 जुलाई 2025 को एसईसीएल सीएमडी श्री हरीश दुहन से शिष्टाचार भेंट कर एसईसीएल वित्त वर्ष 2024ङ्क25 में जीएसटी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिले अवार्ड को सौंपा।

श्री दुहन ने वित्त विभाग की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके परिश्रम, दक्षता तथा टीम भावना की सराहना की।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन सह यो/परि) श्री एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) श्री बिरंची दास, श्रे सीडीएन सिंह, महाप्रबंधक (वित्त), श्री आनंद बक्शी, उप-महाप्रबंधक (आईए) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला 14 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। आईटीआई कोनी के सीओई भवन मे 14 जुलाई को सवेरे 9.30 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, मैकेनिक डीजल, मैकेनिक ट्रेक्टर, वेल्डर, टर्नर, कोपा व्यवसाय के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस मेले में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए आईटीआई कोनी में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकतें हैं।

समाजसेवी डॉक्टर कमल छाबड़ा ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश का राष्ट्रपति भवन उस समय सफेद हंसवाहक ब्रह्माकुमारीज भाई-बहनों से सज गया जब 7 जुलाई को ब्रह्मा कुमारीज की यातायात एवं परिवहन प्रभाग के पूरे भारत वर्ष से सभी वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रपति भवन पहुंचे। ट्रांसपोर्ट एंड ट्रेवल विंग की अध्यक्षा ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी दिव्या दीदी की अगवाई में सभी भाई-बहनों ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस उपलक्ष्य में राष्ट्रपति ने कहा कि जीवन एक यात्रा है और उसमें बहुत सावधानियां रखनी पड़ती है उसी प्रकार यातायात के नियमों का पालन करना भी बहुत आवश्यक है, क्योंकि प्रतिवर्ष एक युद्ध से भी ज्यादा रोड एक्सीडेंट में लोगों की मृत्यु होती है। जिससे उनका पूरा परिवार असहाय हो जाता है। मनुष्य का मन शांत और खुश होता है तो बाह्य स्थितियां भी सुखद हो जाती है। राष्ट्रपति जी ने ट्रांसपोर्ट एवं ट्रेवल विंग के 25 वर्ष से निरंतर की जा रही सेवाओं की रजत जयंती के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश और समाज के लिए आपकी सेवाएं अतुलनीय है। राजयोगिनी दिव्या दीदी ने राष्ट्रपति का शॉल, बुके से स्वागत किया। मुम्बई की बीके संगीता दीदी ने बहुत सुंदर कविता सुनाई। नेशनल कॉर्डिनेटर बीके कविता दीदी ने ट्रांसपोर्ट एंड ट्रेवल विंग कि पूरे भारतवर्ष में हो रही सेवाओं को विस्तार से बताया। यातायात एवं परिवहन प्रभाग के सदस्यों के लिए राष्ट्रपति भवन में स्वल्पाहार का आयोजन किया गया तथा पूरे राष्ट्रपति भवन एवं आनंद उद्यान का भ्रमण कराया गया। सभी सदस्यों ने नई पार्लियामेंट बिल्डिंग का भी सम्पूर्ण अवलोकन किया। डॉक्टर कमल छाबड़ा पिछले कई दशकों से ब्रह्माकुमारीज के वरिष्ठ सदस्य के रूप में निरंतर मानवीय सेवा में प्रयासरत हैं।

कैंसर उपचार के लिए सिम्स में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम समर्पित

बिलासपुर/नवप्रदेश। संभाग के सबसे बड़े शासकीय हॉस्पिटल सिम्स में अंचल के मरीजों को कैंसर विभाग द्वारा उपचार लगातार किया जा रहा है।

बड़ी संख्या में मरीज हो रहे लाभान्वित

आंकड़ों की माने तो आयुष्मान योजना के अंतर्गत अंचल के 800 कैंसर मरीजों को 1 साल में इलाज हुआ है। जिसमें से 1978 साइकिल्स कीमोथेरेपी में आयुष्मान पंजीयन पश्चात मरीजों का इलाज कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी, मेट्रोनॉमिक थेरेपी, ओरल कीमोथेरेपी द्वारा इलाज कैंसर विभाग सिम्स में हुआ। इस मामले में सिम्स प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार मुंह एवं गले के कैंसर पीड़ित 32 प्रतिशत, स्तन कैंसर से पीड़ित 28 प्रतिशत, बच्चेदानी के मुंह का कैंसर से पीड़ित 13 प्रतिशत, पेट के कैंसर से पीड़ित 10 प्रतिशत, छोटी आंत बड़ी आंत के कैंसर से पीड़ित 8 प्रतिशत, गुदाद्वार के कैंसर से पीड़ित 5 प्रतिशत के साथ साथ अन्य 4 प्रतिशत कैंसर के मरीजों को आयुष्मान योजना का लाभ मिला है। इसके अलावा समीप के राज्यों से कैंसर के मरीज जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, झारखंड कुल 14 से 15 मरीज भी सिम्स में इलाज किया गया है। वही आयुष्मान से मरीजों को महंगी दवाई को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। आयुष्मान योजना से निःशुल्क में दवाइयां उपलब्ध कराने में अधिष्ठाता डॉ. रमनेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर लखन सिंह की विशेष भूमिका रहती है।

सियान चेतना अभियान में वरिष्ठजनों का सम्मान



बिल्हा/नवप्रदेश। बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मंगला में सियान चेतना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर वरिष्ठजनों को शाल, श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक जीएल चंद्राकर, प्रधान आरक्षक बलराम विश्वकर्मा, आरक्षक संतोष मरकाम ने नशे के विरुद्ध साइबर फ्रॉड एवं सड़क दुर्घटना लैंगिक अपराध के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम सरपंच मोनिका उमेश खुसरो, उप सरपंच उत्तरा कुमार साहू, पूर्व सरपंच पति अंजोर सिंह पटेल, धनुष राम पटेल, फिरंगीलाल भट्ट, कामता प्रसाद सेन, आनंद राम यादव, गिरीश कुमार सेन, मिट्ठू लाल पटेल, रामशरण यादव, मनीष पटेल, आशीष पटेल, हीरालाल केवट, रामायण केवट, सरोज कुमार साहू आदि ग्रामवासियों की उपस्थिति में सियान चेतना जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

आयोजन

करमा सीपत में नशा के विरूद्ध सियान चेतना, यातायात जागरूकता, हमर सियान, हमर धरोहर कार्यक्रम

सपने वो हैं जो नींद में भी सोने ना दे: एसएसपी रजनेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर पुलिस द्वारा एक मंच के नीचे 8 जुलाई को ग्राम करमा थाना सीपत में आकर एक युद्ध नशे के विरूद्ध आओ सवारे कल अपना यातायात जागरूकता एवं सियान चेतना का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह मुख्य अतिथी रहे साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात राम गोपाल करियारे, सीएसपी सरकंडा सिद्धार्थ बघेल, विशिष्ट अतिथि रहे। साथ में पायल एक नया सवेरा फाउडेशन के संचालक पायल लाट एवं चचंल सलुजा विशिष्ट अतिथि बतौर रहे। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कहा की इस माह हम सियान चेतना कार्यक्रम चला रहे है जिसका उद्देश्य सियान लोगों को सुरक्षित रखना उनमें सायबर जागरूकता लाना है हमारे सियान ही हमारे धराहर है कहा। इसी बीच ग्राम करमा के सरपंच द्वारा बीट के प्रभारी सउनि सहेत्तर कुर्रे, बीट आरक्षक शैलंद्र कुर्रे बीट म आरक्षक ज्योति जगत के कार्यो की प्रशंसा से बीट प्रणाली में पारदर्शिता लाने तथा बीट प्रणाली का सुनियोजित ढंग से क्रियान्वयन से खुश होकर सीपत पुलिस की पीठ थपथपाई। उन्होंने अपने उदबोधन में चेतना कार्यक्रम में जोर देते हुए कहा की सपने वो है जो रातो में नींद नही आने देती अर्थात किसी भी सफलता को पाने के लिए केवल एकलव्य की तरह लक्ष्य होनी चाहिए हमें अपनी बच्चियों को ग्रामीण परिवेश की बच्चियां का पालन पोषण अच्छी तरह करनी चाहिए।

हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील

पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन के सहयोग से विरष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह प्राथमिक शाला के 170 बच्चों को कापी व पेन का वितरण किया गया तथा यातायात पुलिस बिलासपुर द्वारा ग्राम सरपंच, पंच व सियान लोगों को यातायात जागरूकता के लिए हेलमेट वितरण कर हेलमेट धारण कर ही मोटर सायकल चलाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम के जन प्रतिनिधियों व जनता से नशा से गांव को दुर रखने युवा पीढी को जागरूक करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी गोपाल सतपथी अपने दलबल के साथ उपस्थित रहे शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला करमा के प्रभारी प्रचार्य आलोक पांडेय द्वारा मंच का अपने ओजस्वी वाकपटुता से मंच संचालन किया गया कार्यक्रम में रमेश गोपाल यादव, संतोष यादव, आरबी कंवर, एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिका गण के साथ काफी संख्या में छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

लाल निशान में खुले सेंसेक्स-निफ्टी, बाजार टैरिफ को लेकर स्पष्टता का कर रहा इंतजार

मुंबई। मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार को भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में आईटी, पीएसयू बैंक और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सुबह करीब 9.34 बजे, सेंसेक्स 181.63 अंक या 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,530.88 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 44.25 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,478.25 पर कारोबार कर रहा था। चॉइस ब्रोकिंग के हार्दिक मटालिया ने कहा, सपाट से नकारात्मक शुरुआत के बाद, निफ्टी को 25,500, उससे पहले 25,400 और 25,300 पर समर्थन मिल सकता है। ऊपरी स्तर पर, 25,600 तत्काल प्रतिरोध हो सकता है, उसके बाद 25,700 और 25,800 स्तर पर प्रतिरोध हो सकता है। विश्लेषकों के अनुसार, हाल के वैश्विक बाजार रुझानों से एक महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह निकला है कि बाजार टैरिफ के मोर्चे पर चल रही हलचल को काफी हद तक नजरअंदाज कर रहे हैं और स्पष्टता आने का इंतजार कर रहे हैं। पीएल कैपिटल के प्रमुख सलाहकार विक्रम कसाट ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दवाओं पर 200 प्रतिशत और तांबे के उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का आह्वान किया है। तांबे के वायदा भाव में 17 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल आया, जिसके बाद कीमतों में थोड़ी गिरावट आई। तांबे पर टैरिफ लगने की संभावना ज्यादा है, क्योंकि ट्रंप ने संकेत दिया है कि दवाओं पर टैरिफ को लेकर फिलहाल कुछ समय है। विश्लेषकों का कहना है कि बाजार ट्रेड फ्रंट पर स्पष्टता का इंतजार कर रहे हैं। शुरुआती कारोबार में निफ्टी बैंक 196.25 अंक या 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,060.05 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 72 अंक या 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,487.45 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 84.55 अंक या 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,979.75 पर था।

स्टैटिक नहीं, डायनामिक अप्ररोच के साथ कर रहा काम

दिल्ली। देहरादून स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अनुभवी और कुशल फैकल्टी, नवाचार और छात्रों को स्किल्ड बनाने के लिए जाना जाता है। आज भारत वर्ष 2047 का रोडमैप लेकर चल रहा है। सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के लिए जरूरी है कि हम अपने परम्परागत दृष्टिकोण में बदलाव करते हुए आधुनिक तकनीक और नवाचार को अपने जीवन में सम्मलित करें ताकि भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। देहरादून स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आईटीएम) अपने छात्रों को नवाचार और कौशल विकास के माध्यम से डायनामिक बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

भारत सबसे बड़े ऑफशोर एनर्जी प्रयासों के साथ 2.5 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक एरिया में एक्सप्लोरेशन के लिए तैयार

नो गो एरिया पर फैसला भारत को बनाएगा ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक नेता

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि दुनिया के सबसे बड़े ऑफशोर एनर्जी एक्सप्लोरेशन प्रयासों में से एक के रूप में, भारत ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) के दसवें दौर के तहत 2.5 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक एरिया में एक्सप्लोरेशन करने के लिए तैयार है।केंद्रीय मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हम ऊर्जा के एक नए युग में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं!

ऑयल एंड गैस एक्सप्लोरेशन और उत्पादन के क्षेत्र में अब कोई बाधा नहीं, केवल संभावनाएं हैं।इस संबंध में, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने नॉर्वे के बर्गेन में ऑफशोर एनर्जी क्लस्टर की एक बैठक में भाग लिया।केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'नो गो' एरिया पर लिया गया

साहसिक निर्णय न केवल देश की ऊर्जा क्षमता को बढ़ा रहा है, बल्कि भारत को ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़े बदलाव का नेतृत्व करने के लिए भी तैयार कर रहा है।केंद्रीय मंत्री पुरी ने बीडब्ल्यू-एलपीजी के सीईओ क्रिस्टियन सोरेनसेन से भी मुलाकात की। यह एलपीजी वेसल की दुनिया की अग्रणी ऑनर और ऑपरेटर कंपनी है, जिसके पास 40 लाख सीबीएम से अधिक की कुल वहन क्षमता वाले वेरी लार्ज गैस कैरियर (वीएलजीसी) हैं।केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा, यह कंपनी एलपीजी शिपिंग में अग्रणी कंपनियों में से एक है, जो भारत में एलपीजी आयात का 20 प्रतिशत हिस्सा है। नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में हुई हमारी बैठक में, हमने बीडब्ल्यू-एलपीजी और भारतीय ऊर्जा कंपनियों के बीच सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।इस बीच, ओएएलपी के तहत पेश किए जा रहे तेल और गैस ब्लॉकों ने पहले ही वैश्विक और घरेलू ऊर्जा कंपनियों का ध्यान आकर्षित किया है और दसवें दौर से भागीदारी और निवेश के लिए नए मानक स्थापित होने की उम्मीद है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने तेल और गैस क्षेत्र को गति देने के देश के फोकस के तहत पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियमों के ड्राफ्ट, मॉडल रेवेन्यू शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (एमआरएससी) और पेट्रोलियम लीज पर 17 जुलाई, 2025 से पहले प्रतिक्रिया और सुझाव आमंत्रित किए हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी 17 जुलाई को भारत मंडपम में आयोजित 'ऊर्जा वार्ता 2025' में मंत्रियों, अधिकारियों और उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ बातचीत करेंगे।

पहली बार है जब एसआईपी निवेश 27,000 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है

जून में एसआईपी निवेश ऑल-टाइम हाई पर म्यूचुअल फंड एयूएम 74.41 लाख करोड़ पहुंचा

नई दिल्ली। म्यूचुअल फंड सिस्टेमेटिक इंवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के तहत जून महीने में निवेश 27,269 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो मई के 26,688 करोड़ रुपए से 2 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी बुधवार को जारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों से मिली।

यह पहली बार है जब एसआईपी निवेश 27,000 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है। एएमएफआई के आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) बढ़कर 74.41 लाख करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि मई में यह 72.20 लाख करोड़ रुपए और अप्रैल में 69.99 लाख करोड़ रुपए थी।मई में 29,572 करोड़ रुपए के निवेश की तुलना में जून में कुल म्यूचुअल फंड निवेश

मासिक आधार पर 67 प्रतिशत बढ़कर 49,301 करोड़ रुपए हो गया। जून में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 24 प्रतिशत बढ़कर 23,587 करोड़ रुपए हो गया। ईएलएसएस फंड को छोड़कर सभी इक्विटी कैटेगरी में निवेश हुआ।इक्विटी कैटेगरी में, लार्ज कैप फंड ने जून में 1,694 करोड़ रुपए के निवेश के साथ बढ़त हासिल की, जो पिछले महीने के 1,250.5 करोड़ रुपए से 35 प्रतिशत अधिक है।

स्मॉल कैप फंड में 4,024.5 करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जो मई के 3,214 करोड़ रुपए से 25 प्रतिशत अधिक है।मिड कैप फंडों में भी 3,754 करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जो मासिक आधार पर 2,808.7 करोड़ रुपए से 34 प्रतिशत अधिक है।

गोल्ड ईटीएफ में निवेश मई के 292 करोड़ रुपए से छह गुना बढ़कर 2,080.9 करोड़ रुपए हो गया, जो 613 प्रतिशत की वृद्धि है। हाइब्रिड फंड में निवेश मई के 20,765 करोड़ रुपए से बढ़कर जून में 23,223 करोड़ रुपए हो गया। एएमएफआई के आंकड़ों के अनुसार, मल्टी एसेट एलोकेशन में 3,209 करोड़ रुपए का निवेश हुआ, इसके बाद डायनेमिक एसेट एलोकेशन/बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में 1,885 करोड़ रुपए का निवेश हुआ।

एमएस धोनी ने खास अंदाज में मनाया 44वां बर्थडे

रांची। इंडियन क्रिकेट टीम के विश्व विजेता कप्तान एमएस धोनी आज अपना 44वां जन्मदिन मना रहे हैं. कैप्टन कूल के नाम से मशहूर कप्तान एमएस धोनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो केक कट करते हुए दिखाई दे रहे हैं. धोनी के फैंस उनका ये वीडियो काफी पसंद कर रहे हैं। धोनी ने सोमवार (7 जुलाई) को अपने गृहनगर रांची में अपना 44वां जन्मदिन अपने करीबी दोस्तों और परिचित लोगों के साथ मनाया. इस दौरान धोनी के केक काटने की रस्म का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (SUB-STATION)
Quarter No. OA-01, Old CSEB Colony, Tifra, Bilaspur (C.G.) 495223
Website- www.cspc.co.in e-mail:- cesssom.bilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537

No. 02-17/Pur/T-531/810 Bilaspur, Date: 09/07/2025

NOTICE INVITING TENDER

Sealed tenders are invited from eligible experienced contractor on labour contract basis for the following works:-

SN	Tender No.	Particulars	E.M.D
01.	02-17/Pur/ TR-531/810 Dtd.09/07/25 (RFx. No. 8100044992)	Job Work For Detailed Health Earth Assessment Audit/ Analysis On earthing system of 132 KV and 33 KV bays based on latest relevant standard and detail recommendation with optimal implementable solution at 132 KV S/s Silpahri under EE (S/s) Dn. CSPTCL, Bilaspur	6,100.00
Cost of Tender Documents (Non-refundable) incl. GST@18%			2,000.00
Last Date & Time of Sale of Tender: -		30/07/2025	15:00 Hrs
Last Date & Time of Submission of Tender:-		31/07/2025	15:00 Hrs
Date & Time of Opening of Tender :-		31/07/2025	15:30 Hrs

Terms & conditions:- (i) In case any of the above date is declared as holiday, then the particular date will automatically get shifted to next working day.(ii) Any notice for extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.(iii) The tender will be processed through e-bidding module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our web site www.cspc.co.in/csptcl for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM

SAVE ELECTRICITY S-44486 Executive Director (S/s) CSPTCL Bilaspur

वियान मुल्डर ने तोड़ा 67 साल पुराना रिकॉड

नईदिल्ली। दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच क्वींस स्पोर्ट्स क्लब, बुलावायो में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है. केशव महाराज के चोटिल होने के बाद टेस्ट टीम की कमान संभाल रहे 27 वर्षीय वियान मुल्डर ने मैच में नाबाद 367 रनों की पारी खेलकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया. मुल्डर अब टेस्ट में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बन गए हैं.

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नारायणपुर जिला नारायणपुर (छ.ग.)
क्रमांक/1615/अ.वि.अ./प्र.-1/2024-25
नारायणपुर, दिनांक 18/07/2025

प्रति,
1. बैशाखू रजक पिता श्री सुखराम जाति धोबी
2. सज्जन रजक पिता श्री सुखराम जाति धोबी निवासी ग्राम कोरकोटी, पोस्ट एवं थाना, धनोरा तहसील केशकाल, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

विषय :- न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नारायणपुर में विचाराधीन प्रकरण (प्रकरण क्रमांक/202504170400016/अ-6/2024-25 चन्दरसिंह पिता श्री सुखराम, जाति धोबी उम्र 62 वर्ष निवासी ग्राम महिमागवाड़ी, पटवारी हल्का नंबर 27, तहसील छोटेडोंगर, जिला नारायणपुर (छ.ग.) विरुद्ध बैसाखू राम रजक पिता श्री सुखराम, जाति धोबी उम्र 60 वर्ष एवं सज्जन रजक पिता श्री सुखराम जाति धोबी उम्र 58 वर्ष दोनों निवासी ग्राम कोरकोटी, पोस्ट धनोरा, तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के संबंध में।

उपरोक्त विषयांतर्गत आपको सूचित किया जाता है कि चन्दर सिंह पिता श्री सुखराम, जाति धोबी उम्र 62 वर्ष, निवासी ग्राम महिमागवाड़ी, पटवारी हल्का नंबर 27, तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय श्रीमान तहसीलदार छोटेडोंगर राजस्व निरीक्षक मण्डल धौड़ाई जिला नारायणपुर (छ.ग.) द्वारा नामांतरण पंजी CT-202425460312800001 आदेश दिनांक 26.12.2024 पक्षकार बैशाखू राम रजक पिता श्री सुखराम जाति धोबी उम्र 60 वर्ष से असंतुष्ट होकर अपील प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है। जिसकी सुनवाई 17/07/2025 को इस न्यायालय में नियत है।

अतः इस संबंध में दावा आपत्ति/ कथन मौखिक या लिखित रूप से स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करना चाहते हैं तो स्वयं सुनवाई दिनांक या इसके पूर्व मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नारायणपुर

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार
निविदा आमंत्रण सूचना

युग युगीन भारत संग्रहालय, नई दिल्ली के लिए सेवाएँ संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 9 जुलाई 2025 समग्र संग्रहालय डिज़ाइन (वास्तुशिल्प एवं प्रदर्शनी डिज़ाइन) हेतु डिज़ाइन सलाहकार के चयन हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध को आमंत्रित की गई हैं। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 1 अगस्त 2025 है।

इच्छुक बोलीदाता eprocure.gov.in पर विवरण देख सकते हैं।

CBC 09101/11/0010/2526

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No. 15-17/ABVTPS/Boiler/W/T-06/2025/6321 Marwa, dtd. 03-07-2025

NOTICE INVITING TENDER

Sealed Tenders are invited from reputed contractors for:-

Sl. No	Tender Spec.No.	Particulars	Last date for sale of tender documents	Due date of submission/ opening of tender documents	Tender Fee	EMD
01	15-17/ ABVTPS/ Boiler/W/T-06 /2025	Hiring of Vehicle (SUV category) for Executive Engineer (BMD I, II & III) of 2x500 MWABVTPS, CGPGCL, Marwa pre.for 24 months.	28.07.2025	29.07.2025	Rs. 500/- +GST @ 18% (590/-) (Rs.118/- Extra for Postal charges if required by post.)	Rs.12565/-

Tender fee & EMD are to be submitted in the form of DD/BC drawn in favour of **Sr. Accounts Officer, 2X500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Marwa, Champa** and should be payable at SBI, Branch CSEB Marwa,Champa. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/TENDER or contact the undersigned during working hours.

Superintending Engineer (Boiler) 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL Marwa-Tendubhatha

SAVE ELECTRICITY S-44488

न्यायालय तहसीलदार कोटा जिला-बिलासपुर, (छ.ग.)
// उपस्थिति हेतु सूचना//
रा.प्र.क
202507072800008/8927/2024-25
ग्राम कोटा, तहसील कोटा

अनावेदक बुधवारा बेवा गणेशदास, बृजेन्द्र, अनिला पिता गणेश, बुधवारा बेवा गणेश निवासी कोटा करगीरोड, तहसील कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका नीराबाई बेवा रमेशदास वर्ग, निवासी शांतिनगर डबरीपारा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम कोटा तहसील कोटा में स्थित भूमि खसरा नंबर 442/2 रकबा 0.2060 हे. भूमि उभयपक्षकार की स्वत्व एवं आधिपत्य की पैतृक संपत्ति है। आवेदित भूमि का आवेदकगण द्वारा खाता विभाजन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.स. 1959 की धारा 178 के तहत् इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि कोई दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक-14/07/2025 को सुबह 10 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक-03/07/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार कोटा

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.15-19/ABVTPS/MP/W-T-01/2025/6000 Marwa, dtd. 25-06-25

NOTICE INVITING TENDER

Sealed Tenders are invited from reputed contractors for:-

Sl. No	Tender Spec.No.	Particulars	Last date for sale of tender documents	Due date of submission/ opening of tender documents	Tender Fee	EMD
01	No.15-19/ ABVTPS/ MP/ W-T-01/ 2025	Hiring of one vehicle (SUV Category) for SE (MP/HQ) for 1250 KM monthly running for a period of 24 months inclusive of cost of fuel, lubricants, wages of driver, vehicle maintenance etc, 2x500 MW, ABVTPS, CGPGCL, Marwa.	16.07.2023	17.07.2025	Rs. 500/- + GST @ 18% (590/-) (Rs.118/-Extra for Postal charges if required by post.)	Rs.12230/-

Tender fee & EMD are to be submitted in the form of DD/BC drawn in favour of **Sr. Accounts Officer, 2X500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Marwa, Champa** and should be payable at SBI, Branch CSEB Marwa,Champa. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/TENDER or contact the undersigned during working hours.

Superintending Engineer (MP) 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL Marwa-Tendubhatha, Janjgir-Champa

SAVE ELECTRICITY S-44485

केनरा बैंक Canara Bank — सिंडिकेट Syndicate

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक: 30.07.2025

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 30.07.2025 को 12.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 29.07.2025 एवं ई-नीलामी की तिथि: 30.07.2025

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा प्रबंधक का नाम / खाता का नाम/खाता संख्या व आईएफएससी कोड/ई-मेल
1. **श्री राजकुमार वर्मा (ऋणी), पिता- गंगा राम लोधी,** 35, ग्राम- बोटेपार, पोस्ट- पटेवा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) 2. **श्रीमती त्रिवेणी बाई पति- राजकुमार लोधी,** 22, ग्राम- बोटेपार, पोस्ट- पटेवा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.), 3. **श्री कुलेश्वर वर्मा पिता- गोविंद राम वर्मा,** ग्राम- बोटेपार, पोस्ट- पटेवा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)	खसरा नं. 559/4, ग्राम- बोटेपार, प.ह.नं. 05, आर.आई सर्कल- घुमका, तहसील व जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) क्षेत्रफल- 0.06A (0.024 हे./2610 वर्गफीट) में स्थित आवासीय मकान। **चौहद्दीः उत्तर-** सड़क, **दक्षिण-** गोविंद की भूमि, **पूर्व-** गंगाराम की भूमि, **पश्चिम-** निर्मल की भूमि.	29.04.2023 / 23.08.2023 / ₹ 18,28,113.28 10.06.2025 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 9,50,000/- / ₹ 95,000/- / ₹ 10,000/-	Mr. Ramesh Kumar Barnwal (Mo. 7979080787) Patewa Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE:CNRB0015265 Email: cb15265@canarabank.com
श्रीमती सुशीला स्वर्णकार पत्नी श्री रामकुमार स्वर्णकार, वार्ड नं. 6, बी., डी महंत उपनगर, म.नं. 210, नैला, जांजगीर, छत्तीसगढ़ **श्री राम कुमार स्वर्णकार,** वार्ड नं. 6, बी.डी. महंत उपनगर, म.नं. 210, नैला, जांजगीर, छत्तीसगढ़	खसरा नं. 3750/2, प.ह.नं. 41, आरएनएम- बी.डी. उप नगर, जांजगीर, जिला- जांजगीर चाम्पा, छत्तीसगढ़-495668, क्षेत्रफल- 3050 वर्गफीट में स्थित भूमि एवं भवन। **चौहद्दीः उत्तर-** रामनरेश का मकान, **दक्षिण-** दयाराम का मकान, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** सड़क।	30.07.2024 / 04.10.2024 / ₹ 2,86,595.77 10.06.2025 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चें आदि	₹ 39,00,000/- / ₹ 3,90,000/- / ₹ 10,000/-	Mr. Avinash Prasad (Mo. 9516009455) Bilaspur Rajkishor Nagar Branch 209272434 CNRB0005648 Email: cb5648@canarabank.com
मेसर्स मनीष तिवारी पुत्र रामअवतार तिवारी, 331/के बाबा राम देव वार्ड, धरमार मिल गली वार्ड 09 बेमेतरा छत्तीसगढ़ **श्री राम अवतार तिवारी पुत्र रामपाल तिवारी,** 331/के बाबा राम देव वार्ड धरमार मिल गली वार्ड 09 बेमेतरा छत्तीसगढ़।	**स्वामित्व- श्री रामा अवतार तिवारी पुत्र- श्री रामपाल तिवारी,** खसरा नं. 194/1, कुल खसरा नं. 01, क्षेत्र का भाग 1.13 एकड़, मकान नं. 34, ग्राम- सिंधौरी, पीसी नं. 28, आरआई एवं तहसील- बेमेतरा, जिला-बेमेतरा, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 560 वर्गफीट में स्थित भूमि व भवन। **चौहद्दीः उत्तर-** सड़क, **दक्षिण-** निजी भूमि, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** मकान नं. 33.	29.07.2024 / 08.10.2024 / ₹ 9,98,614.09 10.06.2025 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चें आदि	₹ 5,32,000/- / ₹ 53,200/- / ₹ 10,000/-	Mr. Mithilesh Kumar Pandey (Mo. 9425502204) Bemetara Branch 209272434 CNRB0005204 Email: cb5204@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें:- (1) ई-नीलामी **"जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जायेगी। बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है। भार के विवरण हेतु अधोहस्तारकर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें। नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.bankeauctions.com** के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे। (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक** के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 29.07.2025 को सायं 5.30 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है। (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी। (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है। डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता **M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID ::- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in** पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल **www.bankeauctions.com** में नाम पंजीकृत करवाए और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को **दिनांक 29.07.2025** को **सायं 3.00** बजे या उससे पहले निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रुप से जमा करना होगा। **अ.** ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो। **ब.** पेन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र। **स.** इच्छुक खरीददार का नाम, सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी। **द.** इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रकिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी)। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जप्त कर ली जावेगी। (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्च/फीस पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चें इत्यादि वहन करने होंगे। (10) यहां संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें **eauction@ccsl.co.in** अथवा सर्विस प्रदाता **M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID ::- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in** पर संपर्क करें।

सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचे। केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी बंद/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। इन स्थितियों से बचने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें। जैसे कि बैकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सकें। (नोटः नीलामी की प्रक्रिया डीआईसी के नियम एवं शर्तों के तहत होगी।)

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द टाईम्स ऑफ इंडिया' दिनांक 10.07.2025 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 09.07.2025 — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

न्यूज गैलरी

दो महिला नक्सली गिरफ्तार हथियार और विस्फोटक बरामद

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। कोहकामेटा थाना क्षेत्र में की गई कार्रवाई में दो महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान पारो हप्का और सुनीता उर्फसंगीता मंडावी के रूप में हुई है। दोनों नक्सली माड़ डिवीजन के कुतुल एलओएस (लोकल ऑर्गनाइजेशन स्क्वाड) की सक्रिय सदस्य थीं। दोनों महिलाएं लंबे समय से नक्सली गतिविधियों में शामिल थीं और जनताना सरकार के विस्तार, युवाओं की भर्ती, माओवादी विचारधारा के प्रचार-प्रसार और पुलिस पर हमले की साजिशों में भी भाग ले रही थीं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री जब्त की है। बरामद सामान में 12 बोर बीजीएल लॉचर बंदूक, दो बीजीएल बम, एक टिफिन बम, एक डेटोनेटर, 24 पेंसिल सेल और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल हैं। प्रदेश में नक्सलियों के खिलाफलगातार चल रही कार्रवाई के तहत यह एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

ट्रक के टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। देवपुरी स्थित बेहरा ब्यूटी सेलून के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक में पीछे बैठी महिला की मौत हो गई। मामले में टिकरापारा पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका हीराबाई साहू 45 वर्ष ग्राम कुरूद जामुल दुर्ग की रहने वाली थी। बताया जाता है कि मृतिका अपने पुत्र ओमप्रकाश साहू 21 वर्ष के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएफ 2907 में सवार होकर कहीं जा रही थी, तभी देवपुरी स्थित ब्यूटी सेलून के पास ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीजे 9073 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार हीराबाई की मौत हो गई। मामले में टिकरापारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है।

खैरागढ़ में 12वीं की छात्रा ने की आत्महत्या, कारण अज्ञात

खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ः खैरागढ़ के अमलीपारा में मंगलवार शाम 12वीं कक्षा की एक छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिससे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना के समय छात्रा के बुजुर्ग दादा-दादी ही घर पर मौजूद थे। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार, छात्रा मंगलवार शाम करीब 7 बजे किताब लेने के लिए घर से बाहर गई थी। लौटने के बाद उसने अपने कमरे को अंदर से बंद कर लिया। परिवार के अन्य सदस्य उस समय घर पर नहीं थे। जब दादा ने उसे कमरे से बाहर आने के लिए कहा और कोई जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने खिड़की से अंदर देखा। वहां उन्होंने अपनी पोती को फंदे से लटका पाया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतका पढ़ाई में काफी होशियार और शांत स्वभाव की थी। वह अपने दो भाइयों की इकलौती बहन थी। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के कारणों का पता चल सके।

राजनांदगांव जिले में अब तक 1489.1 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 1489.1 मिमी बारिश एवं औसत 212.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 261.7 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 173 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 308.1 मिमी, घुमका तहसील में 237.5 मिमी, छुरिया तहसील में 202.4 मिमी, कुमरदा तहसील में 166.6 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 139.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

अब तक दो मवेशियों को बनाया शिकार -वन विभाग अलर्ट

छिंदीडीह वनांचल में बाघ की दस्तक से दहशत

- ग्रामीणों में खौफ वन विभाग ने की मुनादी - जंगल न जाने की अपील

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया से लगभग 50 किलोमीटर दूर छिंदीडीह वन क्षेत्र में बाघ की संभावित मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बीते कुछ दिनों में एक गाय और एक बकरी को मारकर खा जाने की घटना के बाद लोगों का भय और अधिक गहरा गया है। जंगल से सटे गांवों में अब पशु चराने जाना भी खतरे से खाली नहीं रहा। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शिकार की जगह से मिले पदचिन्हों की जांच शुरू कर दी गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने बीते दो-तीन रातों से जंगल की तरफ अजीब सी आवाजें सुनी थीं और कुछ लोगों ने किसी बड़े जानवर की हलचल भी देखी थी। एक किसान की गाय और एक अन्य महिला की बकरी को अज्ञात जंगली जानवर द्वारा शिकार बनाया गया, जिसके बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी।

वन अमले ने मौके पर पहुंचकर

शिकार की गई जगह का निरीक्षण किया और आस-पास मिले पैरों के निशान की जांच कर विशेषज्ञों से पुष्टि कराने की प्रक्रिया शुरू की है।

इस मामले पर कवर्धा डीएफओ निखिल अग्रवाल ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमला बाघ ने किया या तेंदुए ने, लेकिन दोनों ही स्थितियां संभावित हैं। उन्होंने बताया कि पदचिन्हों के आधार पर जांच की जा रही है, जिसकी रिपोर्ट के बाद ही यह तय होगा कि शिकार किस जानवर ने किया है।

सावधानी के तौर पर वन विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र में मुनादी कराई है और लोगों से अपील की गई है कि वे आवश्यक कार्य के बिना जंगल की ओर न जाएं और रात के समय मवेशियों को घर से बाहर न छोड़ें। वहीं, वन अमला लगातार गश्त कर रहा है और कैमरा ट्रैप सहित अन्य तकनीकी संसाधनों के माध्यम से निगरानी तेज कर दी गई है।

इस घटना ने वनांचल के लोगों को पशु-धन और स्वयं की सुरक्षा को लेकर सतर्क कर दिया है। वहीं, अब प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ वन विभाग पर भी दबाव बढ़ गया है कि जल्द से जल्द हमलावर वन्य प्राणी की पहचान कर उसकी गतिविधियों पर रोक लगाई जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र को संभावित खतरे से बचाया जा सके।

मजदूरी भुगतान के लिए बाल बच्चों समेत मजदूर पहुंचे वनमंडल!

कोरिया वनमण्डल में तानाशाही का दौर शुरू

कोरिया /नवप्रदेश। कोरिया वन मंडल में एक बार फिर से तानाशाही का दौर देखने को मिल रहा है, इसके पूर्व भी एक तत्कालीन वनमंडलाधिरी के पोस्टिंग के दौरान अधिकारियों कर्मचारियों को मानसिक प्रताड़ना समेत वन विभाग में काम करने वाले मजदूर वनमंडल के चक्कर लगाते फिर रहे थे,लगता है सालों बीतने के बाद कोरिया वनमंडल एक बार फिर से खुद के इतिहास को दोहरा रहा है।

बता दें कि कोरिया वन मण्डल में नव पदस्थ वनमंडलाधिकारी के पदस्थापना के कुछ माह बाद ही वन विभाग में काम करने वाले मजदूरों का आक्रोश देखने को मिला।पोड़ी बचरा और बारबन्ध क्षेत्र के दर्जनों मजदूर परिवार समेत बकाया मजदूरी की मांग को लेकर कोरिया वनमंडल पहुँचे।उनका आरोप है कि मुनारा सहित पुलिया व सड़क निर्माण का काम कराए हुए लगभग छह महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक उनको मजदूरी नही मिली है। घंटो वन मंडल परिसर में महिलाओं और बच्चों समेत मजदूर बैठे रहे पर डीएफओ साहब कार्यालय से बाहर निकालना व मजदूरों की समस्या जानना भी उचित नही समझे ।

महदूरी मांगने पर मिली धमकी

मजदूरी की मांग करने पहुचे दर्जनों मजदूर उमस भरे गर्मी में कोरिया वनमंडल के कैम्पस में डटे रहे परन्तु डीएफओ साहब अपने वातानुकूलित दफ्तर से बाहर भी नही निकल सके इस वजह से मजदूरों का आक्रोस और बढ़ता नजर आ रहा था।वही पदस्थ कर्मचारी साहब के कार्यालय के सामने भीड़ इकट्ठा नही करने की बात कहकर उन्हें जाने की बात कहते रहे । मजदूरों ने बोलचाल में बताया कि उन्हें धमकी भी दी जा रही है कि इस प्रकार कार्यालय के परिसर में इतनी तादाद में इक्ठे नही हो सकते,मजदूरों के ऊपर उल्टा कार्रवाई करने की बात भी सुनने को मिली।

ई-कुबेर पर उठे सवाल

वन विभाग में ई-कुबेर प्रणाली लागू होने के बाद दावा किया गया था कि मजदूरों को उनकी मजदूरी सीधे उनके खातों में त्वरित मिलेगी। लेकिन कोरिया डीएफओ कार्यालय में यह दावा पूरी तरह फेल नजर आ रहा है। मजदूरों का कहना है कि महीनों से भुगतान लंबित है, बार-बार चक्कर कटवाए जा रहे हैं। गरीब मजदूर अब बच्चों समेत सड़क पर उतरने को मजबूर हैं। मजदूरों का सवाल है- जब ई-कुबेर है, तो उनकी मजदूरी क्यों नहीं मिल रही ! क्या सिस्टम में गड़बड़ी है, या फिर जानबूझकर मजदूरी रोकी जा रही है ! हालांकि इस विषय मे जब हमने कोरिया वन मंडलाधिकारी चंद्र शेखर शंकर सिंह परदेशी से चर्चा की तो उन्होंने बकाया मजदूरी भुगतान लगभग 70 से 80 लाख को जल्द से जल्द भुगतान कराने की बात कही मजदूरों के ऊपर शिकायत करने पे उल्टा कार्रवाई की बात को उन्होंने पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया।

डॉ रमन सिंह के प्रयासों से सर्विस रोड की स्वीकृति मिली

- 25.8 करोड़ की लागत से होगा निर्माण कार्य

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा आज आरके नगर चौक से रेवाड़ीह चौक तक दोनों तरफ सर्विस रोड बनाने की अनुमति प्रदान की गई। विदित हो कि अटल बिहारी वाजपई मेमोरियल मेडिकल कॉलेज जाने हेतु परिवहन को सुगम बनाने हेतु डॉ रमन सिंह ने 12 जून को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा था, जिसमें ह॥ 56 जी ई रोड में मेडिकल कॉलेज, स्कूल,बड़े व्यावसायिक स्थल, होटल, आरटीओ कार्यालय इत्यादि होने के कारण यातायात का दबाव बढ़ने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही थी, जिसमें हाल में ही एक डॉक्टर की भी दुर्घटना में मृत्यु हुई थी।

इस संबंध में सांसद संतोष पांडे ने भी परियोजना अधिकारी रायपुर को पत्र लिखा था और दूरभाष पर चर्चा की थी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे के पत्र के प्रतिउत्तर में आज भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रदीप कुमार लाल ने इस विषय में आदेश जारी करते हुए एक तरह 3.5 किलोमीटर एवं दूसरी तरफ 3.5 किलोमीटर कुल 7 किलोमीटर तक सर्विस रोड हेतु 25.8 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की।

रेवाडीह चौक होते हुए आरके नगर तक दोनों तरफसर्विस रोड के निर्माण से जहां लोगों को सुविधा मिलेगी, वहीं लगातार हो रही दुर्घटनाओं में कमी भी आएगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे ने इस महत्वपूर्ण कार्य की स्वीकृति पर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है।

कुत्तों का आतंक, आठ से अधिक लोगों को काटा

रामानुजगंज/नवप्रदेश। कुत्तों के आतंक से आज फिर पूरा रामानुजनगंज दहल गया 2 वर्ष के मासूम सहित 8 से अधिक लोगों को कुत्ता ने काटा। सबसे खतरनाक तरीके से कुत्ता दो वर्षीय मासूम के गर्दन में काट दिया जिससे मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई सभी घायल को 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज लाया गया जहां सभी का प्राथमिक इलाज चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिनों से लगातार रामानुजगंज में कुत्तों का आतंक बढ़ते जा रहा है। आज तो कुत्ता के आतंक से सभी लोग सहम गए। 12 बटालियन मुख्यालय में कुत्ता घुसकर बटालियन परिवार के 2 वर्षीय मासूम अनीशा शांडिल्य पिता जयप्रकाश के गर्दन में काटा। वही आयुष पिता रामप्रताप उम्र 5 वर्ष,आकाश निराला पिता नरेश निराला उम्र 30 वर्ष को भी काट कर घायल कर दिया। सागर गैस एजेंसी में कार्य करने वाले सूरज अग्रवाल पानी पीने जा रहे थे इसी दौरान कुत्ता के द्वारा काट लिया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 13 के विजय रवि उम्र 50 वर्ष को भी कुत्ता ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वार्ड क्रमांक 13 के ही संतोष ठाकुर की 9 वर्षीय बच्ची हिमांशी ठाकुर को कुत्ता ने काटकर घायल कर दिया। शंकरगढ़ से जिला न्यायालय में पेशी में आए ग्रामीण को भी कुत्ता ने काटकर घायल कर दिया वह स्कूल से जा रहे बच्चे को बाह में बुरी तरीका से कटकर घायल कर दिया। सभी घायलों को इलाज 100 बिस्तर अस्पताल में चल रहा है। इस संबंध में कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने कहा कि इसके उचित समाधान के लिए नगर पालिका को उचित कदम उठाने के निर्देश देता हूं।

शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म

रायपुर/नवप्रदेश। शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय प्रार्थिया ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि आरोपी समीर राणा ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाया और फिर शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मानसून की अवधि के दौरान होने वाले स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को कम करने के लिए विशेष रूप से सक्रिय उपायो का महत्व समझाते हुए भारत सरकार आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण के आदेशानुसार 1 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक सफाई अपनाओ बीमारी भगाव अभियान आयोजित किया जाना है। निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ कार्यक्रम के लिये महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में रूप रेखा तैयार की गयी है, जिसके तहत शासन निर्देशानुसार निगम सीमा क्षेत्र में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान से नागरिको को जोडने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

बीमारी भगाओ अभियान के संबंध में निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शासन

निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान अंतर्गत नागरिक-जल जनित और वेक्टर जनित बीमारियो को फैलने तथा शहरी प्रशासन-डेगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, आदि जैसी बीमारियो का प्रसार रोकने के लिए आवश्यक निवारण सफाई और उसे बढ़ावा देने वाले उपायो का ध्यान केन्द्रित कर रहा है।

राहुल बने अध्यक्ष, कहा-बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए करूंगा प्रयास

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा हेतु भाजपा मीडिया प्रभारी दंतेवाड़ा राहुल असरानी को नियुक्त किया गया है 7 प्राचार्य शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा द्वारा जारी पत्र क्रमांक - 266/जा.भ.स/2025 के माध्यम से शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दन्तेवाड़ा की गतिविधि अध्यापन आदि कार्यों के संचालन हेतु जनभागीदारी समिति में अध्यक्ष पद के लिये प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक / 279 / दिनांक 06.06.2025 के द्वारा

जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिसके समिति की गठन हेतु राहुल असरानी को महाविद्यालय में आमंत्रित किया गया है। राहुल असरानी ने नियुक्ति पर भाजपा शीर्ष नेतृव समेत प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप,विधायक चैतराम अटामी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता का आभार व्यक्त किया 7 राहुल असरानी ने कहा की यह एक जिम्मेदारी है जो विश्वास से मुझे सौंपी गयी है।

महाविद्यालय में छात्रों के बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए जो भी प्रयास हो उस हेतु हमेशा पूर्ण रूप से उपलब्ध एवं प्रयासरत रहूँगा , वर्ष 2014 तक आंध्रा यूनिवर्सिटी क्कश्व की डिग्री इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन का छात्र रहते मुझे वापस अपने छात्र जीवन के अनुभव याद आ गए, मेरे महाविद्यालय के छात्र जीवन के अनुभव के माध्यम से आप सभी का सहयोग करने का अवसर मुझे मिला उस हेतु कृतज्ञता व्यक्त करता हुं।

तीसरे दिन भी आफत की बारिश से निचली बस्तियां जलमग्न

- जोन आयुक्त एवं अध्यक्ष वार्ड पार्षद निकले वस्तुस्थिति की जानकारी लेने

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में आज तीसरे दिन वर्षा के कारण कई निचली बस्तियों में पानी भर गया है। निगम द्वारा नालों की साफ सफाई की पोल भी खुल गई है। नाले निरंतर पानी से भर गये हैं जिसके कारण राहगीरों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है।

महापौर ने जोन कमिश्नरों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे तत्काल नालों की सफाई करे तथा जलभराव को रोकने आवश्यक कदम उठावें।

जोन क्रमांक पांच के अंतर्गत आने वाले प्रोफेसर कालोनी, डंगनिया , माधवराव सप्रे वार्ड, महंत कर्मा वार्ड तथा डीडी नगर के अन्य गंदी बस्तियों में पानी भर गया है इसके कारण गरीब परेशान हो गये हैं। जोन क्रमांक 7 के अंतर्गत आने वाले रामर नगर गोकुल नगर कोटा तथा समता कालोनी में भी जल भराव हो गया है। जिसको साफ सफाई करने के लिए सुबह से जेसीबी लगाया गया है। सभापति एवं जोन क्रमांक 2 के अध्यक्ष सूर्यकांत राठौर ने बताया कि बांबे मार्केट के बाईपास मौदहापारा तथा अफसर कालोनी में भी पानी भर की शिकायत मिली है। रविशंकर शुक्ल वार्ड के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी राजा तालाब का जलस्तर बढ़ने की जानकारी दी है।

बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावड़ियों के लिए नि:शुल्क ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था

रामानुजगंज/ नवप्रदेश। झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावड़ यात्रियों के निशुल्क रूकने एवं भोजन की व्यवस्था नगर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित मांगलिक भवन में कावरिया सेवा समिति के प्रमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल की उपस्थिति में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ। कांवरियों का पहला जत्था छत्तीसगढ़ के पेंड्रा एवं कोटा से पहुंचा था। कावड़ यात्रियों ने रामानुजगंज में रूकने एवं भोजन की बेहतर व्यवस्था साफसफाई की जमकर प्रशंसा की।

गौरतलब है कि शुक्रवार से श्रावण मास प्रारंभ होने वाला है उसके पूर्व से ही श्रद्धालुओं के जत्था का बाबा बैजनाथ धाम जाने

का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के कावड़ यात्री भी इसी रास्ते से झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाते हैं। विगत कुछ वर्षों से नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के मार्गदर्शन और नेतृत्व में कांवरिया सेवा समिति के माध्यम से नगर में कावड़ यात्रियो के रूकने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था प्रारंभ की गई। मांगलिक भवन को कावड़ यात्रियों के रूकने एवं भोजन की व्यवस्था के पूर्व साफ सुथरा एवं सुसज्जित किया गया है जो पूरे सावन मास में 24 घंटे कावड़ यात्रियों के लिए खुला रहेगा। मंगलवार की देर शाम पुजारी विनय पांडे के द्वारा विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भोजन सेवा का शुभारंभ कराया गया। यह निशुल्क सेवा पूरे श्रावण मास यहां चलेगी।

कैसे पहुंचे मांगलिक भवन

अंबिकापुर से 110 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रामानुजगंज अंबिकापुर मुख्य मार्ग में रामानुजगंज के अग्रसेन चौक से 500 मीटर की दूरी पर मांगलिक भवन स्थित है। यहां पहुंचने का रास्ता बिल्कुल सीधा है। कांवरिया सेवा समिति के द्वारा भवन से 500 मीटर पहले से ही संकेतक लगा दिए गए हैं।

सेवा के लिए तत्पर पर रहता है पूरा रामानुजगंज

कांवरिया सेवा समिति के द्वारा निशुल्क भोजन एवं रुकने की व्यवस्था मांगलिक भवन में की गई है जहां सेवा करने के लिए नगरवासी 24 घंटे तत्पर रहते हैं यहां प्रतिदिन अलग-अलग समूह के लोग सेवा के लिए सुबह से ही जुट जाते हैं।

शिवनाथ नदी में फंसे 32 लोगों को एसडीआरएफ ने बचाया

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के ग्राम थनौद में आई बाढ़ के कारण शिवनाथ नदी के किनारे भारत माला प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहे 32 लोग अचानक फंस गए। जैसे ही इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को मिली, एसडीआरएफकी टीम तुरंत मौके के लिए रवाना हुई। जिला सेनानी नागेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस रेस्क्यू ऑपरेशन में सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। भारत माला परियोजना के तहत निर्माण कार्य के दौरान शिवनाथ नदी में अचानक जलस्तर बढ़ने से 32 लोग—जिनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल थे—एक ही स्थान पर फंस गए। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए दुर्ग कंट्रोल रूम से एसडीआरएफको अलर्ट किया गया।

नवप्रदेश
www.navpradesh.com
सकरी, गनियारी में
दैनिक नवप्रदेश की प्रति प्राप्त करने के लिए संपर्क करें -
रुद्र दत्त तिवारी
88899 69939
7747999724

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com